AV refers to the normal necessities of life and prosperity of the people at large while RV much bothered regarding higher strata of people in society, then AV the other strata of the society and hence the study of RV and AV would be providing full picture of the contemporary society of Vedic times. AV does not specialise much to participate in the sacrificial

discipline and its other complexities with which the other Vedas- RV,YV concern themselves very much.

2. Origin of the Atharvaveda :

The origin of the veda is not definitely known. However, tradition points out a few theories. Sāyaṇa and others say that Veda is the creation of Īśvara. If the existence of this is threatened Īśvara, the supreme, would reinstate protecting the same.

Another theory was that the Vedic mantras were a common floating mass. Bhagavan Veda Vyāsa compartmentalised it basing on the character of the vedic material. This division probably was based on, the character of verses viz. ṛcs, yajus, sāmans. Further those which contained magical character in principle, are grouped into *AV*.

AV became a veda with equal status with the other vedas, quite later. Even in the times of Vālmīki, and Kālidāsa, *AV* was not counted among 'trayīvidyā' or 'vedatrayī'. It, was assigned a separate status.

In *Mahābhārata*, however, *AV* received due reverence and Importance. Vedavyāsa taught the verses of Atharvan character to seer Sumantu who in turn taught to his pupils and the pupils spread the Veda in the world. A separate tradition of AV came into popularity. There came followers of that Veda. Compared to the number of followers of the other three vedas- RV, YV and SV, the following of the tradition of this Veda is limited.

The knowledge of Veda is exclusively termed as 'Vidyā' (Philosophy). In the same strain, the Atharva Vidyā implied magic and philosophical knowledge, thereby this Veda claimed a sizeable place in the field of Vedic Religion and Philosophy.

Contents of the AV

The rites, found in this veda are grouped into 'Śānti karmas', 'Puṣṭi Karmas' and 'Abhicāra Karmas'. In addition to these, there are other rites which pertain to the beneficial purposes of one's own and ruinous desires of the other. Looking through the sets of the Atharvanic verses of the available version of the AV in full, we realise its character to be unique, mainly, as it appears the purview of this veda extends to *abhicāra*, Medicine and optional rites to realise certain ends.

It is highly interesting, the activity of the AV is also linked up with the influence of various RV - deities. As a result, it is clear that stature of deities

did undergo change in the folds of AV.

AV shows out at many places that gods cure diseases and devils cause diseases. This marks out the work of gods and devils who vie with each other for success, a phenomenon developed in Brahmana stage of Vedic literature. In addition to the aim of providing 'Comfort' and 'Solace', to the sufferer, this veda vouchsafes to cater the other interests of human personality. These interests vary from individual to individual and as well state to state and region to region.

For example, the Pṛīthivī Sūkta (12.1-1-63) of the AV is a marvellous piece of poetry, wisdom, instruction and devotion. It infuses the sense of belongingness to mother earth, *putro' ham pṛithivyāḥ* since Earth as Mother strives endlessly to provide food and nourishment and comfort and happiness to her of spring living upon her. Tears of joy and sense of greatefulness outburst the moment the relevant lines of that poetry are read out and reflected upon. The sūkta on 'Kāla' (Time) is again a grand piece. It speaks; how the 'Time' influences the moods and activities of people upon the earth. The mantras relating to the domestic rituals like Upanayana, Vivāha etc. are so contentful in thought that we are just overpowered by awe and admiration.

The Priest of the AV

Each Veda is represented by a priest for all practical purposes. He would have assistants too. 'Hotṛ' is the priest of RV. Brahman is the priest of the AV. He represents this veda in a sacrifice. He does not quietly sit but would be joining in the utterance of the sacrificial formulas. His magical powers are transmitted through the utterances. He is the supervisor endowed with the knowledge of Magic. He guards and protects the sacrifice and helps for its uninterrupted completion. He drives off the evils and urges gods to bless. His permission is sought at certain places in respect of the progress of a sacrifice. Since AV is regarded as the earliest literary document on Medicine its priest is deemed to be aware of the Medicine. He knows diseases and their cure with suitable herbs whose administering goes with the Atharvanic rites and utterances of mantras. In fact, there is a thinking that the Brahman of the AV is the precursor for the concept, of 'Brahman', "The All-knowing" developed in the upanishadic literature. The rule being that 'Brahman' should be 'All knowledgeable' and also 'known for ability and good care' in order to recognise good and evil simultaneously.

Evil attacks stealthily. That has to be accordingly warded off and this implies good skill. Moreover, Brahman is a mediator. He effects cure. If he is impelled otherwise, he instills unhealth over enemies. Brahman priest holds a 'sensitive', powerful role' in the system of society as such.

V. The Brahman of the AV

Saṃhitās are compilations of mantras. The portions of the Samhitā texts are not tenable for easy comprehension and understanding. Aids (Help), therefore, are supplied to unravel the meaning of the mantras. Brāhmaṇas, Āraṇyakas etc. row upto untie the difficulty of understanding the veda mantras contextually. Brāhmaṇa is the earliest commentary of the respective Vedic verses like of any other veda. AV has a Brāhmaṇa text viz. *Gopatha Brāhmaṇa* (GB). Its help to know *AV* is remarkable. Its character is unique among the other Brāhmaṇas. *GB* exhorts the 'Atharva' as the highest religious lore (Brahma) and so calls *AV* as 'Brahmaveda'. It is true. AV contributes highest number of upanishads to vedic philosophy.

VI. Impressions of the AV

Impressions upon the *AV* are several. They are mixed cursorily to mention, some hold that *AV* is 'Sacred'. Another section consider's it not sacred. Moreover the ancient name of *AV* signifies *AV* to contain holy and unholy matter. Rather 'Atharvāṅgiras', the name of AV, represented holy magic (Atharvan) and unholy magic (Aṅgiras) i.e. in other words white magic and Black magic. The opinion in respect of the percentage of each of this element appears divided. The reasons, probably being the character of AV was being despised by 'Dharma granthas' (Law Books). AV looks more at causing diseases or health hazards to such people not favoured by *Yajamānas.* Prof. Macdowell has well accounted of this change in the tradition. It could be true since those who love to cause evil and unhappiness would be discouraged in the society. In a way, the harmony in the society would be imbalanced. The various 'abhicāras'threaten the security of helpless class. It is a disadvantage. However, the positive aspect of this veda attracts the attention of people. For quite some time, AV lost its place in the hearts of orthodox people who voted for sacrificial religion and self upliftment and self englightenment. No doubt each sacrifice has an element of magic. But in a sacrifice, it is authenticated there is only holy aim being carried out. '*Svargakāmo yajeta*' would indicate the purpose that any individual seeks in his life through sacrifice.

Upanishads give an impression that in respect of enriching vedic

religion and philosophy, AV lends a back bone (Support). AV is rather foundation to the rise of another Religion viz. 'Atharvanic Religion' of the veda. Atharvanic element is rather so 'all pervasive' that every bit of religious activity rises with that background only. If we were to talk in a language of later time, it is like in the epic *Rāmāyaṇa* wherein 'Rāma' the hero was 'All in all'. He was being supported by every other character figuring in the composition.

AV also talks of 'do s' and 'don'ts in a very effective manner, a message to elevate the human character and conduct and therefore scholars consider AV as nice source for *Kavi* and *Kāvya* concept alongwith which literary excellence also is derived from the verses of the *AV.* It would be clear further through the study of this Veda, that when the knowledge of this text when properly harnessed under the contact of Indian tradition and scienctific understanding, surely it infuses hope in mankind periodically. Thereby AV being under the state of Veda becomes substantiated. Everybody experiences that AV is a treasure house of many useful thoughts of practical interest. (See Bibliography 15). Actually many foreign scholars turned their attention with greater interest to tap the resources latent in the verses of the AV. AV in the hands of Prof. Whitney gained a nice analytical stature and which prompted many scholars to take up its study with rich hopes.

VII. Importance of AV

As has been discussed, the hymns of the AV are relevant to our contemporary times which has anxiety to make life safer, comfortable and at the same time quite enjoyable. The chief interest lies in its knowledge of Medicine. Ayurveda that lends hope for rejuvenation and extention of life upon this earth, takes its roots growth and inspiration from AV. For example, AV describes 'Takman' (fever) and this is most dreaded bodily condition. Fever, however, is a symptom of danger. Likewise '*Śirṣa vedanā*' (Headache). If these are basically controlled through *oṣadhi-vanaspatis,* the health could remain balanced. At 5-22-4 i.e. hymn against fever (takman), the fever is asked to go away to gandharvas, the mūjavants, the Aṅgas etc. This is a kind of practice of transference of the diseases to the enemies who are not liked by a devotee.

Agni is appeased. He is recognised as a deity who would ward off fever. This is in consonance with the dictum: '*uṣṇama uṣṇena śamayati*'. Frog is described to play an important part in the magical remedy against fever.

Another dreaded disease is Yakshman (Consumption) which affects the various parts of the body. Removal of 'Yakshman-attack' is seriously attempted in *AV*. This Veda points out the cause of the disease (Yakshman) is due to excessive sexual intercourse also. In this manner, it is possible to list out various diseases, causes and cures from the portions of AV and therefore in this regard the importance of AV is undeniable. With the help of magical charms of the AV immediate relief could be procured. For example one of the charms was used to quieten the inflammation of Kidney (*vṛkka*).

There are many other technical topics that would emphasize the importance of *AV* even at this present age.

VIII. Arrangement of the Atharvaveda

This saṃhitā contains twenty kāṇḍas. Each kāṇḍa is divided into sūktas and each sūkta further into a number of verses and the number of verses, however, is not constant. RV too is known for similar modern division. Mantras of the Veda in general bear independent character, so even when the mantra is stripped away, it still fits in another context suitably. But in case of AV, it seems slightly difficult.

IX . Role of Atharvaveda

There is a notion that AV is useless. Probably so because of its non-participation in the '*Sreśṭhatama Karma*' viz. sacrifice. However, for an academic enquiry, AV is a veritable ground for knowledge. Its contribution to knowledge and experience is noteworthy. It is primary source book for Āyurveda. Gods are the erstwhile physicians and surgeons. That faculty is practised by people on land. Sage Atharvan is the father of physicians. He fashioned amulets to cure patients of malady.

AV is also a source book for 'Dhanurveda', knowledge of archery. It gives means how best enemies could be over-thrown not necessarily always through wars. This veda lends a hope that not with much physical effort, the enemies could be conquered. *AV* forms a chapter for the warfare of Ancient India. *AV* verses contain references to various wants and desires. It is a sure help to accomplish them.

Indra, Agni etc. are brought down of their stature. It has become easy to appease them and derive help from them. they are commended to attend to even the trivial needs of worshippers and therefore the *AV* became significant. Religion becomes attractive when some extra

conveniences are shown to worshippers. For example: the tough Indra, the war hero of *RV* (vṛtrahā) is asked to do a very simple favour changing the mind of a woman liked by a devotee. The deeds of gods in AV are not always heroic and they are at the service of the worshippers.

The treatment of diseases is suggested in *AV*. It is often through rough method. Knowledge of Anatomy is quite substantial (2.32.1-7) . Surgeons attended the post-mortem examinations of human body (Vide Dr. N.J.Shende : *Religion and Philosophy of AV*).

Oṣadhi Vanasapatis are well identified to the effect that they are employed rightly for the illnesses. The Yajamāna is also selfish. He is capable of transferring deseases to people whom he hates and who hate him (*Yo'smān dveṣṭi yam ca vayaṃ dviṣmaḥ*). All such practices, however, added to the insanity, from the view of orthodoxy of contemporary times.

There are many fields to which *AV* claims its own degree of contribution. Therefore, though sacrificially this was not commended, still from modern viewpoint *AV* should be subjected to fair study and interpretation.

X. Conclusion :

The following observations, to sum up would be rewarding.

1. AV which popularly takes its name after its seer Atharvan has multifaceted personality. Its utility is rewarding in case a systematic study of the verses and their application is done. The traditional background to see through the secrets of this Veda would be rewarding.

2. It would be realised that the times of AV would not be much different from the contemporary times because the subject matter/verses forms a part of literature that reflected social conditions.

   The maintainance of body and life here is rather the same to people at all times. The modern times imply, however, raise in the standards of living.

3. The *AV* and its interpretation remained a problem because of interpretation of *mantra-tantra* contents of this veda. Through thinking and discussion the secrets and true meaning of the verses of this veda are unravelled gradually. Moreover what text of *AV* we have, now is negligible compared to the portions of text that we lost. Paippalāda version discovered of late and it gave scope of comparison

of texts and enhancement of knowledge.

4. It could be realised that AV in particular looked to the health, security and longevity of the people upon the planet. *AV* at one place said '*Samudra āyuṣman, Samudra iva āyuṣmān ahaṃ bhūyāsam*'. Also it said 'jarām gaccha' implying a sense that having born one should live upto old age to which ordinance, AV lends clues and measures.

5. It has direct appeal and utility to the suffering section of the humanity on one hand, and on the other to the intellectual who is going to unravel the wonders of nature.

6. The role of this Veda is yet stronger because the verses of the veda simply do not promote the dictum: "Pūrvajanma kṛtaṃ Pāpam, Vyādhirūpeṇa bādhate". It analyses enough and meted out cure and redress to them either through an optional rite or magical charm or administering of *oṣadhis* followed with the utterance of relevant charms.

7. Medicine, Dhanurveda and *Dharma sangati* and *Kāvya guṇatva* etc. formed the contents of the AV. As a result, the mantras do not look estranged from the contemporary needs and situations and problems and solutions.

8. Therefore, undoubtedly if attention paid unto the study of this veda it would be highly productive. Current endeavour to unravel the utilities of this Veda would be of significance to human happiness and world peace.

BIBLIOGRAPHY

* Paper presented at international conference on Atharvaveda at Newyork

1. The Religion and Philosophy of the Atharvaveda, Dr. N.J.Shende, BORI Poona 1952.
2. The Foundation of Atharvanic Religon, Dr. N.J. Shende, Poona, 1954.
3. The Atharvaveda and the Ayurveda, Dr. V.W.Karambelkar, Nagpur 1961.
4. Pṛithivī Sūkta of the Atharvaveda, Dr. C.L. Prabhakar, QJMS, 1987 and SP, AIOC, 1986.
5. The little and the Great Traditions in the Atharvaveda. Dr. Sukumari SP AIOC 1988.
6. Magical aspects of Repetition - RV & AV – Nilanjana Sikdar Datta (SP AIOC 1986).
7. Magic, Miracle and Superstition in India. Chadam Chakravarti SP AIOC 1986
8. Physicians of the Vedic Age, Prof. V.K. Verma, SP AIOC 1982.

9. The Importance and significance of the Welcome and Hospitality of the Guest in the light of Atharvaveda. Rajakumari Kubba SP AIOC, 1986.

10. The Skeleton Burial-A remotest mode in the Disposal of dead as evidenced in Satapatha Brahmana. Pranadasankar Chakravarti, SP, AIOC 1986. The Author here refers to AV portion relevant to deed of Burial. We derive that Eschatology also is a cherished matter in AV.

11. The contents of the Atharvaveda Dr. C.L.Prabhakar, QJMS Bangalore 1982.

12. The position of the GB among different schools of the AV. DN Adhikari, Calcutta, SPAIOC 1993.

13. Vedic concept of Nationalism in modern perspective. Yveshv Verman. SP AIOC 1985. Here he enlists certain point to stress the concept of 'Rāshtrīyatā' in veda.

14. Kavi and Kāvya in AV. Dr. N.J. Shende, Poona 1969.

15. AV 101.1, there is a charm wherein the bad dream's evil effect is removed.



THE DATE OF BHĀSKARĀCHĀRYA

Upendra Nath Roy
Matelli

A Riddle

Albrecht Weber, writing in 1852 A.D., was baffled enough to observe the following about the date of Bhāskarāchārya "According to his own account, he was born in Saka 1036 (A.D. 1114) and completed the *Siddhānta - Siromaṇi* Sake 1072 (A.D. 1150).......... But Alberuni, who wrote in A.D. 1031 (that is, 83 years before Bhaskara's birth), not merely mentions him, but places his work - here called *Karṇasāra* - 132 years earlier, namely in A.D. 899 ; so that there is a discrepancy of 284 years between the two accounts. I confess my inability to solve the riddle."[1]

It happened before the English translation of Alberuni's work appeared in 1910. The translation showed that the true reading was not Bhāskara, but Vittesvara. According to Satya Shrava, the author intended by Alberuni was Vaṭeśvara, whose work remains "unnoticed in a single fragmentary manuscript deposited in Punjab University Library" and who "gives his date Sakendrakāla 702 (780 A.D.)".[2]

That does not solve the riddle as the date 780 A.D. given by Satyashrava does not tally with the 899 A.D. mentioned by Alberuni. Secondly, Alberuni cites Utpala as well as Bhāskara. Thirdly, Utpala quotes Bhāskara by name and the two verses quoted by him are found in the *Siddhānta - Śiromaṇi* of Bhāskara.[3]

The solution of the riddle according to Paṇḍita Saya Shava lies in the assumption that some earlier era than that of 78 A.D. was meant by Bhāskarāchārya,[4] when he wrote the following –

रसगुणपूर्णमही 1036 समशक नृपसमयेऽ भवन्ममोत्पत्तिः।
रसगुणवर्षेण 36 मया सिद्धान्तशिरोमणी रचितः।।[5]

---

1. A. Weber, History of Indian Literature, popular edition, 1914, pp. 261 - 262
2. E.C. Sachau, Alberuni's India, Vol. I, 1852 A.D., P. 156.
3. Satya Shrava, The Sakas In India, Delhi, 1981, P.57
4. Do, P.57
5. Siddhānta - Siromaṇi (Golādhyāya), Khemraj Shri-Krishnadas, Bombay, 1937, P. 121.

Karanasara

First of all, we have to observe that Bhāskarāchārya was not the author of *Karṇasāra* or *Karaṇasāra* (to spell it correctly). Bhāskarāchārya wrote a work called *Karaṇa - Kutūhala* in Śaka 1105.[6] Obviously Alberuni could not refer to it. As for the work of Vaṭeśvara, its date is Different. So we have to conclude that Vittesvara son of Bhīdatta or Dhīdhatta is meant who wrote his work in Saka 821 (that is, 899 A.D.)[7]. That solves the riddle to the extent Alberuni is involved with the particular date 899 A.D.

Several Śakakālas

There can be no gainsaying the fact there were at least two eras connected with the Śakas. The era of 78 A.D. marks the end of their rule in India while the other was used in their coins and inscriptions. We are still in dark as to when the former era began. Moreover, we have evidence to suggest that the very word Śaka was used by people for eras founded by several rulers and had become synonymous with the word 'era'. Thus, Bhaṭṭa Utpala in the commentary of Varāha Mihira's work, *Bṛhajjātaka*, quotes a verse from a work of a Yavana king and astronomer Sphujidhvaja which records the year 1044 of some era :[8]

गतेन साभ्यर्धशतेन युक्ताप्यङ्केन केषां न गताब्दसंख्या।

कलाः शका - 1044 - नां सविशोध्य तस्मादतीतवर्षाद्युगवर्षजातम्।।

Utpala volunteers the information that Sphujidhvaja was later than the Śaka - Kāla which may mean either the era of 57 B.C. or 78 A.D. If so, the era recorded by him must have started not later than 1101 B.C. or 966 B.C. as the case may be.

Similarly, A.B. Kieth quotes a reference from a Nepalese manuscript of a Yavana Jataka to the effect that Sphujiddhvaja brought out his work in the year 191 of an unspecified era.[9] Were that the era of 54 B.C., it would place him in the second century A.D. Were it the era of 78 A.D., it would place him in the third century A.D. But the era of the Yavana Jātaka may be some other one as well.

---

6. S.B. Diksita, Bhāratīya Jyotiṣa, Lucknow, 1975, P. 347
7. Do, P. 316
8. Bṛhajjatakam (editd. by K. Joshi), Motilal Banarasidas, Delhi, 1985, P. 150
9. Satya Shravạ, The Sakas in India, P. 55.

Epigraphical Evidence

Under the circumstances, the use of some other earlier Śaka era by Bhāskarāchārya appears logically possible. But Satya Shrava himself is aware of a difficulty. He quotes the following from *Siddhānta Śiromaṇi* :

गतोब्ध यन्द्रिनन्दै 974 मिते शाककाले तिथीशै - 1115 भर्विष्य-त्यथाङ्गाक्षसूर्यैः

and remarks – "if this reading is corect, the year 974 Saka having expired will show that Bhāskara was later than 974 Saka."[10]

That is not the only difficulty. Epigraphical evidence supported by his own statement about his family etc. leaves no doubt about his date. An inscription discovered from a Bhavani temple of Patana informs that Bhāskarāchārya's grandson, Changadeva was the astronomer of the Yadava King Singhana, the ruler of Devagiri from Saka 1132 - 1159. Changadeva had founded an institition at Pāṭana for teaching the writings of Bhāskarāchārya and other scholars of his family. The verses 17 - 23 record the names of the fore-fathers of Changadeva. According to this inscription, the family belonged to the Śāṇḍilya gotra. Trivikram, his son Bhāskara and grandson Govinda were the predecessors who were followed by Prabhākara, Manoratha, Maheśvar, Bhāskara, Lakṣmīdhar and Changadeva successively.[11]

There is another inscription discovered from a temple of Saraja Devi. Both the temple and the inscription belong to Anantadeva, a descendant of another branch of the family who built the temple in Saka 1144. The first two names Manoratha and Maheshvar occur in that inscription too.[12] Moreover, these inscriptions agree with what Bhāskarāchārya himself says about his family, namely, (1) that he belonged to the Śāṇḍilya gotra, (2) his father's name was Maheshvar, (3) he was the dweller of the village Vijjaḍviḍa near the Sahyādri.[13]

Now, Bhāskara, the son of trivikram held the position of Vidyāpati at the court of Bhojarāja, the author of Rājamṛgāṅka, a work dated 964. Jaitrapāla, the patron of Laksmidhara was the ruler of Devagiri from 1113 to 1132 Śaka. Singhana, the patron of Changadeva ruled from 1132 to 1169 Saka. These dates given in the era of 78 A.D. are beyond dispute and

10. Do, P. 56

11. S.B. Diksita, Bhāratīya Jyotiṣa, P. 341 - 342

12. Do, P. 342

13. Siddhānta - Siromaṇi (Golādhyāya), P. 121

leave no room for the assumption that Bhāskarāchārya used some other era.

Solution

Now, if Bhāskarāchārya did not use some other era, how can we solve the riddle? Utpala quotes verses from Bhāskara's work but the work mentioned is not the *Siddhānta - Śiromaṇi.* It is called the *Bhāskar - Siddhānta* (तथा च भास्करसिद्धान्ते).[14] Is it reasonable to hold that UTPALA did not know, or could not spell correctly the name of the work, he was quoting from ? I do not think so. So we have to admit that Utpala was quoting a different and earlier work by a different and earlier author. That earlier work was evidently called *Bhāskara - Siddhānta* and the earlier author was none but the son of Trivikrama called Bhāskarabhaṭṭa. If those verses are found in the *Siddhanta Śiromaṇi*, we need not hesitate to declare Bhāskarachārya the borrower.



14. Bṛhajjatakam, P. 2

पंचाल के प्रमुख धर्मशास्त्रकार

डॉ० प्रणव देव
फालना (राज०)

आर्यावर्त के राजनैतिक एवं सांस्कृतिक समुत्कर्ष प्राप्त समृद्ध राज्यों में, पंचाल की हृदयवत् अवस्थिति अत्यन्त गौरवशालिनी रही है। जहाँ अनेक यशस्वी राजाओं ने राजशासन के साथ ही साहित्य, कला, संस्कृति का सम्पोषण एवं संवर्धन किया, पंचाल प्रदेश ने अपने जिन अनेक उत्कृष्ट उपादानों से महिमा मण्डित होकर भारतीय संस्कृति को रेखांकित किया, उनमें धर्मशास्त्र-साहित्य के क्षेत्र में भी पंचाल के यशस्वी धर्मशास्त्रकारों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। यहाँ पंचाल के प्रमुख धर्मशास्त्रकारों एवं उनकी प्रसिद्ध कृतियों के प्रत्यभिज्ञान के माध्यम से पंचाल का धर्मशास्त्र साहित्य के क्षेत्र में योगदान रेखांकित किया गया है।

डॉ० कपिल देव द्विवेदी के मतानुसार[१] आधुनिक मानचित्र में बिजनौर, बदायूँ, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, पीलीभीत (आधा भाग), एटा, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर जिले के अधिकांश भू-भाग से पंचाल क्षेत्र को प्रदर्शित किया जा सकता है, जिसमें अधिकांश रुहेलखण्ड क्षेत्र सम्मिलित है। पाली साहित्य में उपलब्ध पंचाल राष्ट्र के उल्लेख की सीमा का निर्धारण भी उक्त मान्यता से पर्याप्त मेल खाता है।

पं० लक्ष्मीधर भट्ट

स्वयं को ''विविध विद्याविचार वाचस्पति'' कहने वाले गाहड़वाल कन्नौज नरेश गोविन्दचन्द्र (लगभग १११४-११५४ ई०) के दरबार में अनेक विद्वान् रहते थे। गोविन्द चन्द्र के समय कन्नौज का उत्कृष्ट राजदरबार हर्षवर्धन और महेन्द्रपाल प्रतिहार के समय की ही तरह पुनः एक बार विद्या, संस्कृति, कला और साहित्यिक क्रिया-कलापों का केन्द्र हो गया था। गोविन्द चन्द्र की सफलताओं का श्रेय उसके महासान्धिविग्रहिक, न्यायाधीश, पं० लक्ष्मीधर भट्ट को दिया जाना चाहिए, जिसकी 'मन्त्र-महिमा के आश्चर्य' से ही वे संभव बतायी गयी हैं।[२] पं० लक्ष्मीधर भट्ट ने अपना ''कृत्यकल्पतरु'' नामक धर्मशास्त्रीय ग्रन्थ कन्नौज नरेश गोविन्द चन्द्र के आग्रह पर (महाराजाधिराजश्रीगोविन्दचन्द्रदेवेनादिष्टेन श्रीलक्ष्मीधरभट्टेन विरचितम्) लिखा। 'कृत्यकल्पतरु' ने मिथिला, बंगाल एवं सामान्यतः सम्पूर्ण उत्तर भारत को प्रभावित कर रखा था।[३] यह ग्रन्थ कई

---

१. डॉ० कपिल देव द्विवेदी, पंचाल का इतिहास एवं संस्कृति, परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली, १९९५, पृ० ११

२. राज्ञा मूर्द्धनि यत्पादं व्यरचद् गोविन्दचन्द्रनृपः।
तत्सर्वं खलु यस्य मन्त्रमहिमाश्चर्यं सः लक्ष्मीधरः।।
कृत्य०, दानकाण्ड, भूमिका, पृ० ५१ (गायकवाड ओरियण्टल सीरीज)

३. पी० वी० काणे, धर्मशास्त्र का इतिहास, प्रथम भाग, अनुवादक श्री अर्जुन चौबे काश्यप, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ पृष्ठ सं० ७७

काण्डों अथवा कल्पतरुओं में विभाजित था, तथापि इसमें धर्मशास्त्र सम्बन्धी सभी विषयों पर प्रकाश डाला गया है। महामहोपाध्याय डॉ० पी० वी० काणे के अनुसार ''कृत्यकल्पतरु'' विद्वत्ता, सम्पादन एवं व्याख्या में 'मिताक्षरा' से अधिक अच्छा है।[४] इसमें धर्म, परिभाषा, संस्कार, आचमन, शौच, संध्याविधि, अग्निकार्य, इन्द्रिय-निग्रह, आश्रम व्यवस्था, गृहस्थ धर्म, विवाह-भेद, आपद्वृत्ति, कृषि प्रतिग्रह, व्यवहार-निरूपण, सभा, भाषा, क्रियादान, ऋणदान विधि, स्तेय, स्त्री-पुरुष योग, तीर्थ, राजधर्म, मोक्ष धर्म आदि विषयों का विवेचन किया गया है। 'कृत्यकल्पतरु' का राजधर्म काण्ड प्रकाशित हो चुका है, जिसमें राजशास्त्र विषयक तथ्य प्रस्तुत किये गये हैं। यह काण्ड २१ अध्यायों में विभक्त है। पहले १२ अध्यायों में राज्य के सात अंग वर्णित हैं। १३वें तथा १४वें अध्याय में षाड्गुण्यनीति व शेष सात अध्यायों में राज्य के कल्याण के लिए किये गये उत्सवों, पूजा कृत्यों तथा विविध पद्धतियों का वर्णन है।[५] राजधर्म काण्ड के २१ अध्यायों के विषय इस प्रकार हैं– राजप्रशंसा, अभिषेक, राजगुण, अमात्य, दुर्ग, वास्तु कर्म-विधि, संग्रहण, कोश, दण्ड, मित्र, राजपुत्र-रक्षा मन्त्र, षाड्गुण्य-मन्त्र, यात्रा, अभिषिक्त कृत्यानि, देवयात्राविधि, कौमुदी महोत्सव, इन्द्रध्वजोच्छ्राय-विधि, महानवमी-पूजा, चिह्न विधि, गवोत्सर्ग तथा वसोर्धारा इत्यादि।

'कृत्यकल्पतरु' में विशेषतः स्मृतिकारों, महाकाव्यों एवं पुराणों के ही उद्धरण आये हैं। व्यवहार काण्ड में मेधातिथि, शंखलिखित के भाष्य, प्रकाश, विज्ञानेश्वर, हलायुध एवं कामधेनु निबन्धों के उद्धरण भी हैं।

कालान्तर में 'कल्पतरु' की बड़ी प्रसिद्धि हुई। बंगाल के सभी लेखकों यथा अनिरुद्ध (कर्मोपदेशनी ११६० ई० में लिखित), बल्लालसेन, शूलपाणि, रघुनन्दन ने 'कृत्यकल्पतरु' की चर्चायें की हैं, और इसके लेखक पं० लक्ष्मीधर भट्ट को आदर की दृष्टि से देखा है। मिथिला में वे बंगाल से कहीं अधिक प्रसिद्ध थे। 'चण्डेश्वर' ने अपने 'विवाद रत्नाकर' में 'कृत्यकल्पतरु' के शब्दों एवं भावनाओं को सैकड़ों बार उद्धृत किया है। 'हरिनाथ' ने अपने 'स्मृतिसार' में, और 'श्रीदत्त' ने अपने 'आचारादर्श' में 'कृत्यकल्पतरु' को बहुत बार उद्धृत किया है। दक्षिण एवं पश्चिम भारत में भी पं० लक्ष्मीधर का प्रभूत प्रभाव था। 'हेमाद्रि' एवं 'सरस्वती विलास' ने आदर के साथ 'कल्पतरु' का उल्लेख किया है। यहाँ तक कि लक्ष्मीधर को उन्होंने भगवान् की उपाधि दे डाली है। जब अन्य संक्षिप्त निबन्धों का प्रणयन हो गया, तभी धर्मशास्त्र का यह महान् ग्रन्थ अन्धकार में छिप गया, तथापि दत्तक मीमांसा, 'वीरमित्रोदय' तथा टोडरानन्द ने इस महान् ग्रन्थ की चर्चा की है।

पं० नीलकण्ठ भट्ट

पं० नीलकण्ठ भट्ट चर्मण्वती-यमुना के संगम स्थान पर, जो कि आधुनिक इटावा जिले के 'भरेह' नामक स्थान पर है श्रृंगवंशीय (सेंगर वंशीय) राजा ''भगवन्त देव'' के दरबार में रहते थे।[६]

---

४. उपरिवत्

५. **संस्कृत वाङ्मय कोश**, द्वितीय खण्ड, पृ० ८०, सम्पादक डॉ० श्रीधर भास्कर वर्णेकर, भारतीय भाषा परिषद, कलकत्ता १९८८, प्रथम खण्ड, पृ० ४३४

६. चर्मण्वती तरणिजा शुभसंगमस्य, सानिध्यभाजि कृतशालिनि मध्यदेशे। ख्याता भरेहनगरी किल तत्र राजा, राजीवलोचनरतो भगवन्तदेवः।। पं० नीलकण्ठ भट्ट कृत 'भगवन्त भास्कर' (चौखम्बा संस्करण) १/१

भरेह इटावा जनपद में पांचाली संस्कृति के प्रमुख केन्द्रों में से एक रहा है। इसका वर्णन विभिन्न इतिहासकारों ने किया है।[७] उनका रचनाकाल सन् १६१०-१६४५ ई० के मध्य निर्धारित किया जा सकता है। नीलकण्ठ, नारायण भट्ट के पौत्र एवं शंकर भट्ट के पुत्र थे। पं० शंकर भट्ट एक उद्‌भट मीमांसक थे। उन्होंने मीमांसा पर 'शास्त्रदीपिका', 'विधिरसायनदूषण', ''मीमांसाबालप्रकाश' नामक ग्रन्थ लिखे हैं। उन्होंने 'द्वैतनिर्णय', 'धर्म प्रकाश' या 'सर्वधर्मप्रकाश' नामक ग्रन्थ धर्मशास्त्र पर लिखे हैं।[८] पं० नीलकण्ठ भट्ट का ''भगवन्त भास्कर'' नामक ग्रन्थ बारह मयूखों (प्रकरणों) में विभक्त है, यथा– संस्कार, आचार, काल, श्राद्ध, व्यवहार, दान, उत्सर्ग, प्रतिष्ठा, प्रायश्चित, शुद्धि एवं शान्ति आदि। नीलकण्ठ भट्ट ने व्यवहार मयूख का एक संक्षिप्त संस्करण भी ''व्यवहार तत्त्व'' के नाम से प्रकाशित किया।[९]

पं० नीलकण्ठ भट्ट धर्मशास्त्र के क्षेत्र में प्रसिद्ध आचार्यों एवं रचनाकारों में गिने जाते हैं। वे मीमांसकों के कुल के थे। अतः धर्मशास्त्र में मीमांसा के नियमों के प्रयोगों में वे बड़े ही सिद्धहस्त थे। लेखन शैली, माधुर्य, विद्वत्ता एवं स्मृतियों के ज्ञान में वे मध्यकालीन धर्मशास्त्रकारों में सर्वश्रेष्ठ थे। यद्यपि उन्होंने विज्ञानेश्वर, हेमाद्रि आदि की प्रशंसा की है, किन्तु वे किसी का अन्धानुकरण करते दिखाई नहीं पड़ते। पश्चिमी भारत के कानून में उनका 'व्यवहार मयूख' प्रामाणिक ग्रन्थ माना जाता है।

पं० नीलकण्ठ भट्ट के चचेरे भाई कमलाकर भट्ट का उल्लेख भी समीचीन होगा। कमलाकर भट्ट, नारायण भट्ट के पौत्र व रामकृष्ण भट्ट के पुत्र थे। उनका रचनाकाल भी १६१०-१६४० ई० के बीच माना जा सकता है। वे तर्क, न्याय, व्याकरण, मीमांसा (कुमारिल एवं प्रभाकर की दोनों शाखाओं में), वेदान्त, साहित्य शास्त्र, धर्मशास्त्र एवं वैदिक यज्ञों के मर्मज्ञ थे। उनके 'विवादताण्डव' में यह उल्लिखित है कि उन्होंने कुमारिलकृत मीमांसा (शास्त्रतत्त्व) के वार्तिक पर 'निर्णयसिन्धु' नामक एक भाष्य लिखा। इसके अतिरिक्त उन्होंने २० पुस्तकें लिखी। कहीं-कहीं उनके २२ ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है। इनमें लगभग आधी पुस्तकों का सम्बन्ध धर्मशास्त्र सम्बन्धी साहित्य से है। यथा– 'निर्णयसिन्धु', 'दान कमलाकर', 'शान्तिरत्न', 'पूर्वकमलाकर', 'व्रतकमलाकर', 'प्रायश्चित रत्न', 'विवाद ताण्डव', 'गोत्र प्रवरदर्पण', 'कर्मविपाकरत्न', 'शूद्र कमलाकर', 'सर्वतीर्थ विधि'। इनमें शूद्रकमलाकर, विवाद ताण्डव एवं निर्णयसिन्धु अति प्रसिद्ध रहे हैं। पं० नीलकण्ठ भट्ट व मित्रमिश्र को छोड़कर अन्य किसी धर्मशास्त्रकार ने इतने ग्रन्थ एवं ग्रन्थकारों का उल्लेख नहीं किया है। आश्चर्य है कि कमलाकर ने इतने ग्रन्थ कैसे एकत्र किये और पढ़े? उन्होंने लगभग १०० स्मृतियों तथा ३०० से अधिक निबन्धकारों का उल्लेख किया है।

पंचाल के इन यशस्वी धर्मशास्त्रकारों के अतिरिक्त एक अन्य धर्मशास्त्रकार 'हरिदत्त' अथवा

---

७. डॉ० कपिल देव द्विवेदी, पूर्वोक्त, पृ० ३७, डा० आर० के० पाल, साउथ पंचाल, डॉ० श्रीनिवास वर्मा शास्त्री, पंचाल का इतिहास (आदि से मध्यकाल तक) अप्रकाशित शोध प्रबन्ध, आगरा वि० वि०, प्रणव देव ''इटावा जनपद में पांचाली संस्कृति के केन्द्र'', पंचाल शोध पत्रिका अंक ६, १९९३ पृ० ६७ प्रणव देव, पूर्वोक्त, आचार्यश्री अभिनन्दन ग्रन्थ, नाग प्रकाशक, दिल्ली, १९९९, पृ० २१८

८. पी० वी० काणे, पूर्वोक्त पृ० ९३

९. पूर्वोक्त।

हरदत्त पर भी विचार करना समीचीन होगा। यद्यपि डॉ० पी० वी० काणे[10], मित्रमिश्र (वीरमित्रोदय), देवण्णभट्ट (स्मृतिचन्द्रिका) ने हरदत्त को दक्षिण भारतीय माना है, लेकिन कुदरकोट अभिलेख में श्री हर्ष से समुत्कर्ष प्राप्त हरदत्त नाम के यशस्वी विद्वान् सामन्त का उल्लेख है।[11] इस पुरातात्त्विक साक्ष्य के आलोक में धर्मशास्त्रकार हरदत्त का समीकरण 'कुदरकोट अभिलेख' में वर्णित हरदत्त से किया जा सकता है। डॉ० पी० वी० काणे द्वारा निर्दिष्ट हरदत्त का समय एवं कुदरकोट अभिलेख में वर्णित हरदत्त के समय के लिए डॉ० ए० एल० श्रीवास्तव द्वारा इंगित समय भी एक है। संभव है, हरदत्त की जन्मस्थली दक्षिण भारत ही रही हो, लेकिन उन्होंने अपनी कर्मस्थली के रूप में पंचाल की गौरवशाली भूमि को चुना हो। हरदत्त ने कई व्याख्यायें लिखीं, जिनमें प्रमुख हैं– **आपस्तम्बगृह्यसूत्र** पर अनाकुला नामक, **आपस्तम्बीय मन्त्रपाठ** पर भाष्य, **आश्वलायनगृह्यसूत्र** पर अनाविला नामक, **गौतमधर्मसूत्र** पर 'मिताक्षरा' नामक, **आपस्तम्ब- धर्मसूत्र** पर 'उज्ज्वला' नामक व्याख्या। इनकी ये व्याख्यायें आदर्श भाष्य मानी जाती हैं।

सारांश रूप में कहा जा सकता है कि हिन्दू धर्मशास्त्र साहित्य, जिन अक्षुण्ण ग्रन्थों के माध्यम से अपने अमूल्य कोश को आदि काल से अद्यतन, गतिमान करते हुए सांस्कृतिक, धार्मिक एवं जीवन विधिक नियमों को संजोये है, उनमें पञ्चाल प्रदेश के इन यशस्वी धर्मशास्त्रकारों का अपूर्व योगदान रहा है। इनकी व्याख्याओं एवं टीकाओं के समुचित अध्ययन से विविध क्षेत्रों में पर्याप्त प्रगति हुई। पंचाल क्षेत्र के ये सभी धर्मशास्त्रकार विश्ववन्द्य हैं।

---

१०. **पूर्वोक्त, पृ० ८२**

११. **प्रणव देव ''कुदरकोट अभिलेख एक दृष्टि'', पंचाल शोध पत्रिका, खण्ड ७, १९९४।**

कालिदास की तिथि : ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी

डा० ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव
प्रयाग

कालिदास की तिथि के निर्धारण में विद्वानों ने सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकार के साक्ष्यों का उपयोग कर विभिन्न मतों का प्रतिपादन किया है। इस शोध पत्र में मैं उनके मतों का विवेचन न करके उन तथ्यों की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ जो सर्वथा नवीन और मुख्य रूप से पुरातात्त्विक हैं। इनके आधार पर कालिदास को ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी में सरलतापूर्वक रखा जा सकता है।

कालिदास ने मेघदूत में रामगिरि से अलकापुरी के मार्ग में पड़ने वाले नदियों, पर्वतों एवं स्थलों के वर्णन-क्रम में विदिशा को समस्त दिशाओं में प्रसिद्ध एवं दशार्ण की राजधानी बताया है[1]

- - - - - - - - - - दशार्णाः।

तेषां दिक्षु प्रथितविदिशालक्षणां राजधानीं।

उल्लेखनीय है कि **मेघदूत** में भूतकाल की घटना का वर्णन न होकर कालिदास के जीवन-काल का वर्णन है। इससे स्पष्ट है कि मेघ को संदेश देते समय अर्थात् कवि के जीवन-काल में विदिशा दशार्ण की राजधानी थी। विदिशा का राजधानी होना एक ऐतिहासिक तथ्य है। अतः कालिदास की तिथि के निर्धारण में यह एक महत्त्वपूर्ण बिन्दु है।

जहाँ तक विदिशा के राजधानी होने की बात है, इसकी पुष्टि कालिदास के ही **मालविकाग्निमित्र** नाटक से भी होती है जिसमें कहा गया है कि सेनापति पुष्यमित्र का पुत्र अग्निमित्र विदिशा का शासक था।[2] यह घटना ईसापूर्व द्वितीय शताब्दी की है। अर्थात् ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी में विदिशा दशार्ण की राजधानी थी। इस प्रकार कालिदास का समय ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी निर्धारित होता है।

कालिदास ने **मालविकाग्निमित्र** नाटक में विदर्भराज को ''अचिराधिष्ठित'' तथा उसकी स्थिति 'नवसंरोपणशिथिलस्तरु' की तरह बताकर तत्कालीन राजनीति का अत्यन्त बारीकी के साथ आँखों देखा जैसा विवरण प्रस्तुत किया है। इस तरह का वर्णन एक समकालीन कवि ही कर सकता है। उल्लेखनीय है कि **मालविकाग्निमित्र** में वर्णित घटनाओं की जानकारी अन्य किसी भी ग्रन्थ में प्राप्त नहीं होती। अतः कालिदास को अग्निमित्र के काल से अलग नहीं किया जा सकता।

इस ग्रन्थ में कालिदास ने लिखा है कि माधवसेन को छोड़ने के बदले में विदर्भराज द्वारा अपने

---

१. मेघदूत १/२५-२६
२. स्वस्ति। यज्ञशरणात्सेनापतिः पुष्यमित्रो वैदिशस्थं पुत्रमायुष्मन्तमग्निमित्रम्। **मालविकाग्निमित्र**, पंचम अंक

साले मौर्य सचिव को छोड़े जाने की शर्त[३] रखने पर अग्निमित्र द्वारा वीरसेन को भेजकर माधवसेन को मुक्त करा लिया गया[४] तथा यज्ञसेन और माधवसेन के लिए विदर्भ को दो भागों में विभक्त कर दिया गया[५]। इस प्रकार विदर्भ की राजनीति विदिशा से ही नियंत्रित की गयी जिसके कारण अग्निमित्र के काल में विदिशा समस्त दिशाओं में प्रसिद्ध हो गयी। इसकी पुष्टि मेघदूत से भी होती है जिसमें स्पष्ट रूप से विदिशा को दिशाओं में प्रसिद्ध एवं दशार्ण की राजधानी बताया गया है। कालिदास ने इस तथ्य का वर्णन वर्तमान काल में करके यह सिद्ध कर दिया है कि वे अग्निमित्र के शासन काल में विद्यमान थे।

उल्लेखनीय है कि अग्निमित्र के बाद विदिशा की यह स्थिति नहीं रह गयी। भागभद्र के शासनकाल तक विदिशा राजधानी के रूप में ज्ञात है, जब हेलियोदोर ने बेसनगर में गरुड स्तम्भ[६] स्थापित किया था। भागभद्र का समय भी लगभग ईसापूर्व द्वितीय शताब्दी है। तत्पश्चात् विदिशा के राजधानी होने के प्रमाण प्राप्त नहीं होते। इस संदर्भ में ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के झाँसी जिले की गरौठा तहसील के अन्तर्गत बेतवा नदी के दाहिने तट पर स्थित एरच से लेखक को ऐसे महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक साक्ष्य मिले हैं जो राजधानी विदिशा तथा कालिदास की तिथि के निर्धारण में विशेष रूप से सहायक हैं। यहाँ पर पाषाण कालीन अवशेष कार्डेडवेयर ब्लैक एण्ड रेडवेयर, एन० बी० पी०-वेयर आदि से लेकर वर्तमान काल तक के अवशेष प्राप्त हुए हैं। ऐतिहासिक काल में ईसापूर्व द्वितीय शताब्दी के शासक मुगमुख[७] के सीसा निर्मित सिक्के मिले हैं। ईसापूर्व प्रथम शताब्दी के बैम्बिक शासक दाममित्र के इष्टिका अभिलेखों में उसके द्वारा सम्पादित पुण्डरीक यज्ञ का उल्लेख है[८]–

रञो बंबकिस दाममितस पोंडरीक

लगभग इसी समय के एरच से इन्द्रमित्र[९] ईश्वरमित्र[१०], शिवमित्र[११] के 'राजा' की उपाधि

---

३. मौर्यसचिवं विमुञ्चति यदि पूज्यः संयतं मम श्यालम्।
मोक्ता माधवसेनस्ततो मया बन्धनात्सद्यः।।
—मालविकाग्निमित्र, प्रथम अंक

४. वशीकृतः किल वीरसेनप्रमुखैर्भर्त्तुर्विजयदण्डैर्विदर्भनाथः। मोचितोऽस्य दायादो माधवसेनः।
—मालविकाग्निमित्र, पंचम अंक

५. राजा-मौद्गल्य। तत्र भवतोर्यज्ञसेनमाधवसेनयोर्द्वैराज्यमिदानीमवस्थापयितुकामोऽस्मि।
तौ पृथग्वरदाकूले शिष्टामुत्तरदक्षिणे।
नक्तं दिवं विभज्योभौ शीतोष्णकिरणाविव।
—मालविकाग्निमित्र, पंचम अंक

६. डी०सी० सरकार, : **सेलेक्ट इन्स्क्रिप्शन्स**, पृ० ९०-९१

७. ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, आर्कियोलाजी आफ एरचः डिस्कवरी आफ न्यू डाइनेस्टीज, पृ० १६

८. वही, पृ० ७

९-११. लेखक का शोध पत्र-क्वायन्स आफ थ्री अननोन रूलर्स आफ् एरच न्यूमिस्मैटिक डाइजेस्ट में शीघ्र प्रकाश्य।

वाले, सहस्त्रमित्र[१२] के 'महासेनापति' उपाधिवाले ताम्र सिक्के एवं एरिकछ[१३] लेखांकित चार प्रकार के नगर सिक्के भी मिले हैं। इसके अतिरिक्त लगभग पहली-दूसरी शताब्दी ई० के इष्टिका अभिलेखों से यहाँ पर शासन करने वाली एक नवीन वंशावली प्रकाश में आयी है[१४]–

सिद्धं सेनापतेः शतानीकस्य प्रपौत्रेण सेनापतेः अदितमित्रस्य
पौत्रेण सेनापतेः दशार्णाधिपतेः मूलमित्रस्य पुत्रेण सेनापतिना
दशार्णेश्वरेण वासिष्ठीपुत्रेण अषाढमित्रेण पुष्करिणी खानिता

इससे पता चलता है कि लगभग ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी के अंतिम चरण में विदिशा का पराभव प्रारम्भ हो गया था और एरच एक नवीन शासन केन्द्र के रूप में उभर रहा था, जो कम से कम लगभग पहली-दूसरी शताब्दी ई० तक राजधानी बना रहा। इस प्रकार ईसा पूर्व की अंतिम और ईसा की पहली-दूसरी शताब्दी ई० में दशार्ण की राजधानी एरच थी। यहाँ से प्राप्त अभिलेखों में मूलमित्र और अषाढ़मित्र को क्रमशः 'दशार्णाधिपति' और 'दशार्णेश्वर' कहा गया है। इससे स्पष्ट है कि इस काल में दशार्ण की राजधानी विदिशा से एरच स्थानान्तरित हो चुकी थी। अषाढ़मित्र के परवर्ती शासकों के बारे में अभी तक जानकारी न मिलने से ऐसा प्रतीत होता है कि अषाढ़मित्र के बाद एरच पर नाग शासकों का आधिपत्य हो गया था[१५] जिनकी राजधानी पद्मावती थी। चौथी शताब्दी ई० के मध्य समुद्रगुप्त ने जब गणपति नाग का उन्मूलन किया था[१६] तब पद्मावती का भी पराभव हो गया और सागर जिले का ''एरण'' क्षेत्रीय राजधानी के रूप में विकसित हुआ, जहाँ से समुद्रगुप्त के अभिलेख एवं अन्य गुप्तकालीन महत्त्वपूर्ण अवशेष प्राप्त हुए हैं। समुद्रगुप्त के बाद चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय में उज्जैन का महत्त्व बढ़ा और उसको दूसरी राजधानी का स्वरूप प्राप्त हुआ। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी के पश्चात् विदिशा राजधानी नहीं थी। सम्भवतः यही कारण है कि गुप्तकाल के अभिलेखों में न तो दशार्ण का उल्लेख है और न उसकी राजधानी विदिशा का ही[१७]।

कालिदास ने मेघदूत में विदिशा को स्पष्टतः दशार्ण की राजधानी कहा है। उनके मालविकाग्निमित्र नाटक से भी विदिशा दशार्ण की राजधानी के रूप में ज्ञात है। इस प्रकार कालिदास ने अपने दो ग्रन्थों में विदिशा को राजधानी बताया है। उल्लेखनीय है कि गुप्त-काल में राजधानी क्रमशः एरण और उज्जैन थी। अतः कालिदास द्वारा विदिशा का राजधानी के रूप में

---

१२. ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव-क्वायन ऑफ ऐन अननोन मित्र किंग वियरिंग द टाइटिल महासेनापति फ्राम एरच, जर्नल आफ न्यूमिस्मैटिक सोसाइटी ऑफ इण्डिया, जिल्द ५८, पृ० ३१-३२

१३. वही, टू टाइप्स ऑफ सिटी क्वायन्स ऑफ एरिकच्छ, न्यूमिस्मैटिक डाइजेस्ट, जिल्द २१-२२ (१९९७-९८) पृ० १-३, थर्ड वेराइटी ऑफ सिटी क्वायन्स आफ एरिकछ, जे० एन० एस० आई० में शीघ्र प्रकाश्य। चौथे प्रकार पर अध्ययन जारी है।

१४. ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव : आर्कियालाजी आफ एरचः डिस्कवरी आफ न्यू डाइनेस्टीज, पृ० १०

१५. वही, पृ० ४

१६. डी०सी० सरकार : सेलेक्ट इन्स्क्रिप्शन्स, पृ० २५४-२६०

१७. ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव : कालिदास ईसा पूर्व में: पुरातात्त्विक साक्ष्य, विश्वज्योति, नवम्बर, १९९२, पृ०४२

वर्णन गुप्त-काल से मेल नहीं खाता। इससे स्पष्ट है कि कालिदास गुप्तकाल में न होकर ईसा पूर्व में विद्यमान थे, जब विदिशा दशार्ण की राजधानी थी[१८]।

कालिदास द्वारा मेघदूत में विदिशा को दिशाओं में प्रसिद्ध तथा दशार्ण की राजधानी बताये जाने से ऐसा प्रतीत होता है कि ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी के अन्तिम चरण में विदिशा से राजधानी के स्थानान्तरण की घटना की जानकारी कालिदास को नहीं थी। उनको इतिहास के केवल उस काल-खण्ड का ज्ञान था, जब विदिशा दशार्ण की राजधानी थी और अग्निमित्र उसका शासक था। अतः इस आधार पर कालिदास का समय ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी निर्धारित होता है।

कालिदास ने अग्निमित्र के परवर्ती किसी भी शासक का नामोल्लेख अपने ग्रंथों में नहीं किया है। इससे यही आभास होता है कि गुप्तकाल में न होने के कारण कालिदास को गुप्त शासकों की जानकारी नहीं थी। यदि कालिदास गुप्तकाल में और विशेष रूप से चन्द्रगुप्त द्वितीय के राजदरबारी होते तो वे अपनी कृतियों में गुप्त-शासकों का उल्लेख कहीं न कहीं अवश्य करते। यदि कालिदास को ऐतिहासिक प्रेमाख्यान ही वर्णन करना होता तो वे अपने आश्रयदाता चन्द्रगुप्त द्वितीय और ध्रुवदेवी का वर्णन करते। परन्तु उन्होंने अग्निमित्र कालीन ऐतिहासिक एवं राजनीतिक घटनाओं का अत्यन्त सूक्ष्मता के साथ वर्णन करते हुए अग्निमित्र और मालविका के प्रेमाख्यान पर आधारित **मालविकाग्निमित्र** नाटक लिखा। अतः **मालविकाग्निमित्र** की रचना कालिदास को अग्निमित्र का समकालीन होने का संकेत प्रदान करती है।

मालविकाग्निमित्र नाटक में अग्निमित्र अपने कुल का नाम बैम्बिक बताते हुए कहता है–

दाक्षिण्यं नाम बिम्बोष्ठि बैम्बिकानां कुलव्रतम्[१९]

किन्तु पुराणकार भ्रमवश उसके वंश को बैम्बिक के स्थान पर शुंग बताते हैं। पुराणों की रचना अग्निमित्र के बहुत बाद में होने के कारण सम्भवतः पुराणकारों को अग्निमित्र के वंश की जानकारी नहीं थी, परन्तु अग्निमित्र के समकालीन होने के कारण कालिदास को अग्निमित्र के वंश का पूर्ण ज्ञान था[२०]। अभी तक बैम्बिक राजवंश की ऐतिहासिक दृष्टि से पुष्टि न हो सकने के कारण बैम्बिक शब्द के अर्थ पर विवाद था, लेकिन एरच से प्राप्त दाममित्र के इष्टिका अभिलेख ''रञो बंबकिस दाममितस पोंडरीक'' से ईसा पूर्व में बैम्बिक राजवंश का अस्तित्व सिद्ध हो जाने से अग्निमित्र के बैम्बिक राजवंश की पुष्टि हो जाती है[२१]। अतः अग्निमित्र से सम्बन्धित बैम्बिक–प्रकरण भी कालिदास को ईसा पूर्व की शताब्दियों में इंगित करता है।

पुनः **मालविकाग्निमित्र** में ही अग्निमित्र के पुत्र वसुमित्र के दीर्घायु हेतु १०० स्वर्ण निष्क की

---

१८. वही

१९. मालविकाग्निमित्र, ४/१४

२०. ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव : कालिदास बिफोर क्राइस्ट, न्यूमिसमैटिक एण्ड इपिग्रैफिकल इविडेन्सेज, **जर्नल ऑफ न्यूमिस्मैटिक सोसाइटी ऑफ इण्डिया**, जिल्द ५५ (१९९३) पृ० ११०

२१. वही, फ्रेश लाइट आन पुष्पमित्राज डाइनेस्टिक नेम-बैम्बिक, **भारती**, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी जिल्द २३ (१९९६) पृ० ७७-८० : पुष्यमित्र का कुल बैम्बिक था शुंग नहीं, **पंचाल**, अंक १२ (१९९९) पृ० ७७-८०

दक्षिणा की चर्चा[२२] है। यह सर्व विदित तथ्य है कि निष्क अति प्राचीन काल का स्वर्ण-सिक्का[२३] था। भारत में कुषाण काल में स्वर्ण सिक्कों के रूप में दीनार का प्रचलन प्रारंभ हुआ जिसका प्रयोग गुप्तकाल में भी जारी रहा, जैसा चन्द्रगुप्त द्वितीय के गढ़वा प्रस्तर अभिलेख[२४] (वर्ष ८८), सांची प्रस्तर अभिलेख[२५] (वर्ष ६३), कुमार गुप्त के गढ़वा प्रस्तर अभिलेख[२६] (वर्ष ६३) एवं यहीं से प्राप्त अन्य अभिलेख[२७] कुमार गुप्त कालीन दामोदरपुर ताम्रपत्र अभिलेख (वर्ष १२४,[२८] वर्ष १२८,[२९] एवं इस काल के अन्य अभिलेख से ज्ञात है। अतः कालिदास के द्वारा **मालविकाग्निमित्र** में ''निष्क'' के उल्लेख से ऐसा प्रतीत होता है कि ईसा पूर्व में होने के कारण कालिदास को परवर्ती कुषाण एवं गुप्त कालीन दीनार का ज्ञान न था।

मालविकाग्निमित्र नाटक की प्रस्तावना में परिपार्श्वक द्वारा कहा गया है कि भास, सौमिल्लक आदि कवियों को छोड़कर वर्तमान कवि कालिदास के ग्रन्थों को क्यों महत्त्व दिया जा रहा है– **''प्रथितयशसां भास-सौमिल्लककविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमान कवेः कालिदासस्य क्रियायां कथं बहुमानः''**। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस नाटक का मंचन अग्निमित्र के समय में किया जा रहा है। अतः इसका सीधा सम्बन्ध अग्निमित्र के काल से है। अग्निमित्र के काल में वर्तमान कवि कालिदास का उल्लेख होने से यह स्पष्ट हो जाता है कि कालिदास अग्निमित्र के समकालीन थे।

इसी प्रकार इस ग्रंथ के भरत-वाक्य से भी अग्निमित्र और कालिदास की समकालीनता प्रमाणित होती है जिसमें कालिदास ने कहा है कि अग्निमित्र के राज्य-काल में किसी प्रकार की विपदा न हो–

आशास्यमीतिविगमप्रभृतिप्रजानां
संपत्स्यते न खलु गोप्तरि नाग्निमित्रे।

इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है कि जब दिशाओं में प्रसिद्ध विदिशा दशार्ण की राजधानी थी, अग्निमित्र उसका शासक था तथा स्वर्ण सिक्कों के रूप में निष्क प्रचलित था, उसी काल में महाकवि कालिदास विद्यमान थे। ऐतिहासिक दृष्टि से ये सभी स्थितियाँ ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी की हैं। अतः उपर्युक्त पुरातात्त्विक एवं साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर कालिदास का समय निश्चित रूप से ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी निर्धारित होता है।

●

---

२२. तस्यायुर्निमित्तं निष्कशतसुवर्णपरिमाणां दक्षिणां। मालविकाग्निमित्र, पंचम अंक
२३. डी०सी० सरकार : इण्डियन इपिग्रैफिकल ग्लासरी, पृ० २१६
२४. फ्लीट जे०एफ० : भारतीय अभिलेख संग्रह पृ० ४६-४६
२५. वही, पृ० ३६-४२
२६. वही, पृ० ५२-५३
२७. वही, पृ० ५०-५१
२८. डी०सी० सरकार : सेलेक्ट इन्स्क्रिप्शन्स, पृ० २८३-२८५
२९. वही, पृ० २८५-२८७




कालिदास की तिथि : ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी

- डा० ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव

... सेनापतेः दशार्णाधिपतेः मूल दशार्णेश्वरेण वासिष्ठीपुत्रेण अषाढ्ढ

एरज से प्राप्त इष्टिकाभिलेख जिसमें दशार्णिधिपति एवं दशार्णिश्वर क्रमशः मूलमित्र और अपाढ़मित्र को कहा गया है।



कालिदास की तिथि : ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी

- डा० ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव

एजो बंबकिस दाममितस पोंडरीक

एरज से प्राप्त इष्टिकाभिलेख जिसमें वैम्बिक शासक दाममित्र के पुण्डरीक यज्ञ की चर्चा है।

'सर्वमेध' यज्ञ का आध्यात्मिक स्वरूप

डॉ० राजेश्वर मिश्र
कुरुक्षेत्र

'यज्ञ' शब्द देवपूजा, संगतिकरण और दान (आत्मत्याग) अर्थवाली यज् धातु से निष्पन्न है, जिसका तात्पर्य है– प्राणरूप देवशक्तियों को प्रसन्न करना, दो तत्त्वों के मेल से नूतन तत्त्व का निर्माण करना अथवा अखिल जगत् में प्रवर्तित आदान-प्रदान की सतत प्रक्रिया। दानरूप यज्ञ की यह प्रक्रिया प्रकृति में निरन्तर वर्तमान है, जिसके परिचालक देवता आदित्यरूप अग्नि और सोम हैं। इस यज्ञ में अग्नि (आदित्य) आदाता (अत्ता) तथा सोम अन्न (हवि) है। आदित्य अनवरत प्रकृति से सोमरूपी अन्न की आहुति ग्रहण करता रहता है और उससे अनन्त तेज या अग्नि (प्रकाश) सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में फैलता रहता है और यह आदित्य समृद्ध होता रहता है (सोमेन आदित्या बलिनः)। यह प्रक्रिया सतत् ब्रह्माण्ड में चलती रहती है। इसी कारण जगत् को 'अग्निषोमात्मक' कहा जाता है।[१] यही प्राकृत यज्ञ है, जो अव्यवहित रूप से प्रकृति में चल रहा है। प्राकृत यज्ञ से ही जगत् का निर्माण एवं धारण-पोषण होता है। मानव-शरीर में विद्यमान वैश्वानर अग्नि (जठराग्नि) भी नित्यशः अन्न (भोज्य पदार्थ) की आहुति ग्रहण करता है, जिससे शक्ति सम्वर्द्धन होता रहता है।[२] भौतिक यज्ञ इन्हीं सूक्ष्म यज्ञों के प्रतीक हैं और लोक व्यवहार के लिए नितान्त आवश्यक हैं। अतः देवता (शक्ति) के लिए अथवा जगत्-कल्याण हेतु अपनी प्रियतम वस्तु का त्याग (आत्म समर्पण) ही इसका मूल मन्त्र है।

सामान्यतया देवशक्तियों के उद्देश्य से द्रव्य त्याग को ही यज्ञ कहा जाता है। जगत् को संचालित करने वाली ये सूक्ष्म एवं गुप्त शक्तियाँ देवता कहलाती हैं, जो स्वभावतः निराकार होने पर भी संकल्पवश तथा प्रयोजन के अनुसार आकार सम्पन्न भी हैं। शक्ति वस्तुतः एक होने पर भी उपाधि भेद से नाना प्रकार की है। उसी प्रकार देवता भी मूलतः एक और अभिन्न होने पर भी बाह्य दृष्टि से अनेक एवं भिन्न हैं[३] तथा अनेक शरीर धारण करने में समर्थ होते हैं। ब्रह्मसूत्र के 'शारीरक भाष्य' में आचार्य शंकर का मत है कि एक ही देवता स्वयं को विविधरूपों में विभक्त कर एक समय में बहुत से यागों में उपस्थित होकर उन्हें स्वीकार करता है और अन्तर्धानादि क्रिया के कारण अन्य व्यक्ति उन्हें नहीं देख पाते।[४] शक्ति व्यक्त तथा अव्यक्त भेद से दो प्रकार की है। अव्यक्त शक्ति

---

१. बृहज्जा० उप० २.७ : अग्नीषोमात्मकं जगत्; तुल० रामपू० उप० ४.६।

२. गीता, १५.१४ : अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः।

३. ऋ० १.१६४.४६ : एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः–; नि० ७.४ : महाभाग्याद्देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयत एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यङ्गानि भवन्ति।

४. ब्रह्मसूत्र १.३.२७ पर शारीरक भाष्य : एकैका देवता बहुभी रूपैरात्मानं प्रविभज्य बहुषु यागेषु युगपदङ्गतां गच्छतीति परैश्च न दृश्यते अन्तर्धानादिक्रियायोगात्।

द्वारा कोई भी कार्य सम्पन्न नहीं होता; अतः कार्य-सम्पादन के लिए शक्ति को उद्‌बुद्ध करना पड़ता है। समुचितरूप से उद्‌बुद्ध तथा विनियुक्त होने पर शक्ति अपना कार्य स्वभावतः अवश्य करती है। कार्य करने पर शक्ति का ह्रास होता है। इस अपक्षय की आपूर्ति के लिए अर्थात् शक्ति की पुष्टि के लिए उसमें भक्ष्य का समर्पण आवश्यक होता है। अतः अग्नि में इन्धन की भाँति शक्ति के सम्वर्द्धन हेतु भक्ष्य पदार्थ या आहुति का डालना नितान्त आवश्यक है, क्योंकि सुप्तावस्था में शक्ति को किसी आहार की आवश्यकता नहीं होती, परन्तु वह निष्क्रिय होने के कारण किसी कार्य को सिद्ध भी नहीं करती। कार्य-सिद्धि के लिए उसे उद्‌बुद्धकर तद्नुरूप आहार प्रदान करना होता है। यही देवता के उद्देश्य से द्रव्य-त्याग है और यज्ञ है।[५]

स्थूल दृष्टि से देखने पर तो यज्ञ बाह्य कर्मकाण्ड प्रतीत होता है; परन्तु वस्तुतः यह गुह्य रहस्य का प्रतीक है। **'शतपथ-ब्राह्मण'** में प्रदत्त यज्ञ के निर्वचनात्मक स्वरूप पर दृष्टिपात करने से यह रहस्य स्वतः उद्‌घाटित हो जाता है, जहाँ स्पष्टतया यह उल्लेख किया गया है कि "जब इसे फैलाते हैं तो उत्पन्न करते हैं। यह विस्तारित किया जाता हुआ उत्पन्न होता है; अतः 'यन् जायते' से इसे यज्ञ के नाम से जाना जाता है।[६] यहाँ यह बात ध्यातव्य है कि स्रष्टा के रूप में प्रजापति में सर्वप्रथम सर्ग-रचना की इच्छा का विस्तार होता है, पुनः वही उत्पन्न होता है और उसी की अभिव्यक्ति (विस्तार) से इस जगत् का आविर्भाव होता है। इसी ब्राह्मण में अनेकत्र यज्ञ को वाक्,[८] पुरुष[९], प्रजापति[१०], विष्णु[११] आदि से अभिन्न स्वीकार किया गया है।

यज्ञ वस्तुतः ब्रह्माण्ड का केन्द्रबिन्दु एवम् उद्‌भवस्थल भी है[१२] और **'तैत्तिरीय ब्राह्मण'** में इसी को भुवनरूप स्वीकार किया गया है।[१३] अनेक मन्त्रों से ऋत तथा यज्ञ की अभिन्नता सिद्ध है।१४ **'शतपथ-ब्राह्मण'** के अनुसार यज्ञ ऋत का कारण है।[१५] यह ऋतरूप यज्ञतत्त्व ब्रह्म से अभिन्न है। अतः **'शतपथ-ब्राह्मण'** में यज्ञ को ब्रह्म माना गया है।[१६] **'श्रीमद्‌भगवद्‌गीता'** में भी ब्रह्म को यज्ञ में

---

५. वाचस्पतिः भामती : देवतामुद्दिश्य हविरमृश्य च तद्विषयसत्त्वत्याग इति यागशरीरम्।

६. शत० ब्रा० ३.९.४.२३ : अथ यस्माद्यज्ञो नाम। घ्नन्ति वाऽएनमेतद्यदभिषुण्वन्ति तद्यदेन तन्वते। तदेनं जनयन्ति स तायमानो जायते स यन्जायते तस्माद्यञ्जोयञ्जो ह वै नामैतद्यद्यज्ञ इति।

७. शत० ब्रा० १.५.२.७ : वाग्धि यज्ञो; वही, १.७.१.१५ : वाग्वै यज्ञो।

८. वही, ३.५.३.१. : पुरुषो वै यज्ञः ; वही, १.३.२.१; गो० ब्रा० २.५.४; वही, १०.२.१.२ : पुरुषो वै यज्ञस्तेनेदं सर्वं मितम्।

९. वही, १४.३.२.१ : सर्वेषां वा ऽएष भूतानां सर्वेषां देवानामात्मा यद्यज:; वही, ११.२.७.३२।

१०. वही, ४.३.४.३ : एष वै प्रत्यक्षं यज्ञो यत् प्रजापतिः; वही, १.७.४.४ ; १. १.१.१३ ; ११.६.३.९ ; गो० ब्रा० ३०.२.१९ ; प्रजापतिर्वै यज्ञः ; ऐ० ब्रा० २.१७.४.२६ ; तै० ब्रा० १.३.१०।

११. शत. ब्रा० १.१.२.१३ : यज्ञो वै विष्णुः ; वही, १.९.३.९ ; ५.२.३.८ ; गो० ब्रा० २.६.७ ; तां-ब्रा० १३.२.३।

१२. तै० ब्रा० २.४.७५ : यज्ञः बभूव भुवनस्य गर्भः ; जै० ब्रा० १.७४ : यज्ञो वै विश्वरूपाणि यज्ञमेवैतेन सम्भरति।

१३. वही, ३.३.७५ : यज्ञो वै भुवनम्।

१४. मै० सं० १.१०.१२ : ऋतं वै सत्यं यज्ञः।

१५. शत० ब्रा० १.३.४.१६ : यज्ञो वै ऋतस्य योनिः।

१६. श० ब्रा० ३.१.४.१५ : ब्रह्म यज्ञः।

प्रतिष्ठित माना गया है।[१७] विश्व की सत्ता यज्ञ में निहित है तथा सृष्टि के अन्त में यही अवशिष्ट रहता है।[१८] अतः **'शतपथ-ब्राह्मण'** में यज्ञ तथा विष्णु की अभिन्नता[१९] स्वीकार करते हुए इसे प्रजापति तथा आदित्य से भी अभिन्न माना गया है।[२०] **'भागवतमहापुराण'** में भी ध्रुव को वरदान देते हुए यज्ञ को भगवान् की प्रियमूर्ति बतलाया गया है[२१] तथा उसी पुराण में अन्यत्र यज्ञ को साक्षात् विष्णु का स्वरूप स्वीकार किया गया है।[२२] इस प्रकार यज्ञ अव्यक्त ब्रह्म के रूप में जगत् का कारण भी है और व्यक्त ब्रह्म के रूप में स्वयं नानारूपात्मक जगत् भी। इस दृष्टि से ब्रह्म की भाँति यज्ञ सब कुछ है– यजन क्रिया भी, हविर्द्रव्य भी, यजनीय भी, याजक आदि भी। इस बात की पुष्टि **ऋग्वेद** के ''यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा''[२३] इस मन्त्र से हो जाती है। **'श्रीमद्भगवद्गीता'** में भगवान् कृष्ण ने भी ब्रह्माग्नि में यज्ञ से यज्ञ का यजन करने का उल्लेख करते हुए इसी रहस्य का संकेत किया है।[२४]

जगत् का आदि कारण अव्यक्त ब्रह्मरूप तथा नानारूपात्मक जगत्रूप जिस यज्ञ का विशद वर्णन संहिताओं, ब्राह्मण-ग्रन्थों और श्रौतकल्पों में उपलब्ध होता है, उनमें 'सर्वमेध' यज्ञ का अपना आध्यात्मिक महत्त्व है। दश दिन (दशरात्र) में सम्पन्न होने वाले इस यज्ञ का सम्बन्ध वस्तुतः **'ऋग्वेद'** के 'पुरुषसूक्त' में वर्णित सर्वहुत् यज्ञ से है, जिसमें पुरुष (परब्रह्म) ने मानस यज्ञ से स्वयं को आहूत कर स्वयं से इस नानारूपात्मक जगत् को आविर्भूत किया[२५], जिसका प्रतिपादन **'यजुर्वेद'**[२६] और **'अथर्ववेद'**[२७] में भी किया गया है। तदनन्तर इस सृष्टि-यज्ञ का वर्णन उपनिषदों में भी देखा जा सकता है।[२८]

प्रायः श्रौतसूत्रों में श्रेष्ठत्व, स्वाधिपत्य की प्राप्ति अथवा सर्वविध कामनाओं की पूर्तिहेतु 'सर्वमेध' यज्ञ का विधान किया गया है[२९]; परन्तु **'सत्याषाढश्रौतसूत्र'** में परिदृश्यमान सर्वजगद्रूप ब्रह्म की प्राप्ति की कामना से इस यज्ञ का विधान विहित है।[३०] अतः ऐसा प्रतीत होता है कि

---

१७. गीता, ३.१५ : ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम्।
१८. तै० ब्रा० १.८.१.१ : यज्ञ वै अन्ततः प्रतितिष्ठति।
१९. शत० ब्रा० १.१.२.१३ : यज्ञो वै विष्णुः।
२०. वही, ४.३.४.३ : एष वै प्रत्यक्ष यज्ञो यत् 'प्रजापतिः ; वही, स यः यज्ञोऽसौ आदित्यः।
२१. भाग० पु० ४.९.२४ : इष्ट्वा मां यज्ञहृदयं यज्ञैः पुष्कलदक्षिणैः।
२२. वही, ४.१.४ : यस्तयोः पुरुषः साक्षाद्विष्णुर्यज्ञस्वरूपधृक्।
२३. ऋ० १०.९०.१६; तुल० यजु० ३१.१६।
२४. गीता, ४.२५ : ब्रह्माग्नावपरे यज्ञं यज्ञेनैवोपजुह्वति।
२५. द्रष्टव्य, ऋ० १०.९० (सम्पूर्णसूक्त)।
२६. यजु० अध्याय, ३१ (सम्पूर्ण)।
२७. अथर्व० १९.६ (सम्पूर्ण सूक्त)।
२८. तै० उप० २.६ : सोऽकामयत। बहुस्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा। इदं सर्वमसृजत। यदिदं किञ्च। तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत ; तुल० छा० उप० ६.२.१-४।
२९. का० श्रौ० २१.२.१ : सर्वमेधः सर्वकामस्य ; शांखा० श्रौ० १५.१ : स सर्वेषां भूतानां श्रैष्ठ्यं स्वाराज्यमधिपत्यं पयति।
३०. सत्या० श्रौ० १४.१५ : सर्वमेध दशरात्रः। यः कामयेत सर्वमिदं भवेयमिति।

सम्भवतः यह यज्ञ सर्वरूप प्रजापति की प्राप्ति की कामना से किया जाता है, जिसमें सभी प्राणियों में स्वयं को तथा स्वयं में सभी प्राणियों को आहूत कर (समर्पित कर) ब्रह्मभाव को प्राप्त किया जाता है। इस बात की पुष्टि सर्वमेध यज्ञ के प्रसंग में **'सत्याषाड'** एवं **'शांखायन'** श्रौतसूत्रों में विहित इन वचनों से हो जाती है, जिसमें क्रमशः यह उल्लेख किया गया है कि ''सब कुछ की प्राप्ति हेतु सबका हवन् किया जाता है[३१] तथा सभी प्राणियों में स्वयं को आहूत (समर्पित) कर सभी भूतों को सर्वमेध (प्रजापति) में आहूत करता है,[३२] क्योंकि 'सर्व' ही प्रजापति ब्रह्म है[३३] और वही सृष्टि के आदि में स्वयं को सभी प्राणियों में तथा सभी भूतों को स्वयं में परिव्याप्त कर स्थावर-जंगमरूप ब्रह्माण्ड का अधिपति एवं परमेष्ठी हुआ।[३४] इस प्रसंग में शांखायन-श्रौतसूत्र के वरदत्तपुत्रानर्तीय-भाष्य में स्पष्टतः परमात्म दर्शन सम्पन्न यजमान द्वारा इस यज्ञ का विधान विहित है।[३५] श्रुतियों[३६], ब्राह्मण-ग्रन्थों[३७] एवम् उपनिषदों[३८] में उपलब्ध साक्ष्यों से भी यह बात सत्यापित हो जाती है। यही कारण है कि सर्वमेध यज्ञ सभी यज्ञों में श्रेष्ठ यज्ञ माना जाता है।[३९]

सर्वमेध एक महत्त्वपूर्ण सोमयाग है। सम्पूर्ण पदार्थ की कामना करने वाला द्विज अथवा क्षत्रिय राजा इसका अधिकारी माना जाता है। इस याग में १२ दीक्षा, १२ उपसद् तथा दस सुत्या-दिवस होते हैं, इस प्रकार यह याग चौंतीस दिन में सम्पन्न होता है; परन्तु दस सुत्या-दिवसों में ही इसके प्रमुख अनुष्ठान सम्पन्न होते हैं; अतः यह दशरात्र (दश दिन में पूरा होने वाला) यज्ञ है।[४०] दश दिन में सम्पन्न होने के कारण भी यह यज्ञ विराट् (प्रजापति) से साम्य रखता है, क्योंकि विराट् में दश अक्षर होते हैं और यही पूर्णान्न माना जाता है;[४१] अतः विराट् (प्रजापति) रूप सम्पूर्ण अन्न की प्राप्ति के लिए इसमें सबसे बड़ी वेदि का निर्माण किया जाता है और उत्तम अर्थात् एक सौ एक गुणी-याग-चिति बनाई जाती है।[४२]

सर्वमेध यज्ञ के पहले दिन अग्निष्टुत नामक अग्निष्टोम सोमयाग सम्पन्न होता है। दूसरे-तीसरे

---

३१. सत्या० श्रौ० १४.२६ : सर्वं जुहोति सर्वस्या ऽऽप्त्यै।

३२. शांखा० श्रौ० १५.१ : सर्वेषु भूतेष्वात्मानं हुत्वा सर्वाणि भूतानि सर्वमेधे जुह्वाङ्करोति।

३३. शत०ब्रा० ७.३.१.४२ : सर्वम् ब्रह्म प्रजापतिः ; तुल०, पा० ४.२.२५ पर महाभाष्य : सर्वस्य सर्वनाम संज्ञा क्रियते। सर्वश्च प्रजापतिः। प्रजापतिश्च क।

३४. शांखा० श्रौ० १५.१ : ब्रह्म स्वयंभु तपोऽतप्यत। सर्वेषु भूतेष्वात्मानं जुहवानीति तत्सर्वेषु - - - - तत्सर्वेषां भूतानां श्रेष्ठ्यं स्वाराज्यमधिपत्यं पर्यैत।

३५. वही, १६.४ पर आनर्तीयभाष्य : तस्यायं संक्षेपार्थः—ज्ञानकर्मसमुच्चयकारिणा यजमानेन परमात्मदर्शनसम्पन्नेन सर्वमेधः कर्त्तव्यः।

३६. ऋ० १०.१२१.१ : हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

३७. शत० ब्रा० १३.७.१.१।

३८. श्वेता० उप० ६.११ ; तै० उप० ६.१ ; ईश० उप० ६ इत्यादि।

३९. शत० ब्रा० १३.७.१.२ : परमो वाऽएष यज्ञक्रतूनां यत्सर्वमेधः।

४०. का० श्रौ० २१.२.१ : दशरात्रः ; सत्या० श्रौ० १४.१५ : सर्वमेधो दशरात्रः ; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.२।

४१. शत० ब्रा० १३.७.१.२ : दशाक्षरा विराड्विराड्कृत्स्नमन्नम् - - - - -।

४२. का० श्रौ० २१.२.३ : अग्निरुत्तमः (अन्तिम एकशतविधोऽग्निर्भवति २०.४.१५) ; सत्या० श्रौ० १४.१.६ : त्रिस्तावा वेदिरेकशतविधोऽग्निरग्निष्टुत्; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.२ : कृत्स्नस्येवान्नद्यस्यावरुद्ध्यै तस्मिन्नग्निं परार्ध्यं चिनोति।

और चौथे दिन क्रमशः इन्द्रस्तुत्, सूर्यस्तुत् और वैश्वदेवस्तुत् नामक उक्थ्य सोमयाग किए जाते हैं।[४३] इस यज्ञ में पहले चार दिन क्रमशः अग्नि, इन्द्र, सूर्य (आदित्य) और वैश्वदेवों देवताओं के लिए अनुष्ठान इस लिए किए जाते हैं; क्योंकि ये सभी देवता ''सर्वदिव'' माने गए हैं; अतः सर्वदिव (प्रजापति) की प्राप्ति के लिए इनका अनुष्ठान होता है।[४४] पाँचवें और छठे दिन क्रमशः आश्वमेधिक और पौरुषमेधिक यज्ञ किए जाते हैं, जिनमें क्रमशः अश्व और पुरुष सवनीय यज्ञ-पशुओं का आलभन (स्पर्श करना अथवा प्राप्त करना) किया जाता है।[४५] यहाँ ध्यातव्य है कि इन सर्वनीय पशुओं की प्राप्ति के लिए इनको यज्ञ-यूप में बाँधा जाता है। तदनन्तर पर्यग्निकृत (इनके चारों ओर अग्नि का घुमाया जाना) पुरुषादि पशुओं को उत्तर वेदि की ओर ले जाकर छोड़ दिया जाता है और उन पशुओं के अभिमानी देवताओं को आज्य की आहुति दी जाती है,[४६] क्योंकि यज्ञों में पुरुषों (पशुओं) की बलि का निषेध करते हुए स्पष्टतः **'शतपथ-ब्राह्मण'** में यह उल्लेख किया गया है कि ऐसा करने पर पुरुष ही पुरुष को खाएगा।[४७] वस्तुतः ये यज्ञ पशु कोई सामान्य अश्व और पुरुष नहीं है अपितु स्वयं प्रजापति है।[४८] इस यज्ञ में छठे दिन पुरुषमेध करने का विधान सम्भवतः इस लिए किया जाता है, क्योंकि यह 'सर्व' अर्तात् प्रजापति से अभिन्न है[४९] और यही प्रजापति पुरुषमेध के द्वारा 'विराड्' नाम से भी प्रसिद्ध है[५०], क्योंकि ये सभी लोक पुरुषमेध हैं।[५१]

सातवें दिन भी यज्ञों की प्राप्ति के लिए इस यज्ञ में 'अप्तोर्याम' नामक सोमयाग किया जाता है, जिसमें अवशिष्ट सभी स्थावर-जङ्गमात्मक प्राणिसमूहों का आलभन[५२] तथा सब प्रकार के अन्नों[५३] और ओषधिवनस्पतियों की आहुति दी जाती है।[५४] वस्तुतः ये अन्न अथवा स्थावर जङ्गमात्मक प्राणि समूह स्वयं प्रजापति है[५५]; और वही सर्वपदवाच्य हैं[५६]; अतः उन्हीं की प्राप्ति के लिए इस यज्ञ

४३. का० श्रौ० २१.२.४ ; शांखा० श्रौ० १५.३ : सत्या० श्रौ० १४.१७-२०; वैता श्रौ० ६.३.११ (३८)।

४४. सत्या० श्रौ० १४.१७.२० : सर्वमाग्नेयं क्रियते, सर्वमैन्द्रं क्रियते, सर्वं सौर्यं क्रियते, सर्वं वैश्वदेवं क्रियते; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.३-६।

४५. सत्या० श्रौ० १४.२१-२२ ; शांखा० श्रौ० १५.४ ; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.७-८।

४६. वही, १४.६.६ : पर्यग्निकृतात्पुरुषानुदीचो नीत्वोत्सृज्याऽऽज्येन तद्देवता आहुतीर्हुत्वा ; तुल० शत० ब्रा०१३.७.२.१३।

४७. शत० ब्रा० १३.६.२.१३ : पुरुष मा संतिष्ठिपो यदि संस्थापयिष्यसि पुरुषऽ एव पुरुषमत्स्यतीति।

४८. वही, १०.२.१.१ : सर्वे वै पशवः प्रजापतिः पुरुषोऽश्वो गौरविरजः।

४९. शत० ब्रा० १३.६.१.६ : सर्व पुरुषमेधः।

५०. गो० ब्रा० (पूर्व) ५.८ : स प्रजापतिः पुरुषमेधेनेष्ट्वा विराड् इति नाम धत्त।

५१. शत० ब्रा० १३.६.१.६ : इमे वै लोका पुरुषमेधः।

५२. शांखा० श्रौ० १५.८ : तत्र सर्वान्मेधानालभन्त ये के च प्राणिनः ; सत्या० श्रौ० १४.२३ ; का० श्रौ० २१.२.४ ; वैता० श्रौ० ७.३.१२ : एतस्मिन् सर्वान् मेधान् आलभन्ते; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.६।

५३. सत्या० श्रौ० १४.२६ : प्रातः सवने सन्नेषु नाराशंसेषु चान्नमन्नं जुहोति; का० श्रौ० २१.२.६ : अन्नं अन्नं जुहोति; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.६।

५४. शांखा० ब्रा० १५.११ : संव्रश्चमोपधिवनस्पतीनां प्रकिरन्ति; सत्या० श्रौ० १४.२५ ; का० श्रौ० २१.२.६ ; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.६।

५५. शत० ब्रा० ५.१.३.७ : अन्नं वै प्रजापतिः पशुर्वा अन्नम्।

५६. वही, ७.३.१.४२ : सर्वं ब्रह्म प्रजापतिः।

का अनुष्ठान किया जाता है।[५७] आचार्य सायण ने भी इस प्रसंग में अपने भाष्य में प्रधानपुरुष हिरण्यगर्भ के निमित्त यज्ञ करने का उल्लेख किया है।[५८]। यही इस यज्ञ का रहस्य है।

आठवें दिन त्रिणवस्तोम अर्थात् २७ स्तोमों की दृष्टि तथा नवें दिन ३३ स्तोमों की इष्टि की जाती है और अन्तिम दसवें दिन विश्वजित् नामक सर्वपृष्ठ अतिरात्र सोमयाग सम्पन्न किया जाता है।[५९] इस में सम्पादित होने वाले विश्वजित् सोमयाग के प्रसंग में यह बात अवधेय है कि **'शांखायन श्रौतसूत्र'** एवं **'शतपथ-ब्राह्मण'** के अनुसार सर्वपृष्ठ अतिरात्र 'सब-कुछ' अर्थात् प्रजापति (ब्रह्म) है तथा सर्वमेध भी सब कुछ (प्रजापति) है; अतः सबके द्वारा सब कुछ प्राप्त करने[६०] का अभिप्राय है– ''ब्रह्म अथवा प्रजापति के द्वारा ब्रह्म को प्राप्त करना'', जिसका समर्थन स्वयं श्रुति एवं स्मृति करती हैं।[६१]

इस यज्ञ के अन्त में पुरुषमेधवत् दक्षिणा प्रदान की जाती है। यदि यज्ञकर्ता यजमान क्षत्रिय हो तो ब्राह्मण की भूमि तथा सम्पत्ति को छोड़कर पूर्वदिशा की पुरुषों (दास पुरुषों) सहित भूमि होता को, दक्षिण दिशा की ब्रह्मा को, पश्चिम दिशा की अध्वर्यु को और उत्तर की उद्गाता को दक्षिणा दी जाती है तथा अन्य ऋत्विक् इन्हीं में अपना अंश ग्रहण करते हैं।[६२] परन्तु यदि यज्ञकर्ता यजमान ब्राह्मण हो तो उसे दक्षिणा में अपना सर्वस्व दान करने का विधान है।[६३] **'शांखायन'** एवं **'वैतान'** श्रौतसूत्रों के अनुसार सर्वस्व दान करने के उपरान्त ब्राह्मण यजमान 'अयं ते योनिः' (यजु० ३.१४) मन्त्र के साथ स्वयं में आहवनीय और दक्षिणाग्नियों का समारोपण करके उत्तर नारायण मन्त्रों (यजु०३१.१७-२२) से आदित्य की उपासना करके वन में गमन करे।[६४] इस यज्ञ में सर्वस्व दान के पश्चात् सर्वदा के लिए अरण्यगमन भी प्राजापत्य इष्टि का सूचक है, जिसमें सब कुछ समर्पित करके ब्राह्मण यजमान प्रजापति (ब्रह्म) की प्राप्ति के लिए सर्वदा के लिए गृहत्याग कर देता है।[६५] अतः सर्वमेध यज्ञ आत्मयाग का प्रतीक है।

यदि 'सर्वमेध' यज्ञ के नामकरण की दृष्टि से विचार करें तो इसके पूर्वपद 'सर्व' में इसका

---

५७. वही, १३.७.१.९ : सर्वं जुहोति सर्वस्मै जुहोति सर्वस्यास्यै सर्वस्यावरुद्ध्यै

५८. वही, १३.७.१.९ पर सायणभाष्यः सर्वस्मै सर्वात्मने प्रधानपुरुषहिरण्यगर्भाय जुहोति।

५९. का० श्रौ० २१.२.११-१२; सत्या० श्रौ० १४.२७ ; शांखा० श्रौ० १५.१२-१३; वैता० श्रौ० ७.३.१३; तुल० शत०ब्रा० १३.७.१.१०-१२।

६०. शांखा० श्रौ० १५.१४ : सर्वं वै विश्वजित्सर्वस्तोम : सर्वपृष्ठोऽतिरात्रः सर्वं सर्वमेधः। सर्वेण सर्वमाप्नवानीति; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.१२।

६१. ऋ० १०.९०.१६ : यज्ञेन यज्ञमजयन्त देवाः -------- ;मनुस्मृ. १.३३ तपस्तप्त्वाऽसृजद्यं तु स स्वयं पुरुषो विराट्। तं मा वित्तास्य सर्वस्य स्त्रष्टारं द्विजसत्तमाः।।

६२. का० श्रौ० २१.२.१३ : पुरुषमेधवद्दक्षिणा स भूमिः; शांखा० श्रौ० १५.१८; तुल० शत० ब्रा० १३.७.१.१३।

६३. का० श्रौ० २१.२.१५ : सर्वस्वं ब्राह्मणस्य।

६४. शांखा० श्रौ० १६.१ : आत्मन्यग्नीन्समारोप्य अरण्यं प्रव्रजेत; वैता० श्रौ० ७.३.१४ (३८) : संवत्सरान्ते गार्हपत्येऽधरारणिं प्रहृत्याऽऽहवनीय उत्तराऽ रणिम् इत्यात्मन्नग्निं संस्पृष्य अरण्याय प्रव्रजेत।

६५. मनु स्मृ० ६.३८ : प्राजापत्यां निरुप्येष्टिं सर्ववेदसदक्षिणाम्।
आत्मन्नग्नी समारोप्य ब्राह्मणः प्रव्रजेत् गृहात्।।

अपना आध्यात्मिक स्वरूप निहित प्रतीत होता है, क्योंकि 'सर्व' पद प्रजापति (ब्रह्म) का वाचक है।[६६] महाभाष्यकार पतञ्जलि से 'सर्व' पद को प्रजापति का वाचक माना है और इसी को अनिर्वचनीय सुखात्मक 'क' संज्ञक ब्रह्म बतलाया है।[६७] **'ऋग्वेद'** के हिरण्यगर्भसूक्त से भी यह स्पष्ट है कि हिरण्यगर्भ ही 'क' संज्ञक ब्रह्म है और वही प्रजापति है।[६८] **शतपथ-ब्राह्मण** में तो अनेकत्र प्रजापति को 'क' संज्ञा से अभिहित किया गया है।[६९] अन्यत्र ब्राह्मण ग्रन्थों में इसी को 'विश्वकर्मा'[७०], 'विश्वम्'[७१], 'सहस्रम्'[७२] आदि पदों से भी अभिहित किया गया है। ब्राह्मण-ग्रन्थों में अनेकत्र इसी प्रजापति की यज्ञ से अभिन्नता बतलाई गई है।[७३] इसी प्रजापति ने सृष्टि के प्रारम्भ में एक से अनेक होने की कामना की और सृष्टि-यज्ञरूप श्रेष्ठतम कर्म में स्वयं को आहूतकर अपने चतुर्थांश को नानारूपात्मक जगत् के रूप में प्रकट किया।[७४]

'सर्वमेध' यज्ञ में आए हुए 'मेध' पद पर भी आध्यात्मिक दृष्टि से विचार करना आवश्यक है। प्रस्तुत प्रसंग में यह पद–स्थावरजंगम प्राणियों, सब प्रकार के अन्नों तथा याज्ञिक पशुओं का वाचक माना गया है। **'शतपथ-ब्राह्मण'** में प्रजापति को अन्न और मेध्य-पशु को भी अन्न स्वीकार किया गया है;[७५] परन्तु इसी ब्राह्मण में अन्यत्र पुरुष, अश्व, गो, अवि और अज इन पाँच यज्ञ-पशुओं को ही 'सर्व' कहा गया है।[७६] अतः ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हीं पाँच पशुओं का आलभन (स्पर्श) होने के कारण इसका नाम सर्वमेध रखा गया है। परन्तु यहाँ यह बात ध्यातव्य है कि सभी मेध्य-पशु प्रजापति से अभिन्न हैं। इस प्रकार इस यज्ञ का मेध (अर्थात् अन्न अथवा यज्ञ-पशु) भी स्वयं प्रजापति हैं और वही अग्नि भी है।[७७] **'गोपथ-ब्राह्मण'** के अनुसार अन्न ही सभी प्राणियों का आत्मा है।[७८] अतः इस यज्ञ में याजक, हविर्द्रव्य, अग्नि, ऋत्विक् और देवता सभी प्रजापति विश्वकर्मा है।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि 'सर्वमेध' वह यज्ञ है,

---

६६. शत०ब्रा० ७.३.१.४२ : सर्वम् ब्रह्म प्रजापतिः ; कौ० ब्रा० ६.१५ : प्रजापतिरेव सर्वम्।
६७. पा० ४.२.२५ पर महाभाष्यः सर्वस्य सर्वनामसंज्ञा क्रियते। सर्वश्च प्रजापतिः। प्रजापतिश्च क।
६८. ऋ० १०.१२१ (सम्पूर्ण सूक्त)
६९. शत० ब्रा० ११.५.४१-३ : प्रजापतिर्जै कः ; वही, ७.३.१.२० : प्रजापतिर्वै कस्तस्मै हविषा विधेम।
७०. वही, १३.२.१.१० : प्रजापतिर्वै विश्वकर्मा।
७१. वही, ३.१.२.११ : यद्वै विश्वं सत्सर्वम्।
७२. वही, ४.६.१.१५ : सर्वं वै सहस्रम् ; कौ० ब्रा० ११.७ ; २५.१४ : सर्वं वै तद्यत्सहस्रम्।
७३. वही, ४.३.४.३ : एष वै प्रत्यक्षं यज्ञो यत्प्रजापतिः ; वही, ११.६.३.६ : यज्ञः प्रजापतिः ; कौ० ब्रा० १०.१.१३१ ; तै० ब्रा० ३.३.७.३ ; गो० ब्रा० (उत्तर), २.१८ ; ऐ० ब्रा० २.१७ ; ४.२६ इत्यादि।
७४. शत०ब्रा० ७.५.२.६ : प्रजापतिर्वा इदमग्र आसीदेक एव; तुल० जै०ब्रा० २.२२४; तै०उप० २.६; छा० उप०६.२.१-४ ; शत० ब्रा० ४.६.१.४ : प्रजापतिर्वाऽअतीमाँल्लोकाँश्चतुर्थस्तत्प्रजापतिमेव चतुर्थ्याप्नोति। ; तुलनीय ऋ०१०.९०.४ : त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहाभवत्पुनः। ततो विष्वङ्व्यक्रामत्साशनानशने अभि।
७५. शत० ब्रा० ५.१.३.७ : अन्नं वै प्रजापतिः पशुर्वा अन्नम्; वही, १०.२.१.१ : सर्वे वै पशवः प्रजापतिः पुरुषोऽश्वो गौरविरजः।
७६. वही, ६.२.१.१५ : पुरुषोऽश्वो गौरविरजो भवन्ति। एतावन्तो वै सर्वे पशवोऽन्नम्।
७७. वही, ६.२.१.२३ : पुरुष प्रजापतिः प्रजापतिरग्निः।
७८. गो० ब्रा०, उत्तरभाग, १.३ : अन्नं वै सर्वेषां भूतानामात्मा।

जो सृष्टि के आदि में प्रजापति के द्वारा सर्ग-रचना एवं संहार के लिए प्रवर्तित होता है। इसकी पुष्टि प्रायः सभी श्रौत-ग्रन्थ करते हैं तथा संहिताओं और ब्राह्मण-ग्रन्थों में इसके प्रभूत प्रमाण उपलब्ध हैं। **'शतपथ-ब्राह्मण'** में स्पष्ट यह उल्लेख है कि स्वयम्भू ब्रह्मा (प्रजापति) ने तपस्या की। उन्होंने सोचा कि ''तप तो अनन्त हैं; अतः मैं भूतों में स्वयं की आहुति (समर्पण) तथा स्वयं में भूतों की आहुति दूँ'' और ऐसा करके अर्थात् स्वयं को समर्पित कर (अपने चतुर्थांश से) स्थावरजंगम-जगत् को आविर्भूत किया।[७९] इस प्रकार वे जड़ चेतन सभी पदार्थों में परिव्याप्त हो गए और चराचर-जगत् के परमेष्ठी एवं पालक बन गए। **'गोपथ-ब्राह्मण'** में भी यही बात प्रकारान्तर से उपलब्ध होती है, जहाँ प्रजापति द्वारा बहुत यज्ञों को करने के उपरान्त आत्मिक-यज्ञ से अत्यन्त सौख्य-प्राप्ति का उल्लेख है।[८०] **निरुक्तकार यास्क** ने भी सर्वमेध यज्ञ प्रजापति (परमेश्वर) के द्वारा सम्पादित स्वीकार किया है तथा इसका सम्बन्ध विश्व की रचना और संहार से स्थापित किया है।[८१] **'ऋग्वेद'** में भी इसके प्रभूत प्रमाण उपलब्ध हैं।[८२] **'श्वेताश्वतरोपनिषद्'** भी इसे पुष्ट करती है।[८३] अतः सर्वमेध यज्ञ प्रजापति द्वारा सम्पादित आदिसृष्टि-यज्ञ का प्रतीक है।

---

७९. शत० ब्रा० १३.७.१.१।

८०. गो० ब्रा० (पूर्वभाग) ५.८।

८१. नि० १०.३.२६ : विश्वकर्मा भौवन सर्वमेधे सर्वाणि भूतानि जुहवाञ्चकार। स आत्मानमप्यन्ततो जुहवाञ्चकार।

८२. ऋ० १०.८१.६ : विश्वकर्मन् हविषा वावृधानः स्वयं यजस्व पृथिवीमुत द्याम्। मुह्यन्त्वन्ये अभितो जनास इहास्माकं मघवा सूरिरस्तु।।

८३. ४.१०-१७ : एष देवो विश्वकर्मा महात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टो। हृदा मनीषा मनसाभिक्लृप्तो य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति।।

प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में राजनय निरूपण

डा० (श्रीमती) सुशीला सिंह
जौनपुर

राजनय के समानार्थक अनेक शब्द ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं। जैसे– राजधर्म, राज्यशास्त्र, दण्डनीति, नीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र आदि। प्राचीन भारत में अधिकांशतः राज्यतंत्र या नृपतंत्र के दर्शन होते हैं, इसलिये इस शास्त्र को यदि राजधर्म या राज्यशास्त्र के अभिधान से अभिहित किया गया तो उचित ही है। दण्डनीति, नीतिशास्त्र तथा अर्थशास्त्र इन शब्दों का भी अपना महत्त्व है। कौटिल्य का मत है कि योग और क्षेम को सिद्ध करने वाली दण्डनीति होती है। उससे अलब्ध की प्राप्ति, लब्ध की रक्षा तथा रक्षित का वर्धन और विनियोग होता है–

''योगक्षेमसाधनो दण्डः, तस्य नीतिर्दण्डनीतिः।

अलब्धलाभार्था लब्धपरिरक्षणी रक्षितविवर्धनी, वृद्धस्य तीर्थेषु प्रतिपादनी।''

(कौ० अ०) १/४/४-६

कौटिल्य उस शास्त्र को अर्थशास्त्र मानते हैं जिसमें मनुष्यों वाली भूमि के लाभ और उसके पालन करने के उपायों का वर्णन किया गया हो–

''तस्याः पृथिव्या लाभपालनोपायः शास्त्रमर्थशास्त्रमिति।''

(कौ० अ०) १५/१/३

शुक्रनीति में अर्थशास्त्र की परिभाषा इस प्रकार दी गयी है, श्रुति और स्मृति के अनुकूल जिसमें राजनीति का वर्णन हो तथा धर्म और युक्तिपूर्वक अर्थ के उपार्जन के नियमों का वर्णन किया गया हो वह अर्थशास्त्र कहलाता है–

''श्रुतिस्मृत्यविरोधेन राजवृत्तिं हि शासनम्।
सुयुक्त्यार्थार्जनं यत्र ह्यर्थशास्त्रं तदुच्यते।।''

(शुक्रनीति) ४/२६६

इस प्रकार शुक्र के मतानुसार आधुनिक राजशास्त्र और आधुनिक अर्थशास्त्र दोनों अर्थशास्त्र के अन्तर्गत माने गये हैं। कौटिल्य तथा शुक्र का अर्थशास्त्र भी परिभाषा की दृष्टि से ऐकमत्य है।

प्राचीन काल में राजसत्ता दण्ड पर आधारित थी। महाभारत, मनुस्मृति, कौटिल्य अर्थशास्त्र आदि समस्त ग्रन्थों में दण्ड की महत्ता का उल्लेख किया गया है। दण्ड के भय से ही मनुष्य न्याय पथ का परित्याग नहीं करते हैं। दण्ड प्रजाओं पर शासन करता है। दण्ड ही उनकी रक्षा करता है। सबके सो जाने पर दण्ड ही जागता रहता है–

''दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मविदुर्बुधाः।।''

(महा० शा० प०) १५/२

राजा को दण्ड का प्रयोग अत्यन्त सावधानी से करना चाहिए। उचित मात्रा में दण्ड का प्रयोग सुख-समृद्धि का कारण होता है।

नीतिशास्त्र से तात्पर्य नीति विषयक शास्त्र से है। नीति शब्द ''नी'' (ले जाना) धातु से निष्पन्न होता है अर्थात् जो ले जाये, उचित पथप्रदर्शन करे, उचित-अनुचित का निर्देश सामान्य जीवन में अत्यन्त आवश्यक है, तथापि राजकीय जीवन में उसका महत्त्व और अधिक है। इस प्रकार राजनीति का निरूपण करने वाले ग्रन्थ नीतिशास्त्र कहलाने लगे। कामन्दक और शुक्र के राजनीति का वर्णन करने वाले ग्रन्थ नीतिशास्त्र के नाम से विदित हैं। शासन विषयक नीतिशास्त्र का ध्येय था– शासन सम्बन्धी नीति का निर्धारण करना। अतः नीति का निर्धारण करने के कारण ये ग्रन्थ नीतिशास्त्र ही कहलाये।

प्राचीन भारत में राजनय विषयक अनेक ग्रन्थों की रचना हुई है। उनमें से मुख्य ग्रन्थ निम्न हैं–

कौटिल्य अर्थशास्त्र राजनय का निरूपण करने वाला अनुपम ग्रन्थ है। शुक्रनीति का अध्ययन करने से यह स्पष्ट होता है कि कौटिल्य के ग्रन्थ का नाम यद्यपि अर्थशास्त्र है तथापि दण्डनीति तथा राजनीति का वर्णन ही इसका विषय है।

इस दृष्टि से अर्थशास्त्र के अन्तर्गत आधुनिक राजशास्त्र तथा आधुनिक अर्थशास्त्र दोनों ही हैं। राजा को प्रजा के सुख में अपना सुख एवं प्रजा के हित में अपना हित समझना चाहिए। प्रजा से पृथक् राजा का कोई भी निजी प्रिय हित नहीं होना चाहिए।

प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्।
नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितम्।।

–कौ० अ० १/१६/३६

राजा को उत्तम कुलोत्पन्न, आस्तिक, बलशाली, वृद्धों द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलने वाला धार्मिक, सत्यवादी, कृतज्ञ, उच्च उद्देश्य वाला, महान उत्साह युक्त, दृढ़ बुद्धि, शास्त्र मर्यादा का अभिलाषी होना चाहिए।

महाकुलीनो देवबुद्धिः सत्त्वसम्पन्नो वृद्धदर्शी, धार्मिक, सत्यवागविसंवादकः कृतज्ञः स्थूललक्षो महोत्साहो दीर्घसूत्रः, शक्य सामन्तो दृढबुद्धिरक्षुद्रपरिष्त्को विनयकाम इत्याभिगामिका गुणाः।

– कौ० अ० ६/१/३

कौटिल्य के मतानुसार राजा को कामादि षड्वर्ग पर विजय प्राप्त कर इन्द्रिय जय करना चाहिए। धर्म, अर्थ एवं काम का एक दूसरे से बँधे हुए सेवन करना चाहिए। राजा को नित्य ही उद्योगशील होकर नीति के अनुसार प्रजा पर शासन करना चाहिए। राज्य एक रथ है, जिसमें राजा और सचिव दो चक्र हैं। जिस प्रकार रथ एक ही चक्र से गमन करने में असमर्थ है उसी प्रकार राजा भी सचिवों के बिना राज्य को विधिवत् रूप से संचालित करने में असमर्थ है।

सहायसाध्यं राजत्वं चक्रमेकं न वर्तते।
कुर्वीत सचिवांस्तस्मादेषाश्च श्रृणुयान्मतम्।।

कौ० अ० १/७/१५

राज्य का मूल मंत्री है। महाभारत का भी कथन है कि राज्य का मूल राजा के मंत्रियों की सद्मंत्रणा है। राजा को बुद्धिमान मंत्रियों के साथ मंत्रणा अवश्य करनी चाहिए।

राजा अमात्य के गुणों से युक्त किसी भी पुरुष को अमात्य बना सकता है किन्तु मन्त्रि पद पर प्रतिष्ठित नहीं कर सकता। मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के विषय में राजशास्त्र के आचार्यों में ऐकमत्य नहीं है। बृहस्पति के अनुसार सोलह, उशना ऋषि के अनुयायियों के अनुसार बीस सदस्य होने चाहिए। इन्द्र की मंत्रिपरिषद में एक सहस्र ऋषि थे। इनको इन्द्र का नेत्र कहा गया है।

इन्द्रस्यति मंत्रिपरिषदृषीणां सहस्रम्।

स तच्चक्षुः

–कौ० अ० १/१५/६०-६१

राजा के समस्त कार्यों का आधार कोष है। अतः उन्नति की इच्छा रखने वाले नृप को कोष का चिन्तन अवश्य करना चाहिए। कौटिल्य ने दूत को राजा का मुख माना है। प्राणों का भय होने पर भी दूत को राजा के आदेश का पालन करना चाहिए। दूत अवध्य है। रामायण तथा महाभारत में भी दूत की अवध्यता की पुष्टि की गई है।

न तु हन्यान्नृपो जातु दूतं कस्याञ्चिदापदि।
दूतस्य हन्ता निरयमाविशेत् सचिवैः सह।।

महा० शा० प० ८५/२६

कौटिल्य का मत है कि मंत्र के छः गुण होते हैं– सन्धि, विग्रह, आसन, यान, संश्रय और द्वैधीभाव। आचार्य बातव्याधि मंत्र में केवल दो ही गुण मानते हैं। शक्ति तीन प्रकार की है। मंत्रशक्ति, प्रभुशक्ति एवं उत्साहशक्ति।

शक्तिस्त्रिविधा। ज्ञानबलं मंत्रशक्तिः। कोष-दण्डबलं प्रभुशक्तिः।

विक्रमबलमुत्साहशक्तिः।

कौ० अ० ६/२/४२, ४३, ४४, ४५।

राजा के लिए समुचित दण्ड प्रयोग आवश्यक है। दण्ड के अनुचित प्रयोग से मात्स्य न्याय प्रचलित होता है। तीक्ष्ण दण्ड से प्राणियों में उद्वेग उत्पन्न होता है। मृदु दण्ड देने से दण्ड का तिरस्कार होता है। भली प्रकार से प्रयुक्त दण्ड धर्म, अर्थ और काम की सिद्धि प्रजा को कराता है।

तीक्ष्णदण्डो हि भूतानामुद्वेजनीयः। मृदुदण्डः परिभूयते।

यथार्हदण्डः पूज्यः।

कौ० अ० १/४/११, १२, १३.

मनुस्मृति के सप्तम तथा अष्टम अध्यायों में राजनय के सिद्धान्तों का विशद वर्णन प्राप्त होता है। राजा के बिना संसार में अराजकता फैलने पर ब्रह्माजी ने राजा की सृष्टि की। इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के अंश से इसका निर्माण हुआ है। यह अपने तेज से समस्त जीवों को अभिभूत करता है। सूर्य के समान तेजस्वी होने के कारण यह देखने वाले के नेत्र और मन को संतृप्त करता है। यह राजा प्रभाव से अग्निरूप है, वायुरूप है, सूर्यरूप है, चन्द्ररूप है, धर्मराज रूप

है, कुबेर रूप है, तथा महेन्द्र रूप है।

सोऽग्निर्भवति वायुश्च सोऽर्कः सोमः स धर्मराट्।
स कुबेरः स वरुणः स महेन्द्रः प्रभावतः।

मनु स्म० ७/७

अग्नि केवल असावधानी से स्पर्श करने वाले को ही दग्ध करती है, परन्तु राजाग्नि प्रज्वलित होने पर चिरसंचित पशु, धन तथा समस्त वंश को जला कर भस्म कर देती है। प्रयोजन के अनुसार राजा धर्मसिद्धि के लिए अनेक रूप भी धारण करता है। जिस राजा के प्रासाद में लक्ष्मी, पराक्रम में विजय और क्रोध में मृत्यु निवास करती है वह राजा सर्वतेजोमय है।

मनु का मत है कि वंश परम्परा से शुद्ध, बुद्धिमान, स्थिरचित्त, न्यायपूर्वक धन-धान्य उत्पन्न करने वाले, सुपरीक्षित मंत्रियों की नियुक्ति राजा को करनी चाहिए। शास्त्र ज्ञाता शूरवीर, सत्कुलोत्पन्न सात या आठ मंत्रियों को राजा नियुक्त करे। महान फल देने वाला राज्य एक राजा से कैसे सुसाध्य हो सकता है। राजा इन मंत्रियों में से एक विद्वान् तथा धर्मयुक्त ब्राह्मण के साथ षड्गुण से युक्त श्रेष्ठ मंत्र की मंत्रणा करे।

सर्वेषां तु विशिष्टेन ब्राह्मणेन विपश्चिता।
मन्त्रयेत्परमं मन्त्रं राजा षाड्गुण्यसंयुतम्।।

–मनु स्मृ० ७/५८

राजा का यह कर्तव्य है कि रात्रि के अन्तिम प्रहर में उठकर शौच आदि से निवृत्त होकर अग्नि में हवन करके ब्राह्मणों की पूजा करके शुभ सभा या मंत्रणा गृह में प्रवेश करे। जिस राजा के मंत्र को अन्य व्यक्ति नहीं जान पाते वह कोश से हीन होने पर भी पृथ्वी का भोग करता है।

यस्य मन्त्रं न जानन्ति समागम्य पृथग्जनाः।
स कृत्स्नां पृथिवीं भुङ्क्ते कोशहीनोऽपि पार्थिवः।।

– मनु स्मृ० ७/१४८

मनु के अनुसार राजा को शास्त्रों का ज्ञाता, इंगित वचन तथा स्वर और चेष्टा आदि का ज्ञाता, शुद्ध हृदय वाला, स्त्री-आसक्ति तथा मद्यपान से रहित, कुलीन बुद्धिमान दूत की नियुक्ति करनी चाहिए। अनुरक्त, शुद्ध चतुर, स्मरणशक्ति वाला, देशकालज्ञ, सुरूप, निर्भय तथा वाग्मी राजदूत श्रेष्ठ होता है। सन्धि-विग्रह तथा समय का ज्ञाता, धर्म, अर्थ या काम द्वारा शत्रुओं के द्वारा अपने पक्ष में नहीं किया जाने वाला राजदूत श्रेष्ठ है।

अनुरक्तः शुचिर्दक्षः स्मृतिमान्देशकालवित्।

– मनु स्मृ० ७/६४

सेनापति के अधीन दण्ड, दण्ड के आधीन विनय कार्य, राजा के आधीन कोष तथा राज्य और दूत के आधीन सन्धि तथा विग्रह होते हैं। दूत शत्रु से सन्धि तथा विग्रह करा सकता है। राजा धन्वदुर्ग, मही दुर्ग, जलदुर्ग, वृक्षदुर्ग, मनुष्य दुर्ग अथवा गिरिदुर्ग का आश्रय लेकर नगर में निवास करे। दुर्ग में रहने वाला एक धर्नुधारी योद्धा शत योद्धाओं और शत धर्नुधारी योद्धा दस सहस्त्र

योद्धाओं से युद्ध करने में समर्थ रहता है।

एकः शतं योधयति प्राकारस्थो धर्नुधरः।

– मनु स्मृ० ७/७४

प्रजाओं का पालन करता हुआ राजा सदैव क्षत्रिय धर्म को स्मरण करता हुआ कभी युद्ध से विमुख न हो। युद्ध में अपार शक्ति से युद्ध करते हुए मृत्यु को प्राप्त होने पर राजा निश्चित ही स्वर्ग को जाते हैं। राजा का कर्तव्य है कि वह बक के समान अर्थचिन्तन करे, सिंह के समान पराक्रम करे। वृक के समान शत्रु का नाश करे एवं शश के समान शत्रु के घेरे से निकल आए।

बकवच्चिन्तयेदर्थान्सिंहवच्च पराक्रमेत्।
वृकवच्चावलुम्पेत शशवच्च विनिष्पतेत्।

– मनु स्मृ० ७/१०६

मनु का कथन है कि जिस प्रकार जोंक, बछड़ा तथा भ्रमर शनैः शनैः अपने खाद्य पदार्थों यथा रक्त, दुग्ध तथा मधु को ग्रहण करते हैं, उसी प्रकार राजा को भी थोड़ा धन वार्षिक कर के रूप में ग्रहण करना चाहिए। प्रजा की रक्षा करने वाला राजा प्रजा द्वारा किए गए धर्म का षष्ठांश प्राप्त करता है। जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता है वह प्रजा द्वारा किए गए अधर्म का षष्ठांश प्राप्त करता है।

मनु का मत है कि दण्ड ही समस्त प्रजाओं पर शासन करता है। दण्ड ही प्रजाओं की रक्षा करता है। दण्ड को विद्वान् धर्म का हेतु कहते हैं। शास्त्रानुसार विधिवत् विचार कर दिया गया दण्ड प्रजाओं को अनुरक्त करता है। धन के लोभ से तथा प्रमाद से दिया गया दण्ड विनाश का कारण होता है। दण्ड ही राजा है, वही शासक है। वह चारों आश्रमों का प्रतिभू है। दण्ड के भय से सभी अपने-अपने कार्य में लगे रहते हैं। दण्ड का भली प्रकार से प्रयोग करने वाला राजा त्रिवर्ग से समृद्धियुक्त होता है।

तं राजा प्रणयन्सम्यक् त्रिवर्गेणाभिवर्धते।
कामात्मा विषमः क्षुद्रो दण्डेनैव निहन्यते।।

–मनु स्मृ० ७/२७

राजा को अपने राज्य में न्यायानुसार दण्ड का प्रयोग करना चाहिए। शत्रुदेश में कठोर दण्ड का प्रयोग करना चाहिए।

कौटिल्य अर्थशास्त्र के पश्चात् **कामन्दकीय-नीतिसार** राजनय का निरूपण करने वाले ग्रन्थों में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। राजा संसार के लिए आनन्द का स्रोत है, राज्य की वृद्धि का कारण है। राजा के रूप में यदि कोई नेता न हो तो राज्य उसी प्रकार नष्ट हो जाए जिस प्रकार पतवार के बिना नौका। कामन्दक का कथन है कि जिस प्रकार पर्जन्य देव वृष्टि प्रदान करने के कारण प्राणियों के जीवन का आधार है, उसी प्रकार राजा भी मनुष्यों के जीवन का आधार है। पर्जन्य के बिना प्राणी किसी प्रकार जीवन धारण कर सकते हैं परन्तु राजा के बिना नहीं।

पर्जन्य इव भूतानामाधारः पृथिवीपतिः।
विकलेऽपि हि पर्जन्ये जीव्यते न तु भूपतौ।।

का० नी० १/१३

जो राजा न्याय के पथ पर प्रवृत्त होता है वह अपने तथा प्रजा के लिए त्रिवर्ग की प्राप्ति कर लेता है। इसके विपरीत अन्याय के पथ पर प्रवृत्त होने वाला निश्चित ही विनाश को प्राप्त होता है। कामन्दक का मत है कि राजा को सदा धर्म के ही मार्ग का अवलम्बन लेना चाहिए। धर्म से राज्य की वृद्धि होती है।

धर्मेण वर्धते राज्यं तस्य स्वादु फलं श्रियः।

का० नी० १/१७

राजवृत्त चार प्रकार का कहा गया है। न्यायपूर्वक धन का उपार्जन करना, उसकी रक्षा करना, उसकी वृद्धि करना तथा उचित पात्र में दान देना। राजा को अपनी इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए तथा नीति के मार्ग का अनुसरण करने वाले राजा की कीर्ति तथा राजलक्ष्मी आकाश का स्पर्श करती हैं।

कामन्दक नीतिसार में राजनीति को दण्डनीति का पर्याय कहा गया है। संसार के कल्याण के लिए चार विधाएँ कहीं गई हैं। आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति। दण्डनीति समस्त विद्याओं का प्रारम्भ है।

आन्वीक्षिकी त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्च पार्थिवः।

का० नी० २/१

एकैव दण्डनीतिस्तु विधेत्योशनसी स्थितिः।

का० नी० २/५

दम दण्ड को कहते हैं। नय से नीति की उत्पत्ति हुई है। ''नयनात् नीतिरुच्यते''। राजा की नीति राजनीति या दण्डनीति कहलाती है।

कामन्दक भी अन्य राजनीतिशास्त्रियों की भाँति मानते हैं कि राज्य के ये सात अंग हैं– स्वामी, अमात्य, राष्ट्र, दुर्ग, कोश, बल, सुहृत्। इन में से किसी एक अंग के अभाव में राज्य का संचालन उचित रूप से नहीं हो सकता।

राजा की प्रकृतियों को सद्‌गुणों से युक्त होना चाहिए यथा– उच्चकुल, सत्त्व, शील, दक्षिणा, सत्य, वृद्धसेवा, कृतज्ञता, बुद्धि, दृढ़भक्ति, उत्साह, विनीतता, धार्मिकता, शुचिता, प्रख्यातवंशता। राजा का सचिव कुलीन, शूरवीर, अनुरागयुक्त, दण्डनीति का प्रयोग कर्ता, वाग्मी, प्रगल्भ, दूरदर्शी, उत्साही, बुद्धिमान, सत्य, शक्ति, धैर्य, उत्साह, दृढ़भक्ति से युक्त होना चाहिए। राजा को अत्यन्त विवेकपूर्वक सचिव के पद की नियुक्ति करनी चाहिए। अमात्य की ही भाँति मंत्रिपरिषद् के समस्त सदस्यों को अनेक गुणों से युक्त होना चाहिए यथा– स्मृति, अर्थों में तत्परता, तर्क वितर्क में युक्तता, मंत्रों के गोपन में कुशलता, दृढ़ता आदि।

कामन्दक का मत है कि ऐश्वर्य की कामना करने वाले नृप को दुर्ग का आश्रय लेकर निवास करना चाहिए। ऐसे नृप को शत्रु हानि नहीं पहुँचा सकते हैं। दूत राजा का नेत्र है। मनु तथा शुक्र की भाँति कामन्दक का भी मत है कि जो राजा दूत रूपी आँखों वाला है, उस पर कभी विपत्ति नहीं आती है।

चारचक्षुनरेन्द्रः स्यात्सम्पतेतेन भूयसा।

का० नी० १२/३०

दूत के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कामन्दक का कथन है कि दूत को वाचाल, स्मृतिमान्, विशेष रूप से वक्ता तथा अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग में कुशल होना चाहिए। कामन्दक के अनुसार दण्ड के भय के बिना प्रजाओं में मात्स्य न्याय प्रचलित हो जाता है। अतः राजा को सम्यक् रूप से दण्डनीति का प्रयोग करना चाहिए। दण्ड को धारण करता हुआ नृप प्रजा को सन्मार्ग पर लगाता तथा राष्ट्र की वृद्धि करता है।

दण्ड दण्डीव भूतेषु धारयन् धरणीसमः।
प्रजाः समनुगृह्णीयात् प्रजापतिरिव स्वयम्।।

का० नी० ३/६

राजा के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कामन्दक का कथन है कि राजा के तीन महान् गुण हैं– त्याग, सत्य और शौर्य।

त्यागः सत्यं च शौर्यं च त्रय एते महागुणाः।

का० नी० २/२३

राजनय का निरूपण करने वाले ग्रन्थों में शुक्राचार्य रचित शुक्रनीति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। शुक्राचार्य के अनेक पर्याय शब्द हैं यथा उशना, काव्य, भार्गव आदि। अन्तः साक्ष्यों के आधार पर यह ग्रन्थ गुप्तकाल या उसके बाद की रचना प्रतीत होता है। शुक्र का कथन है कि मनुष्यों के सम्पूर्ण अभीष्ट को सिद्ध करने वाला यह नीतिशास्त्र है। राजा के लिए नीति से रहित होना अत्यन्त हानिकर है। राजा का परम धर्म है नित्य प्रजाओं का पालन करना तथा दुष्टों का दमन करना।

ये दोनों कार्य नीतिशास्त्र के ज्ञान के बिना असम्भव हैं।

नृपस्य परमो धर्मः प्रजानां परिपालनम्।
दुष्टनिग्रहणं नित्यं च नीत्याऽतो विनाह्युभे।।

शु० नी० १/१४

नीति से रहित राजा उच्छृंखल व्यवहार करता है। शत्रुओं की वृद्धि हो जाने से वह सदैव दुःख भोगता है। शुक्र का मत है कि जिस प्रकार भोजन के बिना प्राणियों के शरीर की स्थिति नहीं रह सकती, उसी प्रकार सम्पूर्ण लोक व्यवहार की स्थिति बिना नीतिशास्त्र के नहीं रह सकती।

सर्वलोकव्यवहारस्थितिर्नीत्या विना नहि।

शु० नी० १/११

सात्त्विकादि गुणों के भेद से राजा तीन प्रकार का होता है– सात्त्विक, राजस, और तामस। राजा का मुख्य धर्म है प्रजा का रक्षण तथा संवर्द्धन करना। वह प्रजाओं के नेत्रों को उसी प्रकार आनन्द देने वाला है, जिस प्रकार चन्द्रमा समुद्र की वृद्धि का कारण है।

नयनानन्दजनकः शशांक इव तोयधेः।

शु० नी० १/६४

जिस प्रकार वायु में यह सामर्थ्य है कि वह सुगन्ध अथवा दुर्गन्ध को प्रेरित करे, उसी प्रकार राजा भी प्रजा के सत्कर्मों एवं दुष्कर्मों का प्रेरक है। जिस प्रकार सूर्यदेव अन्धकार के नाशक तथा धर्म के प्रवर्तक हैं उसी प्रकार राजा भी अधर्म का नाशक तथा धर्म का प्रवर्तक है।

वायुर्गन्धस्य सदसत्कर्मणः प्रेरको नृपः।
धर्मप्रवर्तकोऽधर्मनाशकस्तमसो रविः।

शु० नी० १/७३

शुक्र के अनुसार पुरोहित, प्रतिनिधि, प्रधान, सचिव, मन्त्री, प्राड्विवाक् पण्डित, सुमन्त्र, अमात्य और दूत ये दश राजा की प्रकृति कहलाते हैं। राज्य के संचालन में इनका प्रधान योगदान रहता है। राजा के लिए दुर्ग में निवास करना आवश्यक है। दुर्ग में निवास करने वाले नृप का शत्रुगण अहित नहीं कर सकते हैं। शुक्र का मत है कि दुर्ग नालिकाओं या तोपों से सुरक्षित होना चाहिए। राजा का कर्तव्य है कि युद्ध की सामग्रियों से परिपूर्ण, सैनिकों, अस्त्र-शस्त्र तथा कोष से दुर्ग को परिपूर्ण रखे। सहायक सामग्रियों से परिपूर्ण दुर्ग सर्वश्रेष्ठ होता है।

सहायपुष्टं यद् दुर्गं तत् श्रेष्ठतरं मतम्।

शु० नी० ४/६/१३

शुक्रनीति में छः प्रकार के बलों का निर्देश किया गया है यथा– शरीर का बल, शूरता का बल, सेना का बल, अस्त्र का बल, बुद्धि-बल, आयु का बल। इन बलों से युक्त विष्णु ही माना जाता है–

शारीरं हि बलं शौर्यबलं सैन्यबलं तथा।
चतुर्थमास्त्रिकबलं पञ्चमं धीबलं स्मृतम्।
षष्ठमायुर्बलं त्वेतैरुपेतो विष्णुरेव सः।।

शु० नी० ४/७/५, ६.

मन्त्र के षड्गुणों की भी शुक्र ने विस्तार से विवेचना की है क्योंकि राजा की सफलता तथा उत्कर्ष इनके प्रयोग पर निर्भर है। मंत्र के षड्गुण हैं– संधि, विग्रह, पान, आसन, समाश्रय एवं द्वैधीभाव।

अन्य राजनीतिशास्त्रियों की भाँति शुक्र का भी मत है कि दण्ड ही प्रजाओं का तथा धर्म का परम रक्षक है। जिस प्रकार यज्ञ में पशु की हिंसा वेद की आज्ञानुसार अहिंसा है उसी प्रकार दुष्ट पुरुषों की हिंसा भी अहिंसा ही है। राजा काम, क्रोध तथा लोभ इन तीन महान शत्रुओं को त्याग कर अनेक प्रकार के दण्ड का विधान करे।

स्मृति साहित्य में मनुस्मृति के बाद दूसरी महत्त्वपूर्ण स्मृति **याज्ञवल्क्य स्मृति** है, जिसके आचाराध्याय में राजा के गुण, मंत्रियों तथा पुरोहित की विशेषताएँ, राजा के कर्तव्य आदि का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। राजा के गुणों की विवेचना करते हुए याज्ञवल्क्य का कथन है कि राजा को महान उत्साही, धन देने वाला, कृतज्ञ, वृद्धों की सेवा करने वाला, कुलीन, सत्यवादी, पवित्र, आलस्यहीन सद्गुणी होना चाहिए। क्षत्रिय राजा जब युद्ध भूमि में लड़ते हुए आयुधों द्वारा मृत्यु को प्राप्त करते हैं तो वे मृत्यु के उपरान्त योगियों के समान निश्चित ही स्वर्ग को प्राप्त करते हैं।

य आहवेषु वध्यन्ते भूम्यर्थमपराङ्मुखाः।
अकूटैरायुधैर्यान्ति ते स्वर्गं योगिनो यथा।।

याज्ञ० स्मृ० १/३२४

राजा तूर्य तथा शंख की ध्वनि के साथ शयन करे तथा इसी प्रकार अपनी निद्रा का परित्याग भी करे। अपनी बुद्धि से शास्त्रों तथा समस्त किए जाने वाले कार्यों का चिन्तन करे। राजा का सर्वप्रधान धर्म है प्रजा का पालन करना। न्याय पूर्वक प्रजा का पालन करने से राजा प्रजा के पुण्य का छठाँ भाग प्राप्त करता है। राजा को प्रजा की आय का केवल षष्ठांश ही उसकी वृद्धि के लिए ग्रहण करना चाहिए। जो नृप अन्यायपूर्वक अपनी प्रजा से धन लेकर अपने कोश की वृद्धि करता है, वह शीघ्र ही लक्ष्मीविहीन हो जाता है तथा बन्धु बान्धवों सहित नष्ट हो जाता है।

याज्ञवल्क्य का मत है कि प्रजापीडन के संताप की अग्नि राजा के वंश, राज्यलक्ष्मी तथा प्राण इन सबको नष्ट करके ही शांत होती है।

प्रजापीडनसंतापात्समुद्भूतो हुताशनः।
राज्ञः कुलं प्रियं प्राणांश्चादग्ध्वा न निवर्तते।।

याज्ञ० स्मृ० १/३४१

गुप्तचर ही राजा के नेत्र हैं। राजा को गुप्तचरों द्वारा राज्य सम्बन्धी वृत्तान्त को जान लेना चाहिए। राजा को वेदज्ञ ब्राह्मणों को विशेष आदर प्रदान करना चाहिए। राजा को शास्त्रों के ज्ञान एवं अनुष्ठान से समृद्ध, ग्रहों के उत्पात एवं शमन का ज्ञान रखने वाले दण्ड एवं नीति में कुशल ब्राह्मण को पुरोहित बनाना चाहिए।

मनु के समान याज्ञवल्क्य का भी मत है कि राजा को अपनी रक्षा के निमित्त दुर्ग का निर्माण कराना चाहिए। रमणीक, जहाँ पशुओं को खाद्य सामग्री प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो, जीवन निर्वाह में सहायता देने वाले कन्दमूलं, पुष्प, फल जहाँ उपलब्ध हों, ऐसे वनप्राय देश में राजा निवास करे।

रम्यं पशव्यमाजीव्यं जाङ्गलं देशमावसेत्।
तत्र दुर्गाणि कुर्वीत जनकोशात्मगुप्तये।

याज्ञ० स्मृ० १/३२१।

राजा को मंत्र का गोपन करना चाहिए। जिस राजा का मंत्र उसके शत्रु नहीं जान पाते हैं उसी का राज्य स्थिर रह सकता है।

मन्त्रमूलं यतो राज्यं तस्मान्मन्त्रं सुरक्षितम्।

याज्ञ० स्मृ० १/३४४

राजा को षड्गुणों का भलीभाँति ज्ञान होना चाहिए। याज्ञवल्क्य का मत है कि ब्रह्मा ने आदिकाल में दण्ड के रूप में धर्म की सृष्टि की है। राजा का कर्त्तव्य है कि वह दुराचारियों को दण्ड दे। जो नृप दण्डनीय व्यक्तियों को शास्त्रानुसार दण्ड देता है वह अधिक दक्षिणा वाले यज्ञों का फल प्राप्त करता है।

शैवदर्शन : आगम की एक विलक्षण धारा

डा. प्रकाश पाण्डेय
दिल्ली

इतिहास साक्षी है कि, किसी भी संस्कृति को कालजयी बनाने का श्रेय वहाँ की दार्शनिक चिन्तन-सन्तान की उदात्तता को होता है। दर्शन-जीव, जीवन और जिजीविषा का सम्यक् अध्ययन करता है तथा मनुष्यों को जीवन पद्धति की चिरस्थायी कला का उपदेश देता है। कालान्तर में यही दार्शनिक चेतना संस्कृति के रूप में अभिव्यक्त होती है। भारतीय संस्कृति की सनातनता का रहस्य भी यही है।

भारतीय संस्कृति आर्यों, अनार्यों की मिश्र संस्कृति मानी जाती है। किन्तु, दोनों प्रकार की संस्कृतियों की कलाओं में दोनों वर्गों की छाप होते हुए भी, आर्यों की उदारता तथा उदात्तता प्रभावी दृष्टिगोचर होती है, तथा आर्य संज्ञा को अन्वर्थ सिद्ध करती है। आर्य शब्द ''अरि '' शब्द से निष्पन्न है। ऋग्वेद में 'अरि' शब्द शत्रु एवं मित्र दोनों का वाचक है। भाषाविज्ञान के अनुसंधाता ''अरि'' शब्द को ''अपरिचित'' का वाचक मानते हैं। तदनुसार ''आर्य शब्द का अर्थ हुआ-''जो अपरिचितों को भी सम्मान दें'' यह है आर्य शब्द में निहित भारतीय संस्कृति का बीज। इसीलिए अनार्य वर्गों की परम्पराओं को अपना कर उनके चिन्तन को दार्शनिक रूप देकर, अपने समानान्तर स्थान पर प्रतिष्ठित करके उन्हें वैचारिक दृष्टि से समृद्ध कर देना ''आर्यों'' का इतरव्यावर्तक गुण है। यही गुण दर्शन के क्षेत्र में भी दृष्टिगोचर होता है। भारत में मुख्यतः तीन दार्शनिक धारायें हैं।

१. वेद वाक्यों, सिद्धान्तों को अपना उपजीव्य मानने वाले- मीमांसा, वेदान्त, न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग। वेदान्त को शंकर, निम्बार्क, रामानुज, वल्लभ, चैतन्य आदि आचार्यों ने अद्वैत, द्वैत, द्वैताद्वैत, अचिन्त्य द्वैताद्वैत, विशिष्टाद्वैत आदि प्रस्थानों से अधिक समृद्ध बनाया।

२. वेदों का, मुख्यतः उसके कर्मकाण्ड भाग का विरोध करने वाले -बौद्ध (योगाचार, माध्यमिक सौत्रान्तिक वैभाषिक) जैन, चार्वाक आदि।

३. वेदों का विरोध न करने वाले किन्तु मुख्यतः ''आगमों'' को अपना उपजीव्य मानने वाले दार्शनिक।

प्रस्तुत लेख में तीसरी वेदाविरुद्ध दार्शनिक धारा की चर्चा करना इष्ट है, जिसे आर्यों ने आत्मसात् कर लिया तथा उसकी विलक्षण चिन्तन शैली के कारण उसके अस्तित्व को पृथक् रूप से अक्षुण्ण बनाये रखा। वैदिक धारा के विशाल प्रवाह में विलीन नहीं कर सके। वेदों के समानान्तर पल्लवित होने वाली इस चिन्तनशैली के मुख्यतः दो भेद हैं–१. शैव, २.शाक्त।

दोनों वेदों में शिव एवं शक्ति तत्त्वों को अविकल रूप से स्वीकार किया गया है। जिस प्रकार वेद परम पुरुष चिदानन्दघन के विश्वास या वचन हैं, उसी प्रकार शैवों -शाक्तों के उपजीव्य ''आगम'' ''परम शिव'' किसी न किसी रूप में उचित पात्र को, इन आगमों का उपदेश, लोक

कल्याणार्थ करते हैं। कलिकाल में शैवमत के प्रचारार्थ भगवान शंकर के अनुग्रह की एक कथा आचार्य सोमानन्द ने ''शिवदृष्टि'' में दी है–

परमशिव ने एक बार ''श्रीकण्ठ'' रूप में कैलासादि का भ्रमण करते हुए मानव कल्याणार्थ, ऊर्ध्व रेता, क्रोधभट्टारक दुर्वासा मुनि को संसार में ''शैवदर्शन'' के प्रचार-प्रसार का आदेश दिया। शिव के आदेश से दुर्वासा ने त्र्यम्बकादित्य नामक एक मानस पुत्र पैदा किया।उस मानसपुत्र में शैवसिद्धान्तों को दीक्षा के माध्यम से संक्रमित किया। त्र्यम्बकादित्य त्र्यम्बक नामक मानसपुत्र उत्पन्न करके उसे शैवागमों में निष्णात करके आकाश में चले गये। इस प्रकार चौदह आचार्यों ने अपने मानसपुत्रों तक ही शैव विद्या के ज्ञान को सीमित रखा। ये सभी निवृत्ति मार्गी ही रहे। पंद्रहवें मानसपुत्र संगमादित्य प्रवृत्तिमार्ग का वरण करते हुए, सुलक्षणा रूप शील संपन्ना ब्राह्मणी से विवाह करके कश्मीर पधारे। कश्मीर में ही उनकी पत्नी ने वर्षादित्य को जन्म दिया। उनके पुत्र अरुणादित्य के पौत्र तथा आनन्द के पुत्र आचार्य सोमानन्द हुए, जिनके ज्ञान के तेज को आज भी दार्शनिक जगत् में विपक्षी सहन नहीं कर पाता। आचार्य सोमानन्द महामाहेश्वराचार्य अभिनव-गुप्तपाद के परमेष्ठि गुरु थे।

शैवदर्शन के आकर आगमों के प्रामाण्य को स्वीकार करते हुए इसमें भी अनेक दार्शनिक प्रथाओं का जन्म हुआ। सम्पूर्ण भारत में ईसा के आरम्भिक वर्षों में ही ये दार्शनिक मान्यतायें प्रतिष्ठित हो गई थीं। इनमें द्वैत–१. पाशुपत, २. सिद्धान्त, अद्वैत–१.स्पन्द, २. प्रत्यभिज्ञा यात्रिक, ३. क्रम। द्वैताद्वैत –१ लकुलीश पाशुपत२. वीरशैव सिद्धान्त प्रधान हैं तथा इनके अतिरिक्त घोर कालमुख कापालिक मत भी आगम सम्पत शैव प्रथायें हैं।

आधुनिक काल गणना की दृष्टि से यदि इनकी प्राचीनता का आकलन किया जाय तो इनके आचार्यों की परम्परा प्रथमशती ई. से आरम्भ मानी जायेगी। सोमनाथ एवं मथुरा में प्राप्त द्वितीय शती के प्रारम्भ के शिलालेखों में प्राप्त उल्लेखों के आधार पर ''लकुलीश पाशुपत'' के प्रणेता ''लकुलीश'' का काल प्रथमशती माना जाता है। १० वीं शती के उत्तरार्द्ध के आचार्य अभिनव गुप्त, आचार्य परम्परा में२५ वें स्थान पर हैं। यदि प्रत्येक के आचार्यत्व काल में ५० वर्षों का अन्तर मानें तो ई. के पूर्व ही इनके प्रवर्तक आचार्य त्र्यम्बकादित्य का काल स्थिर होगा। यद्यपि प्राप्त साहित्य इतने प्राचीन नहीं हैं, किन्तु उनमें प्राचीन परम्परा का ही समाम्नाय है। आचार्य अभिनव तन्त्रालोक (६/११-१२) में स्पष्ट करते हैं कि कलि के आरम्भ में, एक साथ ही त्र्यम्बक, अमर्दक तथा श्रीनाथ ने क्रमशः अद्वैत, द्वैत तथा द्वैताद्वैत का उपदेश दिया था।–

तेषां क्रमेण तन्मध्ये भ्रष्टकालान्तराद्यदा।
तथा श्रीकण्ठनाथाज्ञावशात् सिद्धा अवातरन् ।।
त्र्यम्बकामर्दकाभिख्य श्रीनाथा अद्वये द्वये।
द्वयाद्वये च निपुणाः क्रमेण शिवशासने।।

द्वैत शैव मत के दो विभाग हैं –

१- पाशुपत दर्शन।

२- सिद्धान्त शैव दर्शन।

द्वैताद्वैत मत में –

१. लकुलीश का पाशुपत दर्शन।

२. वीर शैव सिद्धान्त।

३. कापालिक मत।

अद्वैत में –

१. स्पन्द, २. क्रम, ३. प्रत्यभिज्ञा या त्रिक।

द्वैताद्वैत दर्शन का प्रचार-प्रसार प्रधानतः दक्षिण भारत में हुआ था। अद्वैत एवं द्वैत मतों का पल्लवन भारत में शीर्ष भूत सरस्वती के देश कश्मीर में हुआ।

प्रस्तुत लेख में शैव दर्शन के द्वैत एवं अद्वैत शाखाओं की दार्शनिक मान्यताओं का भारतीय वैदिक द्वैत एवं अद्वैत दर्शनों की दार्शनिक मान्यताओं के साथ तुलनात्मक विवरण संक्षेप में प्रस्तुत करना इष्ट है। द्वैत पाशुपत दर्शन का उपजीव्य १० आगम मृगेन्द्रतन्त्र के अनुसार क्रमशः १. कामज या कामिक।२. योगज। ३. चिन्त्य। ४. मौकुट। ५. अंशमत्। ६.दीप्त। ७. कारण। ८.अजित। ९. सूक्ष्म। १०. सहस्त्र हैं। अभिनवगुप्त एवं उनके टीकाकार जयरथ की दृष्टि में आगम द्वैत परक न होकर द्वैताद्वैत परक थे। किन्तु इनकी द्वैतानुसारिणी टीकाओं के उल्लेख के कारण इन्हें द्वैत प्रतिपादक भी स्वीकार किया जाता है। पाशुपत दर्शन के प्रतिपादक स्वतंत्र साहित्य यद्यपि प्राप्य नहीं हैं तथापि ब्रह्मसूत्र २.२.७ तथा हरिभद्र सूरि एवं राजशेखर के षड्दर्शन समुच्चयों में इसके सिद्धान्तों का उल्लेख प्राप्त होता है।

आचार्य वाचस्पति मिश्र ने भामती में शैवों को माहेश्वर संज्ञा दी है–''चत्वारो माहेश्वराः - शैवाः पाशुपताः, कारुणिकसिद्धान्तिनः कापालिकाश्च। चत्वारोप्यमी महेश्वरप्रणीत-सिद्धान्तानुयायित्वान्माहेश्वराः'' उसके सिद्धान्त का उल्लेख करते हुए भामतीकार का कथन है ''एष तेषाभिसन्धिः -

चेतनस्य खल्वधिष्ठातुः कुम्भकारादेः कुम्भादिकार्ये निमित्तकारणत्वं न तूपादानत्वमपि, तस्मादिहापीश्वरो जगत्कारणं निमित्तमेव न तूपादानमपि एकस्याधिष्ठातृत्वाधिष्ठेयत्वविरोधात्।''

(ब्र.सू. २.२.७ भाष्य पर भामती)

इस प्रकार ''पत्यधिकरण'' के व्याख्याताओं ने शैवों को मात्र भेदवादी ही स्वीकार किया है। शैव दर्शन की अद्वैत परक चिन्तन शैली को उद्घाटित नहीं किया है। यद्यपि शैव अद्वैत, वेदान्त की अपेक्षा अधिक प्रायोगिक एवं पूर्ण है। अद्वैत वेदान्त से अद्वैत शैव दर्शन का भेद आगे सपष्ट किया जायेगा। इसके पूर्व परिणामवादी ''सिद्धान्त शैव दर्शन'' का परिचय दिया जा रहा है।

सिद्धान्ती शैव सत्कार्यवादी होते हैं। सांख्य की भांति वे जगत् को माया का पयः से दधि की भांति, तात्त्विक परिणाम स्वीकार करते हैं। माया कला, विद्या, राग, नियति, काल आदि तत्त्वों में परिणत होती है। इस मत में माया दो प्रकार की होती है। १-प्रथम जिसके कारण सांसारिक पदार्थों का अनुभव होता है। २.द्वितीय जो ''शुद्ध सृष्टि'' में मन्त्र, मन्त्रेश आदि प्रमाताओं को अपने कार्यों का अनुभव कराती है। इसे महामाया भी कहते हैं। प्रलयावस्था में इसी महामाया की शक्ति में समस्त अनुभवों के कारणों का लय हो जाता है। इसमें मुख्यतः ३ तत्त्व स्वीकार किये जाते हैं-

१.महामाया, २. पुरुष, ३.शिव। जगत् कारण मीमांसा से भिन्न प्रकरणों में –१पाश,२. पशु, ३. पति ये तीन तत्त्व माने गये हैं।

महामाया और पाश –

शिव और पुरुष पति और पशु के नामान्तर हैं। किन्तु महामाया और पाश में भेद हैं। पाश में मलत्रय (आणव कार्म मायीय), माया (दोनों प्रकार की), रोध शक्ति, विन्दु आदि तत्त्व परिगणित हैं। महामाया सर्वानुभव कारणभूता मात्र ही है। पाश की परिभाषा अधिक व्यापक है। ''महामाया'' उसी में अन्तर्भूत है।

पति–

एक, सर्वव्यापी, प्रभु, शान्त, निर्लेप, अकारणकारण, अविकारी, जगत् का निमित्त कारण भूत तत्त्व को ''पति'' कहा गया है। जिस प्रकार सूर्य की किरणें कमलोन्मीलन करती हैं, उसी प्रकार शिव या पति जगत् का उन्मीलन करता है। उपादान भूता शिव की शक्तियां समवायिनी माया के माध्यम से जगत का सृजन पति करता है।

निमित्तकारणं त्वीशो ह्युपादानं च शक्तयः।
समवायि तथा माया कायमतज्जगत्रयम्।।

माया और पति का समवाय सम्बन्ध होता है–

शक्तो यया स शम्भुर्मुक्तौ मुक्तौ च पशुगणस्यास्य।
तामेकां चिद्रूपामाद्यां सर्वात्मनाऽस्मि नतः।।

सृष्टि –

शुद्ध और अशुद्ध भेद से सृष्टि दो प्रकार की है। प्रथम का कर्ता शिव-विन्दु गद, शुद्धविद्या का अभिव्यञ्जन करता है। जिस प्रकार शरीर में स्थित आत्मा स्पन्दन उत्पन्न करती हैं, उसी प्रकार अशरीरी शिव शुद्ध सृष्टि उत्पन्न करता है।

सविकल्पक ज्ञान ग्राह्य पदार्थ की सृष्टि के लिए शरीरी कर्ता की आवश्यकता होती है। तथा सविकल्पक ज्ञान शब्दोत्पत्ति के बाद होता है–

''वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्।''

किन्तु शुद्ध सृष्टि विकल्पसाधन भूत शब्दोत्पत्ति की भूमिका से पूर्व होती है। अतः इसके कर्ता के अशरीरी होने से कोई आपत्ति नहीं है। अशुद्ध सृष्टि ''पति'' प्रेरित वैन्दव शरीरी विधेश्वर आदि के द्वारा निर्मित होती है। यह सृष्टि सविकल्पक ज्ञान-साधन शब्दोत्पत्ति के पश्चात् होती है। इसका समवायि कारण माया होती है। अशुद्ध सृष्टि में ही पाशबद्ध जीव नाना प्रकार के सुख-दुःखादि भोगों का अनुभव करते हैं।

पाश–

''पाश'' ही पशु और पति में भेद का कारण है। इसमें १. मल, २. माया, ३. कर्म, ४. रोधशक्ति, ५. विन्दु परिगणित हैं।

क-मल-आणव-

यह 'नेत्रों की जाली' की भांति आत्मा के अनादि आवरण का कारण है। इसकी निवृत्ति शिव के अनुग्रह से सम्भव है। जैसे मोतियाबिन्दु के पाक के बाद ही वैद्य उपचार करता है, उसी प्रकार आगमोक्त क्रिया, चर्या, योगानुष्ठानादि के अभ्यास से आणव मल का पाक होने पर ही शिव का अनुग्रह होता है।

'आणव मल' अनन्त शक्ति सम्पन्न होता है। प्रत्येक जीव के क्रिया ज्ञान शक्ति को परिमित बनाने के लिये उसकी एक शक्ति का योग होता है। एक ही आणव मल अनन्त शक्तियों के माध्यम से सभी जीवों से सम्बद्ध होता है।

ख-मायीय–

मायीय मल, अर्थात माया का कार्य। उसका कार्य है -१.आत्मा का बुद्धि के साथ तादात्म्य स्थापित करना। २. संसार एवं समस्त विषयों को इदन्तया भासित करना।

ग- कार्य -

''नाभुक्तं क्षीयते कर्म, अमिट सिद्धान्त है। जीव कर्म फल के ही रूप में सुखदुःखादि भोग का बन्धन पाते हैं। अतः इसे भी मल माना गया है।

माया -

माया वस्तु रूपा तथा अशुद्ध सृष्टि के कला भुवनादि सूक्ष्म स्थूल शरीर तथा तदुपयोगी विषय-जात की उपादान कारण भूता है।

निरोध-

यह परमेश्वर की शक्ति है। मायीय एवं कार्य मलों के अनुसार इसी शक्ति से परमेश्वर जीवों को स्व स्व कर्मानुसार भोग उपलब्ध कराते हैं।

विन्दु-

मायीय एवं कार्म मल के क्षय होने पर आणव मल शेष रहता है। मात्र ''आणव मल'' युक्त जीव शुद्ध सृष्टि में पाये जाते हैं। उनके शरीर का उपादान विन्दु होता है। वैन्दव शरीर से मुक्त होने पर ही परमोक्ष संभव होता है। अतः विन्दु को भी मलत्वेन स्वीकार किया गया है। विन्दु कुछ तत्त्वों में भी प्रथम तत्त्व है, जो कि शुद्ध जगत् का उपादान है। शिव भी प्रथमतत्त्व हैं। अतः विन्दु और शिव में तादात्म्य नहीं स्थापित करना चाहिए। विन्दु को महामाया भी कहते हैं।

अन्य भेदवादी दार्शनिकों से किञ्चित् तुलना करने से शैव-द्वैत वाद का महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा।

पाशुपत और सिद्धान्त शैव-

पाशुपत दर्शन कारण, कार्य, योग, विधि, दुःखान्त नामक ५ पदार्थ मानता है, सिद्धान्ती-पति, पशु, पाश तीन ही तत्त्व स्वीकार करते हैं। सिद्धान्त का ''पति'' पाशुपत के ''कारण''का ही नामान्तर है। लकुलीश (भेदाभेद वादी पाशुपत) भी ५ पदार्थ मानते हैं तथा ''कारण'' के लिए ''पति'' शब्द का प्रयोग करते हैं। आचार्य शंकर (ब्र.सू.२.२.७) का कथन है कि-

''पञ्च पदार्थाः पशुपतिनेश्वरेण पशुपाशविमोक्षणायोपदिष्टाः''।

अतः सिद्धान्त के तीन तत्त्व पाशुपतों के ५ पदार्थों से तत्त्वतः पृथक नहीं हैं, केवल दृष्टि एवं व्याख्या पद्धति का भेद है।

सांख्य एवं सिद्धान्त में भेद -

शिव तत्त्व सांख्य के पुरुष तत्त्व की भांति निर्लेप और ज्ञ मात्र नहीं होता, अपितु अनादि मल से आवृत होता है। निर्मल पुरुष में भोक्तृत्व असंभव है। इसलिए उसे मलावृत मानता पड़ता है। यदि योग को पुरुष का स्वभाव माना जाय तो मुक्त आत्मा भी भोगी होगी।

शैवों की भोग प्रक्रिया भी सांख्य सम्मत भोग से भिन्न हैं। सांख्य में भोग के लिए -

१. पुरुष, बुद्धि में स्व प्रतिबिम्ब से तादात्म्यापन्न होगा। जैसे जपाकुसुम के प्रतिबिम्ब से रक्त स्फटिक।

२. पुरुष और बाह्य पदार्थ के प्रतिबिम्ब का ग्रहण बुद्धि करेगी।

३. बुद्धि में प्रतिबिम्बित विषय वर्तमान होगा।

४. अहंकार, जो कि पुरुष प्रतिबिम्ब को विषय प्रतिबिम्ब से संयुक्त करता है, तथा पुरुष के प्रतिबिम्ब का पुरुष के साथ तादात्म्य स्थापित करता है, साथ ही पुरुष और उसके प्रतिबिम्बित के तादात्म्य को व्यवहार के लिए उपयोगी बना कर ''अहं घटं जानामि'' यह अनुभव उत्पन्न करता है। **ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी** (भाग-१पृ. १५३) में आचार्य अभिनव गुप्तपाद ने इसका उल्लेख किया है। इसके विपरीत सिद्धान्त शैव, भोग को बाह्य विषय के प्रतिबिम्ब ग्रहण से तादात्म्यापन्ना बुद्धि का पुरुष द्वारा किया जाने वाला अनुभव मात्र मानते हैं। अतः भोगी पुरुष भी बुद्धि के परिणाम के साथ संसृष्ट नहीं हो पाता, प्रत्युत विषय प्रतिबिम्ब परिणत बुद्धि के साथ उसका संबंध जल प्रतिबिम्बित चन्द्र की भाँति होता है। अतः चेतन पुरुष ही कर्ता भोक्ता है, न कि अचेतन बुद्धि। बुद्धि तो स्वयं ही विषय-रूपा एवं जडात्मका है।

इस प्रकार अति संक्षेप में द्वैत शैव दर्शन की मान्यताओं का परिचय दिया गया। अब लेख विस्तार के भय से इस विषय को विराम देकर अद्वैत शैव नय और अद्वैत वेदान्त में भेद का स्थाली-पुलाक-न्याय से अवलोकन किया जायेगा।

अद्वैत एवं शिवाद्वय-

अद्वैत वेदान्ती स्वयं प्रकाश ब्रह्म का सद् रूप मानते हैं, तथा संसार प्रपञ्च का सत्त्वाभ्यां अनिर्वचनीया माया, अज्ञान या अविद्या कल्पित मानते हैं। भासमान भेद अविद्या के कारण है जो कि अनिर्वचनीया है। शैवाद्वैती प्रश्न करता है कि यह अविद्या है किसकी ? ब्रह्म की तो हो नहीं सकती, क्योंकि ब्रह्म ज्ञानरूप, नित्य अखण्ड है उसे अविद्या रूप मानना सम्भव ही नहीं। ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य कोई पदार्थ है नहीं जिससे अविद्या को संयुक्त किया जा सके।

यदि अविद्या अनिर्वाच्या कही जाय तो सिद्ध करना कठिन है, क्योंकि स्वरूपतः उसका भान होता है। जगत् का कारण है, ब्रह्म को आवृत करती है, समरत जागतिक कार्य उसके द्वारा सम्पादित हो रहे हैं। फिर भी सिद्धान्त भंग के भय से अनिर्वाच्या कही जा रही है। वेदान्ती कहेंगे कि युक्तियां उसे अनिर्वाच्या ही सिद्ध करती है। शैव कहता है कि मित्र ! यह युक्ति क्या पदार्थ है जो अनुभव को मिथ्या करने का कुचक्र रच रही है। यदि कहा जाय कि ब्रह्म अविकल्प रूप में

विराजमान है, तथा सांसारिक भेद विकल्प के कारण हैं, भ्रम के कारण हैं। पुनः प्रश्न होगा कि यह विकल्प या भ्रम किसका व्यापार है? यदि ब्रह्म का तब उसे अविद्या रूप मानो। अन्य कोई है ही नहीं। अविकल्पक को सत्य और सविकल्पक को असत्य मानें तब भी बात नहीं बनती क्योंकि भास- मानता या अपरोक्षानुभूति दोनों में समान है। यदि कहें कि भेद भासमान होने पर भी बाधित होता है, जैसे मोक्ष दशा में। तब तो कहना होगा कि जैसे मोक्षावस्था में भेद बाधित है उसी प्रकार संसारावस्था में अभेद भी बाधित है। क्योंकि बाध विपरीत संवेदनोदय के अतिरिक्त कोई पदार्थ नहीं है। अतः अगत्या स्वतन्त्र प्रकाशत्व का शैव सिद्धान्त ही एक मात्रा शरण है।

शैव दर्शन का अद्वैत, शक्ति एवं शक्तिमान के नित्य सामरस्य को द्योतित करता है, तथा प्रवृत्ति मार्गी है। 'माया परम शिव' के साथ अभिन्न रूप से नित्य समवेत है तथा परमार्थ शक्ति-रूपा है–

न शिवः शक्तिरहितः न शक्तिः शिववर्जिता।
तादात्म्यमनयोर्नित्यं वह्निदाहकयोरिव।।

अविद्या को स्फोटवादी भी ब्रह्म की शक्ति मानते हैं। इस अंश में दोनों एक मत हैं-

''ब्रह्म वादेऽविद्यां मायाशक्तीकृत्य विज्ञानाद्वयमात्मेश्वराभिप्रायेण निरूप्य सिध्यत्येव जनः।''

(ईश्वरप्रत्य.वि. का उपसंहार)

शक्ति ही परमतत्त्व की अभिव्यञ्जिका है। इनमें भेद दृष्टि सम्भव नहीं है। अग्नि का दाहकता के अतिरिक्त स्वरूप निर्वचन का प्रयत्न ही व्यर्थ है।

अद्वैत शैव प्रकाशमानता को सत्त्व की परिभाषा मानते हैं। इस मत में मोक्षावस्था में ही अद्वैत नहीं होता अपितु संसारावस्था में भी अद्वैत ही होता है। जो कि प्रत्यभिज्ञान दार्ढ्य से प्रमाता अनुभव करता है। क्योंकि सभी प्रदार्थ प्रकाशमान हैं तथा प्रकाशस्वरूप परमतत्त्व से अभिन्न हैं। इसका सम्यक् विवेचन अभिनवगुप्त ने **ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्ति** और **विमर्शिनी** में किया है। यथा -

''इदं'' इस रूप में पृथक् भाव से भासमान पदार्थों का भास, शुद्ध चिन्मय प्रमाता के साथ ऐक्य स्वीकार करने वाले पुरुषों के लिए ही उपपन्न होता है, अन्यथा नहीं। यदि विषयों में प्रकाशमानता न स्वीकार किया जाय तो नील आदि संज्ञा ही असंभव होगी। यदि पदार्थों से ज्ञानात्माप्रकाश भिन्न है तो 'प्रकाश' मात्र रूपत्वात् उसका स्वात्मा से अभेद है। क्योंकि ''नीलस्य प्रकाशः ज्ञानं वा'' इस स्थल में जो ''नीलांश'' है वह ही ज्ञान का स्वरूप है ऐसा तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि ज्ञान और विषय में भेद माना जा रहा है। अतः नील ज्ञान और पीत ज्ञान का पारस्परिक भेद करना कठिन होगा, क्योंकि, उन दोनों को प्रकाश रूप नहीं माना जा रहा है। ऐसा भी नहीं कह सकते कि यह नील जनित ज्ञान है यह पीत जनित ज्ञान है क्योंकि दोनों में भेद सिद्ध हो नहीं पा रहा है। ऐसा भी नहीं कह सकते कि नीलाकार पीताकार ज्ञान प्रतिबिम्ब बलात् होता है। क्योंकि, ज्ञान से भिन्न प्रतिबिम्ब भासमान होगा नहीं। अतः पदार्थों को भी प्रकाशमान मानना होगा। ऐसा नहीं कहना चाहिए कि पदार्थ यदि सदा प्रकाश रूप होते हैं तो सभी को सदा भासित होने चाहिए। क्योंकि परिमित प्रमाता के प्रति पदार्थ का भान महेश्वर के ज्ञान शक्ति पर निर्भर करता है। प्रकाशमान रूपत्वात् स्वतन्त्र प्रकाशमान परमेश्वर के साथ संसार का अभेद है- स्वयमेव

स्वभित्तौ विश्वमुन्मीलयति। (शिवसूत्र)।

प्रमुखतः शैवों को निराशावादी बौद्धों से संघर्ष करना पड़ा था। ७८-१०१ ई. के शासक कनिष्क ने कश्मीर में चौथी बौद्ध संगीति करके सम्पूर्ण कश्मीर को बौद्धों को दे दिया। वैभव लोभी एवं शिवद्रोही नागार्जुन आदि अपनी विलक्षण बुद्धि का दुरुपयोग करके शैव धर्म का विनाश कर रहे थे जिसे आर्यों ने आत्मसात् कर लिया था। इसे राजतरंगिणीकार भी प्रमाणित करते हैं-

नागार्जुनेन सुधिया बोधिसत्त्वेन पालिताः ।
क्रियां नीलपुराणोक्तमाच्छिन्दन्नागमद्विषः।।

शिवसूत्र वार्तिक का भी कथन है–

नागबोध्यादिभिः सिद्धैर्नास्तिकानां पुरःसरैः।
आक्रान्ते जीवलोकेस्मिन्नात्मेश्वरनिरासकः।।

परन्तु ईश्वर प्रणीत आगमसम्मत सनातन धर्म के अंग तथा नित्य-प्रकाश शिव की शरण लेने वाले शैव-धर्म का विनाश तो दूर रामकण्ठ, सद्योज्योति, सोमानन्द, अभिनव गुप्त पाद, जयरथ, क्षेमराज प्रभृति सरस्वती के देश में उत्पन्न आर्यों की संस्कृति के गौरव-भूत विद्वानों ने, उसके प्रकाश से समस्त संसार को प्रकाशित कर डाला। संसार को शिवरूप प्रतिपादित करके प्रवृत्ति मार्ग की पवित्रता का प्रतिपादन करते हुए विश्वकल्याण एवं बन्धुत्व की भारतीय भावना को प्रबल बनाया। यही कारण था, कि शैवदर्शन वेद जन्य न होते हुए भी वैदिक रुद्र के उपासक आर्यों की श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है, तथा सनातन वैदिक धारा का प्रमुख अङ्ग भी बन गया है।

पताका स्थानक -विधान में धनञ्जय का योगदान

डा० काजी अञ्जुम सैफी
अलवर (राज०)

नाट्य में किसी अन्य वस्तु से सम्बद्ध किसी उक्ति के माध्यम से आगामी समय में घटित होने वाली तथा प्रस्तुत से सम्बद्ध घटना के विषय में सूचना देने वाला इतिवृत्त अथवा नाट्यांश पताका स्थानक कहलाता है। धनञ्जय के अनुसार इसका यह प्रयोजन दो प्रकार से सिद्ध हो सकता है– समान इतिवृत्त के माध्यम से अथवा समान से सिद्ध हो सकता है– समान इतिवृत्त के माध्यम से अथवा समान विशेषणों के प्रयोग के द्वारा। फ्लतः पताका स्थानक के भी दो प्रकार सम्भव हैं– प्रथम तुल्य संविधान पताका स्थानक और द्वितीय तुल्य विशेषण पताकास्थानक।[१]

धनञ्जय द्वारा निरूपित पताका स्थानकों के सम्बन्ध में धनिक ने अपनी वृत्ति में अन्योक्ति और समासोक्ति शब्दों का स्पष्ट रूपेण अभिधान किया है।[२] सम्भवतः धनिक से ही प्रभावित होकर दशरूपक के परवर्ती टीकाकार बहुरूप मिश्र ने भी ऐसा ही मत अभिव्यक्त किया है।[३]

वस्तुतः पताका स्थानक के इन दोनों प्रकारों को क्रमशः अन्योक्ति और समासोक्ति अलङ्कारों से सम्बद्ध करने की यह मनोवृत्ति किञ्चित् अनुचित-सी ही प्रतीत होती है। सम्भवतः स्वयं धनञ्जय को भी यह व्यवस्था अभिप्रेत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पताका स्थानक की परिभाषा करते समय उपर्युक्त अलङ्कारों की सत्ता की ओर कोई सङ्केत ही नहीं किया है। यद्यपि अन्योक्ति शब्द का प्रयोग उन्होंने किया अवश्य है, तथापि वह अलङ्कार विशेष के रूढ़ अर्थ में किया गया है, ऐसा प्रतीत नहीं होता है। वास्तव में 'प्रत्यक्षार्थ से भिन्न अन्यार्थ' का बोध कराने के लिये ही उनके द्वारा 'अन्योक्ति' शब्द प्रयुक्त हुआ है, पारिभाषिक अर्थ में नहीं। डॉ० गोविन्द त्रिगुणायत[४] और डॉ० राम जी उपाध्याय[५] का भी ऐसा ही दृष्टिकोण प्रतीत होता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि धनञ्जय द्वारा प्रयुक्त इन 'अन्योक्ति' और 'तुल्य संविधान विशेषण' शब्दों से धनिक को भ्रान्ति हो गयी और परिणामतः उसने इनको अलङ्कारों से सम्बद्ध कर दिया, जो कि धनञ्जय की मूलभावना के विपरीत है। दशरूपक के इस वर्गीकरण का आधार सामान्यतः समान इतिवृत्त और समान श्लिष्ट विशेषण ही हैं, कोई आलङ्कारिक भावना नहीं। इसी सम्बन्ध

---

१. प्रस्तुतागन्तुभावस्य वस्तुनोऽन्योक्तिसूचकम्।
पताकास्थानकं तुल्यसंविधानविशेषणम्।। १/१४ दश०

२. तच्च तुल्येतिवृत्ततया तुल्यविशेषणतया च द्विप्रकारकम् अन्योक्तिसमासोक्तिभेदात्। धनिक-वृत्ति (दश०), पृष्ठ१४

३. तुल्यसंविधानमन्योक्तिरूपं तुल्यविशेषणं समासोक्तिरूपम्। दश० दी० (द दश रूपक ऑव धनंजय), पृष्ठ ०६

४. हि० दश०, डॉ० गोविन्द त्रिगुणायत, पृष्ठ १०

५. दश०, डॉ० रामजी उपाध्याय, पृष्ठ १५

में डॉ० भोलाशङ्कर व्यास धनिक की आलोचना करते हैं।[६] डॉ० श्रीनिवास शास्त्री के अनुसार भी धनिक द्वारा प्रयुक्त अन्योक्ति एवं समासोक्ति शब्दों से अलङ्कार विशेष के अर्थ में तात्पर्य ग्रहण नहीं करना चाहिए, अपितु इनसे क्रमशः समान इतिवृत्त द्वारा प्रस्तुत अर्थ का कथन तथा समान विशेषण द्वारा प्रस्तुत अर्थ की सूचना रूप सामान्य तात्पर्य ही ग्रहण करना चाहिए।[७]

आचार्य भरत अपने नाट्यशास्त्र में धनञ्जय से किञ्चित् भिन्न रूप में पताका स्थानक को परिभाषित करते हैं। उनके अनुसार जब किसी अन्य अर्थ के चिन्तन के अवसर पर उसके ही सदृश किन्तु भिन्न अर्थ की आगन्तुक अर्थात् सहकारी भाव से प्राप्ति हो जाती है, तब उसे पताका स्थानक कहा जाता है।[८] यह मुख्य वृत्त का उपकारक अथवा सहकारी होता है, इस तथ्य को भरत और धनञ्जय दोनों ही स्वीकार करते हैं।

नाट्यदर्पण के प्रणेता रामचन्द्र गुणचन्द्र की पताका स्थानक विषयक विचारधारा भरत से अत्यधिक साम्य रखती है। वे पूर्वचिन्तित प्रयोजन और उपाय से भिन्न मुख्य वृत्त के उपकारक प्रयोजन और उपाय की आकस्मिक प्राप्ति को पताका स्थानक कहते हैं।[९]

परवर्ती नाट्यशास्त्रीय साहित्य में **नाटकलक्षणरत्नकोश**[१०], **शृङ्गारप्रकाश**[११] और **साहित्य दर्पण**[१२] में भी पताकास्थानक के भरत सम्मत स्वरूप को ही स्वीकार किया गया है। इनके अतिरिक्त कतिपय ग्रन्थ धनञ्जय और उनके **दशरूपक** से भी प्रभावित परिलक्षित होते हैं। इनमें **भावप्रकाशन**[१३] , **रसार्णव सुधाकर**[१४] और नाट्यचन्द्रिका[१५] का नामोल्लेख सम्भव है। धनञ्जय के ही समान तुल्य संविधान और तुल्य विशेषण जैसे शब्दों का इनके द्वारा भी प्रयोग किया गया है तथा यह भी मूलतः दो पताका स्थानकों की सत्ता को स्वीकार करते हैं। शारदातनय ने तो स्पष्टतः भरत के अभिमत को 'अन्ये' कहकर उद्धृत किया है।[१६]

पताकास्थानक किसी भी नाट्य-रचना के लिये आवश्यक तत्त्व है। इसे अभाव में कवि को रूपक रचना नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह काव्य तथा नाट्य का सौन्दर्याधायक तत्त्व है। रामचन्द्र

---

६. दश०, डॉ० भोलाशङ्कर व्यास, पृष्ठ ०६

७. दश०, डॉ० श्री निवास शास्त्री पृष्ठ १५

८. यत्रार्थे चिन्तितेऽन्यस्मिन् तल्लिङ्गोऽन्यः प्रयुज्यते।
आगन्तुकेन भावेन पताकास्थानकं तु तत्।। १९/३० ना० शा०

९. चिन्तितार्थात् परप्राप्तिर्वृत्ते यत्रोपकारिणी।
पताकास्थानं तत्तु चतुर्द्धा मण्डनं क्वचित्।। १/३० ना० दर्पण

१०. ना० ल० र० को० श्लोक सङ्ख्या १०६

११. शृं० प्र०, भाग २, पृष्ठ ५०३

१२. सा० दर्पण ६/४५

१३. भा० प्र० पृष्ठ २०२

१४. रसा० सु० ३/१५

१५. ना० चं०, श्लोक सङ्ख्या १८६ (पू०) १८७

१६. पताकास्थानकस्यान्ये चातुर्विध्यं प्रजानते। भा० प्र०, पृष्ठ २०२

गुणचन्द्र के अनुसार नाट्य एवं काव्य के अलङ्करण हेतु कवि को प्रबन्ध में इनका अनेकशः प्रयोग करना चाहिए।[१७]

धनञ्जय के द्विविध पताका स्थान के विपरीत आचार्य भरत इसके चतुर्विध स्वरूप का व्याख्यान करते हैं। उनकी दृष्टि में जहाँ मुख्य इतिवृत्त से सम्बद्ध का व्याख्यान करते हैं। उनकी दृष्टि में जहाँ मुख्य इतिवृत्त से सम्बद्ध उत्कृष्ट एवम् अभीष्ट फ्ल की सिद्धि सहसा ही हो जाती है, वहाँ प्रथम पताका स्थानक होता है[१८] जहाँ काव्य में उससे सम्बन्धित अतिशय श्लिष्ट वचनों का प्रयोग किया गया हो, वहाँ द्वितीय पताका स्थानक होता है[१९] जहाँ विनयपूर्वक श्लिष्ट प्रत्युत्तर से युक्त अन्यार्थ का आक्षेप किया जाता है, वहाँ पताका स्थानक का तृतीय भेद होता है[२०] तथा जब द्वयर्थक सुश्लिष्ट वचन-विन्यास का काव्य में युक्तिपूर्वक आयोजन किया जाता है, तब वहाँ चतुर्थ पताका-स्थानक होता है।[२१]

रामचन्द्र गुणचन्द्र भी आचार्य भरत के ही अनुरूप चार पताका स्थानकों के पक्षधर हैं।[२२] इनका पताकास्थानक संबन्धि सम्पूर्ण विवेचन **नाट्यशास्त्र** और **अभिनव भारती** पर आश्रित है। सागरनन्दी[२३], भोजराज[२४] और विश्वनाथ[२५] भी पताका स्थानकों के चार प्रकारों का ही समर्थन करते हैं। राधव भट्ट ने मातृगुप्त के नाम से तृतीय पताका स्थानक की एक परिभाषा को उद्धृत किया है।[२६] अतः इसके द्वारा भी मातृगुप्त के चतुर्विध पताका स्थानक की परम्परा से सम्बद्ध होने की धारणा को बल प्राप्त होता है। राघव भट्ट ने ही आदिभरत के नाम से प्रथम पताकास्थानक की एक परिभाषा को भी प्रस्तुत किया है।[२७]

---

१७. मण्डनमिति एकमपि पताकास्थानकं नाट्यकाव्यालङ्करणम्। किं पुनः द्वे त्रीणि चत्वारि वा, एतद्विहीनं रूपकं न कार्यमित्यर्थः। विवृत्ति, ना० दर्पण, पृष्ठ ३६।

१८. सहसैवार्थसम्पत्तिर्गुणवत्युपकारतः।
पताकास्थानकमिदं प्रथमं परिकीर्तितम्।। १९/३१ ना० २११०

१९. वचः सातिशयं श्लिष्टं काव्यबन्धसमाश्रयम्।
पताकास्थानकमिदं द्वितीयं परिकीर्तितम्।। १९/३२ पूर्वोक्त

२०. अर्थोपक्षेपणं यत्र लीनं सविनयं भवेत्।
श्लिष्टप्रत्युत्तोपेतं तृतीयमिदमिष्यते।। १९/३३ पूर्वोक्त

२१. द्वयर्थो वचनविन्यासः सुश्लिष्टः काव्ययोजितः।
उपन्याससुयुक्तश्च तच्चतुर्थमुदाहृतम्।। १९/३४ ना० २११०

२२. ना० दर्पण १/३१ एवं विवृत्ति।

२३. भा० प्र०, पृष्ठ २०२-२०३

२४. शृं० प्र० भाग-२, पृष्ठ ५०३-५०४

२५. सा० दर्पण ६/४६-४६

२६. अर्थोपक्षेपणं यत्र गूढं सविनयं भवेत्।
श्लिष्टप्रत्युत्तरोपेतं तृतीयं तन्मतं तथा। अर्थद्यो० (अभि० २११० मा०), पृष्ठ १२७

२७. सहसैवार्थसंपत्तिनार्यकस्योपकारिका।
पताकास्थानकं सन्धौ प्रथममेतन्मतम्।। पूर्वोक्त, पृष्ठ ४०

परवर्ती नाट्यशास्त्री आचार्यों में शारदातनय, शिङ्ग-भूपाल और रूप गोस्वामी पताकास्थानक के दो प्रकारों को ही स्वीकार करते हैं। यद्यपि इन्होंने भरत के चार प्रकारों का भी उल्लेख किया है, तथापित गौणतः ही। वे इन चार प्रकारों को स्वसम्मत दो प्रकार में ही अन्तर्भुक्त स्वीकार करते हैं।

अब एक जटिल समस्या यह उत्पन्न होती है कि आचार्य भरत द्वारा मान्य इन चार प्रकारों के सन्दर्भ में धनञ्जय द्वारा कथित पताका स्थानक के दो प्रकारों का सामञ्जस्य किस प्रकार सम्भव है? क्योंकि धनञ्जय स्वयम् इस विषय में किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं करते हैं। **भाव प्रकाशन**[२८] में शारदातनय, **रसार्णव सुधाकर**[२९] में शिङ्गभूपाल और **नाटकचन्द्रिका**[३०] में रूपगोस्वामी ने भरत के प्रथम तीन प्रकारों का अन्तर्भाव धनञ्जय के प्रथम प्रकार में कहा है तथा उनके अनुसार भरत का चतुर्थ प्रकार ही धनञ्जय का द्वितीय प्रकार है। मूलतः यह मत शारदातनय का प्रतीत होता है और उनके द्वारा ही शिङ्गभूपाल और रूपगोस्वामी को प्रभावित किया गया है, क्योंकि काल-क्रम में वह ही इन दोनों से पूर्ववर्ती है। बहुरूप मिश्र ने भी इसी रूप में इस समस्या का समाधान प्रस्तुत किया है।[३१]

धनिक ने अपनी वृत्ति में धनञ्जय के द्वितीय पताका स्थानक के उदाहरण के रूप में **रत्नावली** से एक पद्य उद्धृत किया है।[३२] चतुर्थ पताकास्थानक के विवेचन के प्रसङ्ग में आचार्य अभिनवगुप्त ने द्वयर्थक होते हुये भी अर्थ की सहकारिता के अभाव में पताकास्थानक के उदाहरण के रूप में इसको अस्वीकार कर दिया है। पताकास्थानक के स्थान पर वे यहाँ वीथी का व्याहार नामक अङ्ग स्वीकार्य मानते हैं।[३३] इसके विपरीत आचार्य विश्वनाथ की दृष्टि में यह चतुर्थ पताकास्थानक का ही उदाहरण है[३४]। भोजराज ने भी पिष्ट-पेषण ही किया है।[३५] इसके अतिरिक्त डॉ० रामजी उपाध्याय[३६] और डॉ० भोलाशङ्कर व्यास[३७] ने भी **दशरूपक** के द्वितीय पताकास्थानक को भरत के चतुर्थ पताकास्थानक के रूप में स्वीकार किया है।

---

२८. आदितस्त्रितयं तुल्यसंविधानात्मकं भवेत्।
चतुर्थं तु भवेत्तुल्यविशेषणसमन्वितम्।। भा० प्र०, पृष्ठ २०३

२९. तत्राद्यं त्रिप्रकारं द्वितीयं त्वेकमेव हि।। ३/१६ उत्त०, रसा० सु०

३०. ना० चं०, श्लोक सङ्ख्या १८८ पू०

३१. तत्र द्वयर्थवचनविन्यासरूपं चतुर्थं तुल्यविशेषणशब्देनोक्तम्।
अन्येषां त्रयाणां तु तुल्यसंविधानशब्देन सङ्ग्रहः इति। दश० दी० (द शरूपक ऑव धनञ्जय), पृष्ठ ०७

३२. धनिक-वृत्ति (दश०), पृष्ठ १५; रत्ना० २/४

३३. 'उद्दामोत्कलिकाम्' इति तु नोदाहरणम्, द्वयर्थता प्रतिपत्तावपि हि नात्रार्थेन सहकारिता कुत्रचिदाचरिता। तस्मादेतद् वीथ्यङ्गस्य व्याहारस्यैवोदाहरणं युक्तम्। अभि० भा० (ना० शा० भाग-३) पृष्ठ २१-२२

३४. सा० दर्पण ६/४६ और गद्यांश।

३५. श्रृं० प्र० भाग-२, पृष्ठ ५०४

३६. दशरूपकतत्त्वदर्शनम् पृष्ठ २५

३७. दश०, डॉ० भोलाशङ्कर व्यास, पृष्ठ-११

वस्तुतः धनञ्जय का पताकास्थानक विषयक दृष्टिकोण आचार्य भरत से पर्याप्त भिन्न है। नाट्यशास्त्र में तुल्य संविधानक जैसे विशेषण का पताकास्थानक के किसी भी प्रकार के प्रसङ्ग में निर्देश नहीं किया गया और यही कारण है कि धनञ्जय का प्रथम पताकास्थानक भरत के किसी भी पताकास्थानक के अनुरूप प्रतीत नहीं होता है। एतद्विषयक दुरूहता को डॉ० के०एच० त्रिवेदी[३८], डॉ० श्रीनिवास शास्त्री[३९], डॉ० एम०आई० खान[४०] और डॉ० भोलाशङ्कर व्यास[४१] ने भी रेखाङ्कित किया है।

'नाट्य में पताकास्थानक का स्वरूप' नामक लेख में डॉ० एम०आई० खान ने धनञ्जय की पताकास्थानक सम्बन्धी मान्यता पर किञ्चित् विशिष्ट विचार-विमर्श किया है। उनके विचारों पर कुछ भी टिप्पणी करने से पूर्व उनके शब्दों को अविकल रूप से उद्धृत कर देना समीचीन होगा। इसके विपरीत दशरूपककार धनञ्जय ने पताकास्थानक के तुल्य संविधानक तथा तुल्य विशेषणक नामक भेद का प्रदर्शन कर पुनः इन्हीं के क्रमशः अन्योक्ति एवं समासोक्ति नाम रखे हैं। यदि ये अन्योक्ति एवं समासोक्ति नाम क्रमशः तुल्य संविधानक तथा तुल्य विशेषणक को न दिये जायें, अपितु तुल्य संविधानक को दिये जायें, तो अधिक उपयुक्त होगा। ऐसी स्थिति बनी रहने पर तुल्यविशेषणक की स्थिति में कोई विकार उत्पन्न नहीं होता। स्वयं धनिक द्वारा दिया गया उद्दामोत्कलिकां विपाण्डुररुचं प्रारब्धजृम्भां *क्षणात्* इस भेद का अत्यन्त सुन्दर उदाहरण है। इस भेद को भरतकृत चतुर्थ भेद में रखा जा सकता है, जिसका उदाहरण ऊपर प्रदर्शित किया गया है। अन्य अन्योक्ति तथा समासोक्ति का भेद अधिक स्पष्ट रूप से इस प्रकार किया जा सकता है कि अन्योक्ति श्लेषात्मक शब्दों द्वारा अन्य के प्रति साधारणतः कथन है, जिसमें वक्रभा णितत्त्व एवं दुरूहता का अभाव होता है। इसमें भरत के तृतीय एवं प्रथम रूप को रख सकते हैं। यद्यपि भरत का प्रथम उदाहरण इस कोटि का प्रज्ज्वलन्त उदाहरण नहीं, परन्तु तृतीय भेद इसका सुन्दर उदाहरण है। ध्यातव्य शब्द है- समयासङ्ग। समासोक्ति वक्र-भणिता है, जिस में प्रकृत विषय का अतिशय रूप वर्णित होता है, जिससे अप्रकृत विषय का बोध प्राधान्य रूप में होने लगता है। इस प्रकार समासोक्ति को भरत-कृत द्वितीय पताकास्थानक में रख सकते हैं।[४२]

अब यदि हम डॉ० खान के उपर्युक्त विवेचन का अवधानपूर्वक विश्लेषण करें तो इसमें दो आधारभूत त्रुटियाँ दृष्टिगोचर होती हैं। प्रथम का सम्बन्ध रूढ़िबद्ध वैचारिक चिन्तन की परम्परा से है और द्वितीय का कल्पना से।

हम यह तो नहीं कह सकते कि डॉ० खान धनञ्जय और धनिक के पृथक् व्यक्तित्व से अनभिज्ञ है; क्योंकि धनिक की पृथक् सत्ता का उन्होंने स्वयं ही इस अंश में उल्लेख किया है। सत्य तो यह है कि धनञ्जय के सम्बन्ध में परम्परागत रूढ़िबद्ध चिन्तन में स्वयं को असम्पृक्त रखने में डॉ० खान

---

३८. द नाट्यदर्पण ऑव रामचन्द्र एण्ड गुणचन्द्र-ए क्रिटिकल स्टडी, पृष्ठ ४५

३९. दश०, डॉ० श्रीनिवास शास्त्री, पृष्ठ १६

४०. मेरठ विश्वविद्यालय संस्कृत शोध-पत्रिका; जुलाई-दिसम्बर, १९७८ पृष्ठ ७४

४१. दश०, डॉ० भोलाशङ्कर व्यास, पाद-टिप्पणी, पृष्ठ ०९-१२

४२. संस्कृत नाट्य सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष, पृष्ठ २८

असमर्थ रहे हैं। उनका यह कथन कि धनञ्जय तुल्य संविधानक तथा तुल्य विशेषणक को पुनः अन्योक्ति और समासोक्ति शब्दों का प्रयोग तो धनिक के द्वारा किया गया है, धनञ्जय के द्वारा नहीं। विद्वत् परम्परा धनिक के इस मत को धनञ्जय पर आरोपित करती रही है, बिना यह विचार किये कि धनञ्जय और धनिक दो पृथक् व्यक्तित्व हैं' और यह अनिवार्य नहीं है कि धनिक की व्याख्या प्रत्येक बिन्दु पर धनञ्जय के मूल मन्तव्य को अभिव्यञ्जित करने में समर्थ ही रही हो। धनञ्जय के सम्बन्ध में यही रूढ़िबद्ध वैचारिक चिन्तन-परम्परा है। अतः डॉ० खान की यह प्रथम मौलिक न्यूनता है कि अन्योक्ति और समासोक्ति शब्दों को वह अलङ्कारों की पृष्ठभूमि में व्याख्यायित करने का प्रयास कर रहे हैं तथा धनिक की व्याख्या को धनञ्जय का अभिमत स्वीकार कर रहे हैं। 'दशरूपक की कतिपय सन्दिग्ध प्रस्थापनाएँ' शीर्षक लेख में भी उन्होंने ऐसे ही विचारों का प्रतिपादन किया है।[४३] धनञ्जय को तो तुल्य संविधान और तुल्य विशेषण जैसे शब्द ही अभिप्रेत रहे हैं, अन्योक्ति और समासोक्ति नहीं।

डॉ० खान का दूसरा पक्ष कल्पना जन्य है। वे अन्योक्ति और समासोक्ति की तुल्य संविधानक के दो भेदों के रूप में स्वयमेव कल्पना कर लेते हैं और इस प्रकार पताकास्थानक के तीन भेदों की सर्जना कर देते हैं– अन्योक्ति, समासोक्ति और तुल्य विशेषणक। यह धनञ्जय का मत किस प्रकार हो सकता है, यह सहज बोधगम्य नहीं है, क्योंकि यहाँ भी वे धनञ्जय और धनिक के व्यक्तिगत एवं पृथक् मतों को यादृच्छिक रूप से सम्मिश्रित कर देते हैं तथा आश्चर्य का विषय तो यह है कि यह काल्पनिक सिद्धान्त उनको अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है। इन तीन भेदों में से प्रथम अर्थात् अन्योक्ति में वे भरत के प्रथम एवं तृतीय, द्वितीय भेद अर्थात् समासोक्ति में भरत के द्वितीय और तृतीय भेद अर्थात् तुल्यविशेषणक में भरत को चतुर्थ पताकास्थानक को अन्तर्भुक्त कर लेते हैं। इस प्रकार वह स्वकल्पित धनञ्जय के तीन प्रकारों में भरतकृत चतुर्विध पताकास्थानकों का अन्तर्भाव प्रदर्शित करके भी उसके चतुर्विधत्व की व्यर्थता अथवा न्यूनता को स्वीकार नहीं कर पाते हैं।[४४] वस्तुतः उनका यह द्वितीय पक्ष तो कल्पना प्रसूत होने के कारण स्वयमेव अविचारणीय हो जाता है।

धनञ्जय के पताकास्थानक के सम्बन्ध में डॉ० खान को एक अन्य आपत्ति भी है और वह यह कि दशरूपक में पताकास्थानक का वर्णन पताका के प्रसङ्ग में किया गया है।[४५] वस्तुतः यह कोई आपत्तिजनक तथ्य तो नहीं है। यद्यपि यह सत्य है कि धनञ्जय पताका नामक इतिवृत्त के पश्चात् ही पताकास्थानक का निरूपण करते हैं तथापि इसमें दोनों के नाम से किञ्चित् अंश का समान होना ही निमित्त है। दोनों ही प्रधान इतिवृत्त से सम्बद्ध होते हैं तथा उसके उपकारी भी हैं। अभिनवगुप्त दोनों में इसी आधार पर सादृश्य भी प्रदर्शित करते हैं।[४६] रामचन्द्र गुणचन्द्र ने भी इस साम्य का उल्लेख

४३. पूर्वोक्त, पृष्ठ १५

४४. 'यदि कोई यह सन्देह करे कि इस प्रकार तो केवल तीन ही भेद बनते हैं और इस स्थिति में भरत-कृत चतुर्विध प्रणाली व्यर्थ है, तो यह कथन ठीक नहीं है।' संस्कृत नाट्य सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष, पृष्ठ २८

४५. पूर्वोक्त, पृष्ठ १७

४६. ननु किं तत्र पताकासादृश्यमित्याह आगन्तुकेन भावेन इति। भावनं भावः कारणत्त्वम्, तच्च द्विविधं स्वरूपकृतं सहकारिकृतं च। तत्र सहकारिकृतमागन्तुकमुच्यते। तेन सहकारित्त्वसामान्यात् तत्समर्थाचरणलक्षणात् पताकासादृश्यमिति यावत्। अभि० भा० (ना० शा० भाग-३, मधुसूदन शास्त्री), पृष्ठ ३४

किया है।[४७] वे पताका के प्रकरणवश ही पताकास्थानक के स्वरूप-निरूपण का उद्घोष स्पष्ट शब्दों में करते हैं।[४८] डॉ० खान की आपत्ति के सम्बन्ध में एक अन्य तथ्य यह भी ध्यातव्य है कि धनञ्जय की आलोचना करते समय उन्होंने जिन शब्दों को उद्धृत किया है, वह वास्तव में धनञ्जय के नहीं अपितु धनिक के हैं; परन्तु उनकी यदि इस आपत्ति को धनञ्जय के निरूपण क्रम के आधार पर ही जीवित रखा जाय, तब भी यह समीचीन नहीं होगा; क्योंकि मात्र इसके आधार पर पताका और पताकास्थानक दोनों के स्वतन्त्र अस्तित्व का व्याघात तो नहीं होता है और न इससे पताकास्थानक प्रासङ्गिक इतिवृत्त का भेद बन जाता है, जैसा कि डॉ० खान ने प्रदर्शित किया है।[४९] आचार्य भरत, विश्वनाथ और शिङ्गभूपाल भी पताका के पश्चात् ही पताकास्थानक का विवेचन अपने ग्रन्थों में करते हैं।

पताकास्थानक का मुख्य प्रयोजन प्रधान इतिवृत्त को लक्ष्य की ओर अग्रसर होने में सहायता प्रदान करना तथा कथाप्रवाह में चमत्कृति उत्पन्न करना है और इस आधार पर प्रथमदृष्ट्या आचार्य भरत द्वारा निरूपित पताकास्थानक के चारों प्रकार धनञ्जय के दो प्रकारों की अपेक्षा अधिक समर्थ और सफल प्रतीत होते हैं। अतः नाट्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में सैद्धान्तिक दृष्टि से दशरूपक का पताकास्थानक विषयक यह विवेचन किञ्चित त्रुटिपूर्ण सा ही दृष्टिगोचर होता है।

तात्त्विक दृष्टि से यदि देखा जाय तो यह स्पष्ट हो जाता है कि नाट्य विषयक नियमों के विवेचन के सन्दर्भ में धनञ्जय का दृष्टिकोण प्रायः सैद्धान्तिक की अपेक्षा व्यावहारिक अधिक रहा है, साथ ही नाट्यवेद के कतिपय लक्षणों स्वकीया प्रगुणरचना के द्वारा सङ्क्षेपण करने का यह दुर्वह उत्तरदायित्व भी उनके स्कन्धों पर रहा है। इसी प्रकार उन्होंने यत्र-तत्र आचार्य भरत की मान्यताओं में संशोधन एवम् उनका परिष्कार करने में भी सङ्कोच का अनुभव नहीं किया है। अतः उनके द्वारा पताकास्थानक के प्रकारों की सङ्ख्या के सम्बन्ध में किये गये परिवर्तनों को भी इसी पृष्ठभूमि में देखना समीचीन होगा।

भरतकृत चारों पताकास्थानकों की परिभाषाओं पर यदि सूक्ष्म दृष्टिपात किया जाय तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि उन्होंने सामान्यतः प्रथम पताकास्थानक में 'अर्थसम्पत्ति' और अवशिष्ट तीन पताकास्थानकों में क्रमेण सातिशयं श्लिष्टम्' 'श्लिष्टत्रत्युत्तरोपेतम्' और 'द्व्यर्थो वचनविन्यन्यासः सुश्लिष्टः' के रूप में 'श्लिष्ट पद' को मूलतत्त्व निर्दिष्ट किया है। अब यदि धनञ्जय के दो प्रकारों का इसी सन्दर्भ में अवलोकन किया जाये तो समस्या का समाधान सारल्येण सम्भव है। आचार्य भरत के 'अर्थसम्पत्ति' एवं 'श्लिष्ट पद' की अभिव्यक्ति धनञ्जय के क्रमशः 'तुल्य संविधान' एवं 'तुल्य विशेषण' शब्दों से हो जाती है। इसी आधार पर धनञ्जय भरत के अन्तिम तीन प्रकारों का अन्तर्भाव अपने द्वितीय प्रकार में करके उनके चार पताकास्थानकों के स्थान पर मात्र दो पताकास्थानकों को ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर अपने सङ्क्षेपण के कार्य की उपादेयता को चरितार्थ करते हैं।

---

४७. उपकारित्वमात्रसाम्यात् पताकातुल्यं पताकास्थानकम्। ना० दर्पण १/३० पर विवृत्ति।

४८. संस्कृत नाट्य सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष, पृष्ठ १७

४९. वही

वैसे ही यदि सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो भरत द्वारा कथित अन्तिम तीन पताकास्थानकों में विशिष्ट आधारभूत अन्तर भी दृष्टिगोचर नहीं होता है। डॉ० एस०ए० डाँगे और एस०एस० डाँगे ने विश्वनाथ के पताकास्थानक के प्रसङ्ग में उनके द्वारा वर्णित द्वितीय एवं चतुर्थ पताकास्थानक में वैचित्र्यभाव की न्यूनता और तृतीय एवं चतुर्थ प्रकार में पारस्परिक भावात्मक अन्तर की कठिनाई को स्वीकार किया है।[५०] आचार्य विश्वनाथ का पताकास्थानक निरूपण सम्बन्धी क्रम तथा विचार पूर्णरूपेण आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र पर आधारित है। अतः डाँगे और डाँगे द्वारा की गयी इस आलोचना को हम निःसङ्कोच आचार्य भरत पर भी चरितार्थ स्वीकार कर सकते हैं। इस आधार पर भी भरत के चार प्रकारों के विपरीत धनञ्जय के पताकास्थानक के दो प्रकार व्यावहारिक, युक्तियुक्त और समीचीन प्रतीत होते हैं। स्वयं डॉ० एम०आई० खान ने भी इनको अधिक रुचिकर, मान्य, बुद्धिग्राह्य और बोधगम्य स्वीकार किया है।[५१]

धनञ्जय इस विषय में कोई सङ्केत नहीं करते कि नाट्य में पताकास्थानक का प्रयोग कितनी बार तथा किस-किस स्थान पर होना चाहिए। एक परम्परा के अनुसार इन चारों पताकास्थानकों का प्रयोग क्रमशः मुखादि चार सन्धियों में करना चाहिए। इस विचारधारा के अनुयायी आचार्य भरत द्वारा चारों पताकास्थानकों के विषय में प्रयुक्त प्रथम आदि शब्दों की मुख आदि सन्धियों के अर्थ में व्याख्या करते हैं।[५२] आचार्य मातृगुप्त इसी परम्परा के समर्थक थे। उन्होंने सन्धियों और पताकास्थानकों के अन्तर्सम्बन्ध को स्पष्ट रूपेण स्वीकार किया है।[५३] पूर्वोद्धृत आदिभरत के कथन से भी इसी तथ्य का अस्पष्ट सा सङ्केत प्राप्त होता है। अभिनवगुप्त इस परम्परा का विरोध करते हैं। उनके अनुसार इस प्रकार की स्वीकृति न तो युक्तिपूर्ण है और न ही चमत्कारपूर्ण, अतः व्यर्थ है।[५४] **साहित्य दर्पण** में आचार्य विश्वनाथ ने भी इस विचारधारा को स्वीकार तथा अस्वीकार करने वालों का स्पष्ट उल्लेख किया है।[५५] सागरनन्दी ने निर्वहण सन्धि के अतिरिक्त शेष सन्धियों में पताकास्थानकों के निबन्धन का निर्देश किया है।[५६] परन्तु उनके इस कथन से मुखादि चारों सन्धियों में इनके क्रमशः प्रयोग की संस्तुति नहीं होती है।

आचार्य भरत भी चार पताकास्थानकों का उल्लेख तो अवश्य करते हैं; परन्तु न तो मुखादि

---

५०. क्रिटिक्स ऑन संस्कृत ड्रामाज़, पृष्ठ ११०

५१. संस्कृत नाट्य सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष, पृष्ठ २६

५२. अन्ये तु चतुष्पताकापरममितिभाविसन्धिचतुष्ट्याभिप्रायेण मन्यमानाः प्रथमद्वितीयादिशब्दान् मुखादिसन्धिविषयप्रयोगाभिप्रायेण व्याचक्षते। अभि० भा० (ना० शा० भाग-३), पृष्ठ २०

५३. मुखे प्रतिमुखे गर्भे विमर्शे च चतुर्ष्वपि।
भेदाः सन्धिषु कर्तव्याः पताकास्थानकस्य तु।। अर्थ द्यो० (अभि० २११०), पृष्ठ ११४

५४. अत्र च युक्तिर्न लक्ष्यते, न वा चमत्कारं भजतीत्यसदेव। अभि० भा० (ना० शा० भाग-३), पृष्ठ २०

५५. यत्पुनः केनचिदुक्तम्–मुखसन्धिमारभ्य सन्धिचतुष्टये क्रमेण भवन्ति इति तदन्ये न मन्यन्ते। सा० दर्पण६/४६ से सम्बद्ध गद्यांश।

५६. पताकास्थानानि चत्वारि काव्यस्थालङ्कारभूतान्यपि निर्वहणसन्धिं वर्ज्य कार्याणि। ना० ल० र० को०, पृष्ठ१००

चारों सन्धियों से इन्हें कहीं सम्बन्ध करते हुए प्रतीत होते हैं और न सङ्ख्या की दृष्टि से कोई निर्देश उनके द्वारा दिया गया है। डॉ० एम० आई० खान **नाट्यशास्त्र**[५७] के एक अंश के आधार पर ऐसा अर्थ अवश्य करते हैं कि भरत के अनुसार नाट्य में चार से अधिक पताकास्थानक नहीं रखे जा सकते हैं।[५८] हमारे विचार में यहाँ भरत का ऐसा मन्तव्य नहीं है। भरत का आशय यह प्रतीत होता है कि नाट्य-रचयिता को इन पताकास्थानकों की सहायता से परम अर्थात् उत्कृष्ट रचना का निर्माण करना चाहिए। अभिनवगुप्त भी भरत के इस अंश की इसी रूप में व्याख्या करते हैं।[५९] रामचन्द्र गुणचन्द्र भी श्रेष्ठ रचना हेतु चारों पताकास्थानकों की महत्ता को इङ्गित करते हैं।[६०]

अभिनव भारती में एक ऐसी परम्परा की ओर भी सङ्केत किया गया है जिसमें पताकास्थानक को पताका नायक से सम्बद्ध किया जाता था। इसके अनुसार मुख आदि चार सन्धियों में चार पताका नायक तथा यथाक्रम इनके सूचक चार पताकास्थानक होते हैं; परन्तु अभिनवगुप्त को यह मत स्वीकार्य नहीं है; क्योंकि ऐसी स्थिति में पताका के ही सदृश प्रकरी का सम्बन्ध भी बीज एवं बिन्दु आदि से स्थापित करना पड़ेगा तथा पताकानायक के ही समान प्रकरी नायक की भी कल्पना करनी पड़ेगी।[६१]

ऐसा प्रतीत होता है कि कतिपय आचार्यों ने नाम-साम्य के कारण पताकास्थानक तथा पताका-नायक में अन्तर्सम्बन्ध की स्थापना कर ली और भरत क्योंकि गर्भ अथवा विमर्श सन्धि पर्यन्त पताका की व्यवस्था करते हैं[६२] अतः इसी को पताकास्थानक की भी सीमा निर्धारित कर दिया गया। सिद्धेश्वर चट्टोपाध्याय के अनुसार भी पताका की समाप्ति से पताकास्थानक का कोई कार्य नहीं रह जाता और सम्भवतः **नाट्यशास्त्र** की इस व्यवस्था से पताका एवं पताकास्थानकों के मध्य सम्बन्ध स्थापित करने की प्रवृत्ति का विकास हुआ, जिसने अन्ततः चार सन्धियों, चार पताकास्थानकों और चार पताका-नायकों के मध्य पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित किये।[६३]

डॉ० एम०आई० खान ने बिना किसी प्रमाण के पाँच पताकास्थानकों को स्वीकार करने वाली किसी परम्परा का भी उल्लेख किया है। वे इसके स्वरूप की अनिश्चितता की ओर सङ्केत

---

५७. चतुष्पताकापरमं नाटके कार्यमिष्यते। १९/३६ पू०, ना० शा०

५८. संस्कृत नाट्य सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष, पृष्ठ २६

५९. चतुष्पताकाशब्देन परमशब्देन च समनन्तरं पताकास्थानकमुक्तम्, तैश्चतुर्भिः कृतैः परममुत्कृष्टं नाटके नाट्यविषये कार्यमिष्यते तस्मात्तथाकर्तव्यमित्यर्थः। अभि० भा० (ना० शा० भाग-३), पृष्ठ २२

६०. प्रत्येकं चकारश्चतुर्णामपि नाटकं प्रति प्राधान्यख्यापनार्थः इति। ना० दर्पण १/३१ से सम्बद्ध विवृत्ति।

६१. केचिदित्याहुः चतुर्षु सन्धिषु चत्वारः पताकानायकाः, तेषां यथाक्रमं सूचकानि पताकास्थानकानि, प्रथमं मुखसन्धौ यावच्चतुर्थमवमर्श सन्धाविति तच्चासत्। पताकाया इव प्रकर्या अपि कार्यबिन्दुबीजानां सूचकान्तराणि वक्तव्यानि स्युः चत्वारश्च नियमेन पताकानायका इव प्रकरीनायका अपि भवेयुः। अभि० भा० (ना० सा० भाग-३), पृष्ठ २२

६२. आगर्भादाविमर्शाद् वा पताका विनिवर्तते। १९/२९ पू० ना० २११०

६३. ना० ल० र० को०, सिद्धेश्वर चट्टोपाध्याय, पृष्ठ १४२

करते हुए स्वयं ही इसका स्वरूप-निर्धारण भी कर देते हैं, जिसके अनुसार जिस स्थान पर पूर्वकथित पताकास्थानक भेदों का स्वरूप यथार्थ रूप में घटित नहीं होता है, वहाँ अवस्था विशेष में पताकास्थानक का पाँचवा भेद स्वीकार किया जा सकता है।[६४] मुखादि चार सन्धियों में क्रमशः चार पताकास्थानकों के निबन्धन की परम्परा को अस्वीकार करने के प्रसङ्ग में ही अभिनवगुप्त यह भी कहते हैं कि यदि इस पक्ष को स्वीकार कर लिया जाय तब भी यह तर्क सम्भव है कि पदार्थों के साथ सम्बद्ध इन्द्रिय-पञ्चक के समान पताका-पञ्चक को भी स्वीकार करना चाहिए। वस्तुतः इस प्रकार का कुतर्क करने वाले प्राचीन आचार्यों के द्वारा ही इस परम्परा को उपहास का पात्र बना दिया गया है।[६५] प्रसङ्गवश प्रस्तुत सन्दर्भ में 'पताका' शब्द से पताकास्थानक अर्थ ही अभिव्यञ्जित होता है। सम्भवतः पांचवें पताकास्थानक परम्परा के सन्दर्भ में डॉ० खान का प्रेरणा स्थल **अभिनवभारती** का यही अंश रहा हो।

नाट्यशास्त्र स्पष्टरूपेण पताकास्थानक के महत्त्व को स्वीकार करता है। सागरनन्दी ने इनको शोभावर्धक तत्त्व कहा है।[६६] विश्वनाथ के अनुसार इनका पुनः-पुनः प्रयोग किया जाना चाहिए। उपादेय होने के कारण इनका सर्वत्र प्रयोग सम्भव है[६७] रामचन्द्र-गुणचन्द्र की दृष्टि में एक पताकास्थानक ही काव्य-नाट्य का अलङ्कार होता है। अतः दो-तीन अथवा चार पताकास्थानक तो उत्कर्षातिरेकपूर्ण सौन्दर्याधायक होते हैं। अतः इनके अभाव में रूपक रचना की कल्पना भी असम्भव है।[६८]

सम्पूर्ण नाट्यशास्त्रीय परम्परा के परिप्रेक्ष्य में की गयी इस पताकास्थानक विषयक ऊहापोह से धनञ्जय की एतद्विषयक अवधारणा का महत्त्व और उपादेयता स्वतः सिद्ध है।

सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची

१. अभि०भा०— अभिनव भारती, नाट्यशास्त्र से उद्धृत।
२. अर्थ द्यो०— अर्थद्योतनिका; अभिज्ञानशाकुन्तल : कालिदास, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई, द्वादश संस्करण, १९५८
३. क्रिटिक्स ऑन संस्कृत ड्रामाज : डॉ० एस०ए० डाँगे और एस०एस० डाँगे, दर्शन प्रिन्टर्स, मुरादाबाद, १९६३
४. दश०-दशरूपक : धनञ्जय, डॉ० श्रीनिवास शास्त्री, साहित्य-भण्डार, मेरठ, तृतीय संस्करण, १९७६
५. दश०-दशरूपक : धनञ्जय, डॉ० भोलाशङ्कर व्यास, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी पञ्चम संस्करण, १९७६

---

६४. संस्कृत नाट्य सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष, पृष्ठ २९

६५. एततुल्यतया गणनभूतेन्द्रियैः सह पताकापञ्चकगणनप्यापादयेदिति च वदद्भिश्चिरन्तनैरेवायमुपहासापात्रीकृतः पक्ष इत्यास्ताम्। अभि० भा० (ना० शा० भाग-३), पृष्ठ २०

६६. पताकास्थानानि शोभाहेतूनि। ना० ल० र० को०, पृष्ठ १००

६७. काव्याकर्तुरिच्छवशात् भूयो भूयोऽपि भवन्ति। एषामत्यन्तमुपादेयानामनियमेन सर्वत्रापि सर्वेषामपि भवितुं युक्तत्वात्। सा० दर्पण, गद्यांश, पृष्ठ १७९

६८. मण्डनमिति एकमपि पताकास्थानकं नाट्यकाव्यालङ्करणं किं पुनर्द्वे त्रीणि चत्वारि वा। एतद्विहीनं रूपकं न कार्यमित्यर्थः। ना० दर्पण १/३० से सम्बद्ध विवृत्ति।

६. दश०— दशरूपक : धनञ्जय, डॉ० रामजी उपाध्या, भारतीय-संस्कृति संस्थान, नारीबारी, इलाहाबाद; प्रथम संस्करण, विक्रम सम्वत्, २०३६

७. दश० दी०— दशरूपक दीपिका : बहुरूप मिश्र; दि दशरूपक ऑव धनंजय; भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, १९७९

८. दशरूपकतत्त्वदर्शनम् : डॉ० रामजी उपाध्याय; भारतीय-संस्कृति-संस्थान, नारी-बारी, इलाहाबाद प्रथम संस्करण, विक्रम सम्वत् २०३५

९. द नाट्यदर्पण ऑव रामचन्द्र एण्ड गुणचन्द्र - ए क्रिटिकल स्टडी : के०एच० त्रिवेदी, एल०डी० इन्स्टीट्यूट ऑव इण्डोलॉजी, अहमदाबाद; प्रथम संस्करण, १९६६

१०. धनिक-वृत्ति-दशरूपक : डॉ० श्रीनिवास शास्त्री, साहित्य भण्डार, मेरठ

११. ना०च० नाटक चन्द्रिका : रूप गोस्वामी; बाबू लाल शुक्ल, चौखम्भा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी, प्रथम संस्करण, १९६४

१२. ना० दर्पण— नाट्यदर्पण : रामचन्द्र-गुणचन्द्र; ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट बड़ौदा, १९५९

१३. ना०शा०— नाट्य शास्त्र : भरत, भाग-३, ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट बड़ौदा-१९५४

१४. ना०शा०— नाट्यशास्त्र : भरत, मधुसूदन शास्त्री भाग-३; संस्कृत साहित्यानुसन्धान—समिति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस, विक्रम सम्वत्, २०३२

१५. ना०ला०र०को०— नाटक लक्षण रत्नकोश : सागन नन्दी, बाबू लाल शुक्ल; चौखम्बा-संस्कृत-सीरीज, ऑफिस, वाराणसी; प्रथम संस्करण विक्रम सम्वत् २०२८

१६. ना०ल०र०को०— नाटक लक्षण रत्नकोश— इन द पर्सपैक्टिव ऑव एन्शियण्ट इण्डियन ड्रामा एण्ड ड्रामाटर्जी : एस० चट्टोपाध्याय, पंथी पुस्तक, कलकत्ता, १९७४

१७. भा०प्र०— भाव प्रकाशन : शारदातनय; ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट बड़ौदा, द्वितीय संस्करण, १९६८

१८. मेरठ-विश्वविद्यालय-संस्कृत-शोध-पत्रिका, मेरठ; जुलाई-दिसम्बर १९७८

१९. रत्ना०-रत्नापण : विद्यानाथ, प्रतापरुद्रीय, संस्कृत एजुकेशन सोसायटी मद्रास, द्वितीय संस्करण, १९७९

२०. रत्ना०— रत्नावली : हर्ष, डॉ० शिवराज शास्त्री, साहित्य-भण्डार, मेरठ

२१. रसा०सु०— रसार्णवसुधाकर : शिङ्गभूपाल : संस्कृत-परिषद, सागर विश्वविद्यालय, सागर, १९६९

२२. शृं०प्र०— शृंङ्गारप्रकाशः भोजराज, भाग-२, प्राचीन संस्कृत-ग्रन्थप्रकटन विश्व संस्था, मैसूर, १९६३

२३. संस्कृत-नाट्य-सिद्धान्त के अनालोचित पक्ष : डॉ० एम०आई० खान, क्रीसेण्ट पब्लिशिंग हाऊस, गाजियाबाद : प्रथम संस्करण, १९८५

२४. सा० दर्पण— साहित्यदर्पण : विश्वनाथ, शालग्राम शास्त्री; मोती लाल बनारसी दास, दिल्ली; सप्तम संस्करण, १९७३

२५. हि०दश०— हिन्दी दशरूपक; डॉ० गोविन्द त्रिगुणायत; साहित्य-निकेतन, कानपुर ।

श्रीचक्राकृति-वास्तुविमर्श

डॉ० बृजेश कुमार शुक्ल

लखनऊ

श्रीचक्र अथवा श्रीयन्त्र का तान्त्रिक वाङ्मय में उल्लेख केवल भगवती त्रिपुरसुन्दरी के पूजनयन्त्र के रूप में प्राप्त होता है। श्री विद्या के उपासकों के लिए श्रीयन्त्र एक अप्रतिम स्वरूप है, जिसकी पूजा तथा अन्तर्याग से पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति सहजतया सुलभ है। शाक्य सम्प्रदाय में श्रीचक्र का अत्यधिक महत्त्व प्रतिपादित है। परन्तु तांन्त्रिक वाङ्मय का सूक्ष्म अध्ययन करने से यह ज्ञात होता है कि श्रीचक्र वास्तविकरूपेण एक मन्दिर अथवा देवी त्रिपुर- सुन्दरी का निवास भवन है। परन्तु दुर्भाग्यवश वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों में श्रीचक्र पर अवस्थित भवन अथवा प्रासाद का उल्लेख कदाचित् प्राप्त नहीं होता है। तन्त्र के ग्रन्थों में भी श्रीचक्र ब्रह्माण्ड का प्रतीक है[1] अथवा श्रीचक्र का न्यास साधक अपने शरीर में ही कर लेता है ऐसा समुल्लेख प्राप्त होता है।[2] यह सब रहस्यात्मक विवरण तन्त्र-ग्रन्थों में प्रमुखतया उपलब्ध होता है। किन्तु वास्तु के प्रसङ्ग में श्रीयन्त्र का उल्लेख तन्त्रों में भी प्राप्त नहीं होता है। श्री शङ्कराचार्य की **सौन्दर्य लहरी** में श्रीयन्त्र का उल्लेख चिन्तामणि गृह के रूप में किया गया है–

सुधासिन्धोर्मध्ये सुरविटपिवाटीपरिवृते।
मणिद्वीपे नीपोपवनवति चिन्तामणिगृहे।।
शिवाकारे मञ्चे परमशिवपर्यङ्कनिलयां।
भजन्ति त्वां अन्या कतिचन चिदानन्दलहरीम्।।[3]

यहाँ उपर्युक्त पद्य के स्पष्टीकरण हेतु **सौन्दर्यलहरी** के लक्ष्मीधरा टीका में कहा गया है कि श्रीयन्त्र का बिन्दुस्थान ही अमृत सिन्धु है, पाँच शक्ति त्रिकोण ही सुरवृक्ष हैं। वहीं कदम्ब वृक्षों की पङ्क्ति तथा मणिमण्डप में चिन्तामणि से निर्मित देवी का मन्दिर है।[4] यही मन्दिर श्रीचक्र है। **ललितासहस्त्रनाम** भाष्य में भी भाष्करराय ने त्रिपुरसुन्दरी के मन्दिर को चिन्तामणिगृह की सञ्ज्ञा दी है।[5] **सौन्दर्यलहरी** के एक अन्य श्लोक से भी यह सङ्केत मिलता है कि श्रीयन्त्र के कोण देवी के

---

१. त्रिपुरामहिमस्तोत्र– २८
२. द्रष्टव्य–'श्रीचक्ररहस्य' पुस्तक।
३. सौन्दर्य लहरी– ८
४. बिन्दुस्थानं सुधासिन्धुः पञ्चयोन्यः सुरद्रुमाः।
तत्रैव नीपश्रेणी च तन्मध्ये मणिमण्डपम्।।
तत्र चिन्तामणिकृतं देव्या मन्दिरमुत्तमम्।। सौन्दर्यलहरी–८, लक्ष्मीधरा टीका पृ० ६७)
५. ललिता सहस्त्रनाम भाष्य, पृ० ४०

निवास स्थान (भवन) हैं।[६] **नैषधीय चरित** में श्री हर्ष ने 'तच्चिन्तामणिचारुचिन्तनफले'[७] लिख कर इसी श्रीयन्त्र के ध्यानादि का उल्लेख किया है। अतः यह श्रीचक्र 'चिन्तामणि गृह' के नाम से भी जाना जाता था। आकार की दृष्टि से श्रीयन्त्र के भूपृष्ठ, कच्छपपृष्ठ तथा मेरुपृष्ठ ये तीन प्रकार होते हैं। इनमें मेरु पृष्ठ का श्रीचक्र वास्तु को लक्षित करके बनाया गया होगा। तन्त्रों में श्रीचक्र के मेरुरूप का उल्लेख भी किया गया है–

श्रीचक्रमपि देवेशि मेरुरूपं न संशयः।[८]

इस प्रकार मेरु पृष्ठात्मक श्रीयन्त्र का प्रचलन मन्दिर वास्तु के लिए कदाचित् किया गया होगा। क्योंकि **ब्रह्माण्ड पुराण** में श्रीचक्र रूप जिस चिन्तामणिगृह का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है वह अवश्य ही श्रीचक्र पर निर्मित वास्तु का सङ्केत करता है। श्रीचक्र पर स्थित वास्तु का निर्माण व्यय साध्य तथा कठिन रहा होगा। इसीलिए आज उसी आकृति के मेरुपृष्ठ श्रीयन्त्र ताम्र, चांदी, स्वर्ण, अष्टधातु तथा स्फटिक से बनाये जाते हैं और श्रीविद्या सम्प्रदाय में उसके अन्तर्गत भगवती त्रिपुर सुन्दरी की सपरिवार अर्चना की जाती है।

श्रीयन्त्र पर वास्तु अथवा चिन्तामणिगृह के निर्माण का वर्णन करते हुए कहा गया है कि सर्वप्रथम श्रीपुर अथवा श्रीनगरी का निर्माण करना चाहिए। इस श्रीपुर की रचना किसी विशिष्ट पर्वत पर होनी चाहिए। मेरु, निषध, महीधर, हेम कूट, गन्धमादन, नील, मेष शृङ्गार तथा महेन्द्रपर्वत इसके लिए सर्वश्रेष्ठ बतलाये गये हैं।[९] श्रीपुर की लम्बाई चौड़ाई ४०० योजन होनी चाहिए।[१०] यह पौराणिक माप है, आवश्यकतानुसार इसको न्यून भी किया जा सकता है। श्रीपुर में अनेक शालाएं, द्वार तथा गोपुर बनाये जाते थे। श्रीपुर के प्राङ्गण में नीप (कदम्ब) तथा स्थल पद्म भी लगाये जाते थे। इन सबका वर्णन अतिविस्तृत होने के कारण यहाँ उपस्थापित करना अपेक्षित नहीं है।

श्रीपुर के मध्य भाग में शृङ्गारशाला का निर्माण होता था। शृङ्गारशाला सप्त योजन विस्तीर्ण होती थी।[११] शृङ्गारशाला के चारों ओर १०० गोपुर बनाये जाते थे। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम तथा उत्तर में २५-२५ गोपुरों के अन्तः भाग में २५-२५ शालाओं का निर्माण किया जाता था–

सर्वदिक्षु तदुक्तानि गोपुराणि शतं मुने।
शालास्तु विंशतिः प्रोक्ताः पञ्च सङ्ख्याधिका शुभाः।।[१२]

---

६. सौन्दर्य लहरी– ११
७. नैषधीयचरित १/१४५
८. ज्ञानार्णवतन्त्र से उद्धृत श्रीयन्त्रम्-साधना एवं सिद्धि, पृ० २३
९. प्रथमं मेरुपृष्ठे तु निषधे च महीधरे। हेमकूटे हिमगिरौ पञ्चमे गन्धमादने।।
नीले मेषे च शृङ्गारे महेन्द्रे च महागिरौ।। (ब्रह्माण्डपुराण उत्तर भाग ३१/१६-१७)
१०. ब्रह्माण्डपुराण उत्तर भाग ३१/७९-८२, अध्याय ३५/६६
११. ब्रह्माण्डमहापुराण उत्तरभाग ३५/७०
१२. तत्रैव उत्तरभाग ३५/७३

इस शृङ्गारशाला के मध्य भाग में चिन्तामणिगृह (श्रीयन्त्र) की आकृति वाले मन्दिर का निर्माण होता था। शृङ्गारशाला तथा श्रीयन्त्राकृति वास्तु के मध्य भूमि (प्राङ्गण) रत्नजटित तथा पद्म (कमल) के उपवन से सुसज्जित होती थी–

अथ शृङ्गारशालस्यान्तराले सप्तयोजने।
चिन्तामणिगृहं नाम चक्रराजमहालयः।।
तन्मध्यभूः समस्ताऽपि परितो रत्नभूषिता।
महापद्माटवी नाम सर्वसौभाग्यदायिनी।।[१३]

शृङ्गारशाला इत्यादि का वर्णन तथा निर्माण विस्तृततया उल्लिखित है परन्तु यहां उसका प्रविस्तार न करके स्वाभीष्ट श्रीचक्रोत्थापित चिन्तामणिगृह का विवरण देना उचित है। **पुरश्चर्यार्णव** में श्रीयन्त्र के स्वरूप को इस प्रकार बतलाया गया है–

बिन्दुत्रिकोणवसुकोणदशारयुग्म-
मन्वस्त्रनागदलसंयुतषोडशारम्।
वृत्तत्रयं च धरणीसदनत्रयञ्च
श्रीचक्रराजमुदितं परदेवतायाः।।[१४]

बिन्दु, त्रिकोण, अष्टकोण, अन्तर्दशार, बहिर्दशार, चतुर्दशार, अष्टदल, षोडश दल, तीनवृत्त तथा भूपुरत्रय यही श्रीयन्त्र का स्वरूप है। यहाँ कुछ ग्रन्थों में तीन वृत्त नहीं स्वीकार किये गये हैं।[१५] **श्रीविद्याबृहत्कर्पूरस्तोत्र** में भी श्रीयन्त्र का स्वरूप बतलाया गया है। यह स्वरूप भूपुरत्रय, वृत्तत्रय, षोडशदल, अष्टल चतुर्दशार, बहिर्दशार, अन्तर्दशार, अष्टकोण, त्रिकोण तथा बिन्दु क्रम से बतलाया गया है[१६] **ब्रह्माण्डपुराण** में वास्तु के प्रसङ्ग में श्रीयन्त्र के अन्तर्गत वृत्तत्रय का उल्लेख नहीं है। तीन वृत्तों के रखने पर भी श्रीचक्र के नवचक्रों का ही वर्णन प्राप्त होता है त्रिवृत्तरूप दशम चक्र का उल्लेख नहीं है। अतः श्रीयन्त्र में त्रिवृत्त का कोई विशेष महत्त्व नहीं है। श्रीयन्त्र पर आश्रित मन्दिर अधोलिखित आवरणों के अनुसार निर्मित किया जा सकता है–

१. चतुर्द्वार– चिन्तामणि गृह का निर्माण चिन्तामणि नामक रत्न से किया जाना चाहिए। चिन्तामणि कदाचिद् स्फटिक पत्थर हो सकता है। भूमि पर अर्द्धक्रोश के परिमाप में चारों दिशाओं में

---

१३. तत्रैव उत्तरभाग ३५/७०-७१

१४. पुरश्चर्यार्णव पृ० ११५२

१५. श्रीयन्त्र-साधना एवं सिद्धि, पृ० ६७

१६. त्रिवृत्तं भूगेहे रसविधुदलान्तर्वसुदलं
ततो मन्वस्रान्तः सुललितदशारद्वयमपि।।
तदन्तः सर्पारं जननि कुलबालार्कसदृशम्।
त्रिकोणं तन्मध्ये विमलतरबिन्दुर्भगवति।।
(श्रीविद्याबृहत्कर्पूर स्त्रोत्र–१४)

चार द्वार बनाने चाहिए।[१७] दिशा के क्रम में ये चारों द्वारा क्रमशः पूर्वाम्नाय, दक्षिणाम्नाय, पश्चिमाम्नाय तथा उत्तराम्नाय के नाम से प्रसिद्ध हैं।[१८] क्रम दीक्षा के अनुसार ये आम्नाय क्रमशः सृष्टि, स्थिति, संहार तथा अनाख्या के नाम से प्रसिद्ध हैं। अधराम्नाय तथा ऊर्ध्वाम्नाय भी श्रीचक्र में स्वीकार किये गये हैं। ये निम्न तथा ऊर्ध्व श्रीचक्र के भाग हैं। इनमें ६४ प्रकार की क्रमदीक्षा दी जाती है।[१९] जिस साधक को जैसी दीक्षा दी जाती है वह उसी आम्नाय के अनुसार श्रीचक्र मन्दिर में प्रवेश और पूजन करता है।

२. भूपुरत्रय (त्रैलोक्य मोहन चक्र)– भूपुर से श्रीचक्र का प्रारम्भ होता है। पद्माटवी के स्थल से २० हाथ ऊँचा तथा ४०० हाथ वर्गाकार (परिधि १६०० हाथ) प्रकोष्ठ बनाकर पूर्व में अणिमा, अग्निकोण में महिमा, दक्षिण में लघिमा, नैऋत्य में ईशित्व, पश्चिम में वशित्व, वायुकोण में प्राकाम्य, उत्तर में भुक्ति, ईशान में इच्छा, ऊर्ध्व भाग में प्राप्ति तथा अधो भाग में सर्वकामा सिद्धियों का गृह बनाना चाहिए।[२०] **ब्रह्माण्डपुराण** में चौथी सिद्धि गरिमा के नाम से कही गयी है।[२१] परन्तु यह अन्य स्थलों से प्रमाणित नहीं है।

तत्पश्चात् अणिमादि के भवन के ऊपर २० हाथ ऊंचा और १६०० हाथ परिधि में वर्गाकार अष्ट मातृकाओं के मन्दिर सोपान (सीढ़ियों) की पङ्क्तियों सहित बनवाने चाहिए।[२२] पश्चिम में ब्राह्मी, वायव्य में माहेश्वरी, उत्तर में कौमारी, ईशान में वैष्णवी, पूर्व में वाराही, अग्निकोण में माहेन्द्री, दक्षिण में चामुण्डा और नैऋत्य में महालक्ष्मी के मन्दिर होने चाहिए।[२३] **ब्रह्माण्ड पुराण** भी मध्य भूपुर में अष्ट शक्तियों के मन्दिर बनाने का उल्लेख करता है–

ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा।
वाराही चैव माहेन्द्री चामुण्डाप्यथ सप्तमी।।
महालक्ष्मीरष्टमी तु तत्रैताः कृतमन्दिराः।।[२४]

---

१७. चिन्तामणिगृहे सर्वं चिन्तामणिमयं स्मृतम्। यस्य द्वाराणि चत्वारि क्रोशार्धायामभाञ्जि च।।
क्रोशार्द्धार्द्ध च विस्तारो कथितो मुने। द्वारेषु सर्वेषु पुनश्चिन्तामणिगृहान्तरे।।
(ब्रह्माण्डपुराण उत्तर भाग ३६/३८-३९)

१८. ब्रह्माण्ड पुराण उत्तर भाग ३६/४१-४२

१९. श्रीयन्त्रम्-साधना एवं सिद्धि, पृ० ४६-४७

२०. पद्माटवीस्थलाच्चिन्तामणिवेश्मान्तरं मुने। हस्तविंशतिरुन्नम्रं तत्र स्युरणिमादयः।।
अणिमान्तरविस्तारश्चतुर्नल्वसमन्वितः। अणिमा महिमा चैव लघिमा गरिमा तथा।।
ईशित्वं च वशित्वं च प्राकाम्यं भुक्तिरेव च। इच्छाप्राप्तिः सर्वकामेत्येताः सिद्धय उत्तमाः।।
(ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तरभाग ३६/४८-५१)

२१. ब्रह्माण्डमहापुराण उत्तर भाग ३६/५०

२२. हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्। चतुर्दिक्षु च सोपानपङ्क्तिभिः सुमनोहरम्।। (ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तरभागे३६/५६-५७)

२३. श्रीयन्त्रम्-साधना एवं सिद्धि, पृ० १३१-१३२

२४. ब्रह्माण्डमहापुराण उत्तर भाग ३६/५८

ब्राह्मी आदि देवियों के ऊपर २० हाथ ऊंचा तथा १६०० हाथ परिधि में वर्गाकार एक भवन का निर्माण किया जाता है। इसे मुद्राओं का गृह कहा जाता है–

अत्र ब्राह्म्यन्तरा तस्योपरिष्टात्कुम्भसम्भव।

हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।

मुद्रान्तरमिति त्रैधं तत्र मुद्राः कृतालयाः।।[२५]

पूर्व दिशा में क्षोभणी, आग्नेय में द्रावणी, दक्षिण में आकर्षणी, नैऋत्य में वश्या, पश्चिम में उन्मादिनी, वायव्य में महाङ्कुशा, उत्तर में खेचरी, ईशान में बीजमुद्रा, ऊर्ध्वभाग में योनि तथा अधोभाग में विखण्डा मुद्राओं का स्थापन करना चाहिए। मुद्रागृह में मुद्राओं का स्वरूप सुन्दर, नवयौवन विह्वल तथा कान्तियुक्त होना चाहिए। ये मुद्राएं भगवती त्रिपुरसुन्दरी ललिता की सर्वप्रकारेण सेवा करती हैं।[२६] भूपुर के वर्गत्रय हरितवर्ण के होने चाहिए।[२७] तन्त्र में इसे त्रैलोक्य मोहन चक्र कहा जाता है।[२८] इसमें तीन मञ्जिल बनाये जाते हैं।

३. षोडशदल कमल (सर्वाशापरिपूरक चक्र)– भूपुरत्रय के ऊपर २० हाथ ऊँचा तथा १६०० की परिधि में गोलाकार षोडशदल पद्माकृति रूप में १६ पद्मदलाकृति प्रकोष्ठ बनाने चाहिए। प्रत्येक भवन के लिए नीचे से उत्तरोत्तर सीढ़ियां निर्मित होनी चाहिए। ये षोडश नित्या कलाओं के मन्दिर हैं।[२९] 'पश्चिम से प्रारम्भ करके विपरीत क्रम से पद्मदलाकृति षोडश भवनों में कामाकर्षिणी, बुद्ध्याकर्षिणी, अहङ्काराकर्षिणी, शब्दाकर्षिणी, स्पर्शाकर्षिणी, रूपाकर्षिणी, रसाकर्षिणी, गन्धाकर्षिणी, चिन्ताकर्षिणी, धैर्याकर्षिणी, नामाकर्षिणी, बीजाकर्षिणी, अमृताकर्षिणी, स्मृत्याकर्षिणी, शरीराकर्षिणी तथा आत्माकर्षिणी नामक १६ नित्याओं के मन्दिर बनवाने चाहिए।[३०] इनका अपर नाम षोडशगुप्त योगिनी भी है।[३१] **ब्रह्माण्ड पुराण** में केवल १२ योगिनियों के

---

२५. तत्रैव ३६/६०

२६. संक्षोभद्रावणाकर्षवश्योन्मादमहाङ्कुशाः। खेचरी बीजयोन्याख्या त्रिखण्डा दशमी पुनः।।
पूर्वादिदिशमारभ्य मुद्रा एताः प्रतिष्ठिताः। अत्यन्तसुन्दराकारा नवयौवनविह्वलाः।।
कान्तिभिः कमनीयाभिः पूरयन्त्यो गृहान्तरम्। सेवन्ते मुनिशार्दूल ललितापरमेश्वरीम्।। (ब्रह्माण्ड पुराण, उत्तरभाग ३६/६१-६३)

२७. श्री चक्र रहस्य, पृ० १६

२८. ज्ञानार्णव तन्त्र १६/१४०

२९. हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्। पर्वतश्चैव सोपानमुत्तरोत्तरमिष्यते।।
परितः कृतसंस्थाना षोडशेन्द्रकलात्मिकाः।। (ब्रह्माण्ड पुराण उत्तर भाग ३६/६६-६७)

३०. कामाकर्षणरूपां च बुद्ध्याकर्षणरूपिणीम्। अहङ्काराकर्षिणीं च शब्दाकर्षणरूपिणीम्।।
स्पर्शाकर्षणरूपां तु रूपाकर्षणरुपिणीम्। रसाकर्षकरीं देवीं गन्धाकर्षणरूपिणीम्।।
चित्राकर्षकरीं देवीं धैर्याकर्षणकारिणीम्। स्मृत्याकर्षणरूपां तु नामा कर्षणरुपिणीम्।।
बीजाकर्षकरीं देवीमात्माकर्षणकारिकाम्। अमृताकर्षिणीं देवीं शरीराकर्षिणीं तथा।
षोडशारे महादेवि! वामावर्तेन पूजयेत्।। (नित्याषोडशिकार्णव– १५८-१६१)

३१. एतास्तु गुप्तयोगिन्यास्त्रिपुरेशी तु चक्रिणी। (ब्रह्माण्डमहापुराण उत्तरभाग ३६/७२)

नाम दिये गये हैं जिसमें एक नाम इन सबसे भिन्न अर्थाकर्षिणी है।[३२] कहीं कहीं चन्द्रमा की १६ कलाएं यथा अमृता, मानदा, पूषा, तुष्टि, पुष्टि, रति, धृति, शशिनी, चन्द्रिका, कान्ति ज्योत्स्ना, श्री, प्रीति अङ्गदा, पूर्णा तथा पूर्णामृता कही गयी हैं। शैव मतानुसार निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति, इन्धिका, दीपिका, रेचिका, मोचिका, परा, सूक्ष्मा, सूक्ष्मामृता, ज्ञाना, ज्ञानामृता, आप्यायिनी, व्यापिनी तथा व्योम रूपा बतलायी गयी हैं। कहीं कहीं कामेश्वर्यादि षोडशनित्याएं कही गयी हैं।[३३] सम्प्रदायानुसार सञ्ज्ञाभेद से षोडश पद्म दलाकृति प्रकोष्ठों का निर्माण करना चाहिए। इन षोडश मन्दिरों में अर्चना करने से व्यक्ति की समस्त आशाएं परिपूर्ण होती हैं। अतः इसे सर्वाशापरिपूरक चक्र भी कहते हैं।[३४] षोडशदल कमल के मन्दिर पीतवर्ण के होने चाहिए।[३५]

४. अष्टदल कमल (सर्व सङ्क्षोभण चक्र)– षोडशदल कमल प्रासाद के २० हाथ ऊपर चार तत्व अर्थात् १६०० हाथ की परिधि में अष्टदल कमल स्वरूप वाले कमलदलाकृति आठ प्रासाद बनवाने चाहिए। इसे सर्व संक्षोभण चक्र भी कहते हैं–

नित्याकलान्तरादूर्ध्वं धिष्णामत्यन्तसुन्दरम्।
हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।
प्राग्वत्सोपानसंयुक्तं सर्वसङ्क्षोभणाभिधम्।।[३६]

इन भवनों में भी नीचे से सोपानों का निर्माण होना चाहिए। इन भवनों में अनङ्गकुसुमा, अनङ्गमेखला, अनङ्गमदना, अनङ्गमदनातुरा, अनङ्गरेखा, अनङ्गवेगिनी, अनङ्गाङ्कुशा तथा अनङ्गमालिमी नामक शक्तियों की स्थापना करनी चाहिए। ये शक्तियां मद से लाल नेत्र वाली तथा नव तारुण्य से मत्त होकर भगवती त्रिपुर सुन्दरी की सेवा करती हैं।[३७] यहाँ के भवन पाटल (गुलाबी) वर्ण के होने चाहिए।[३८] इस सर्व सङ्क्षोभण चक्र में ध्यान, पूजन तथा निदिध्यासन करने से त्रैलोक्य की सर्व सुन्दर वस्तुएं संक्षुब्ध होकर साधक का वरण कर लेती हैं।

श्रीयन्त्र में बतलाये गये षोडशदल कमल तथा अष्टदल कमल प्रासाद वास्तुशास्त्र की दृष्टि से कमलोद्भव प्रासाद की कोटि में आ सकते हैं।[३९] परन्तु समराङ्गण सूत्रधार में आये हुए कमलोद्भव

---

३२. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३६/६९-७१
३३. काम कला विलास– सरोजिनी हिन्दी टीका, पृ० १०६
३४. ज्ञानार्णव तन्त्र १६/१५१
३५. श्रीचक्र रहस्य, पृष्ठ १५
३६. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३६/७३-७४
३७. तत्राष्टौ शक्तयस्तीव्रा मदारुणविलोचनाः। नवतारुण्यमत्ताश्च सेवन्ते परमेश्वरीम्।।
कुसुमा मेखला चैव मदना मदनातुरा। रेखा वेगिन्यङ्कुशा च मालिन्यष्टौ च शक्तयः।।
कोटिशस्तत्परीवारः शक्तयोऽनङ्गपूर्विकाः। सर्वसङ्क्षोभणमिदं चक्रं तदधिदेवता।। (ब्रह्माण्डपुराण उत्तरभाग ३६/७५-७७)
३८. श्रीचक्र रहस्य, पृ० १५
३९. समराङ्गणसूत्रधार (तृतीय भाग) प्रासाद-निवेश, पृ० १२४

प्रासाद से इनमें अत्यधिक भिन्नता दृष्टिगत होती है। बाहर से षोडशदल कमल तथा अष्टदल कमल की आकृति में दिखायी पड़ने वाले में भवन अन्दर भी कमल की पङ्खुड़ियों के समान आकृति वाली शालाओं से युक्त रहते होंगे।

५. चतुर्दशार (सर्वसौभाग्यदायक चक्र)– अष्टदल कमल भवन के २० हाथ ऊपर १६०० हाथ की परिधि में चतुर्दश त्रिकोणात्मक भवन निर्मित किये जाते थे। इन चतुर्दशकोणात्मक भवनों का नाम सर्वसौभाग्यदायक चक्र है–

अनङ्गशक्त्यन्तरस्योपरिष्टात्कुम्भसम्भव।
हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।
सङ्क्षोभिण्याद्यन्तरं स्यात्सर्वसौभाग्यदायकम्।।[४०]

चतुर्दश त्रिकोणात्मक भवनों में पश्चिम से प्रारम्भ करके विलोम क्रम से सर्वसङ्क्षोभिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षिणी, सर्वाह्लादकारिणी, सर्वसम्मोहिनी, सर्वस्तम्भिनी, सर्वजृम्भिणी, सर्ववशङ्करी, सर्वरञ्जिनी, सर्वोन्मादिनी, सर्वार्थसाधिनी, सर्वसम्पत्ति पूरिणी, सर्वमन्त्रमयी तथा सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करी नामक शक्तियों की स्थापना करनी चाहिए।[४१] सब प्रकार के सौभाग्य का प्रदायक होने से यह चक्र सर्व सौभाग्यदायक कहा जाता है। इस चक्र में भवनों का रङ्ग नीला होना चाहिए।[४२] वृत्ताकार परिधि में बाहर से भवन परिसर के चारों ओर चतुर्दश कर्णिकाएं (त्रिकोण) अत्यन्त रम्य प्रतीत होते हैं। १६०० हाथ वाली परिधि को १४ भागों में रेखागणितीय प्रकार से विभक्त करके प्रत्येक भाग में त्रिकोणात्मक भवन की उपकल्पना करनी चाहिए। मन्दिर में पूर्व बतलाये गये षोडशदल, अष्टदल, तथा चतुर्दशार बाहर से भी दृष्टिगत हो रहे हों, ऐसी भवन की रचना होनी चाहिए।

६. बहिर्दशार (सर्वार्थसाधक चक्र)– चतुर्दशार प्रासाद के ऊपर २० हाथ ऊँचा तथा १६०० हाथ परिधि के अन्तर्गत त्रिकोणात्मक दश भवनों का निर्माण किया जाता है।[४३] १६०० हाथ परिधि को दश भागों में विभक्त करके बाह्य दश कर्णिकाओं से युक्त भवनों में सर्वसिद्धिप्रदा, सर्वसम्पत्प्रदा, सर्वप्रियङ्करी, सर्वमङ्गलकारिणी, सर्वकामप्रदा, सर्वदुःखविमोचिनी, सर्वमृत्युप्रशामिनी, सर्व विघ्ननिवारिणी, सर्वाङ्गसुन्दरी तथा सर्वसौभाग्यदायिनी सञ्ज्ञक देवियों की प्रतिष्ठा करनी चाहिए–

---

४०. ब्रह्माण्ड महापुराण, ३६/७६

४१. सर्वसङ्क्षोभिणी शक्तिः सर्वविद्राविणी तथा। सर्वाकर्षणिका शक्तिः सर्वाह्लादनिका तथा।।
सर्वसम्मोहिनी शक्तिः सर्वस्तम्भनशक्तिका। सर्वजृम्भिणिका शक्तिस्तथा सर्ववशङ्करी।।
सर्वरञ्जनशक्तिश्च सर्वोन्मादनिशक्तिका। सर्वार्थसाधिकाशक्तिः सर्वसम्पत्तिपूरिणीः।
सर्वमन्त्रमयीशक्तिः सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करी।। (ब्रह्माण्ड पुराण उत्तर भाग ३६/८१-८४)

४२. श्रीचक्र रहस्य पृ० १४

४३. सङ्क्षोभिण्याद्यन्तरस्योपरिष्टात्कुम्भसम्भव। हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।
सर्वसिद्ध्यादिकानां तु मन्दिरं विष्टयमुच्यते।। (ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग, ३६/८६)

सर्वसिद्धिप्रदा चैव सर्वसम्पत्प्रदा तथा।

सर्वप्रियङ्करी देवी सर्वमङ्गलकारिणी।।

सर्वकामप्रदा देवी सर्वदुःखविमोचनी।

सर्वमृत्युप्रशमिनी सर्वविघ्ननिवारिणी।।

सर्वाङ्गसुन्दरी देवी सर्वसौभाग्यदायिनी।।

एता देव्यः कलोत्कीर्णा योगिन्यो नामतः स्मृताः।।[४४]

इस दशार के भवन रक्त वर्ण के बनाये जाते थे।[४५] रेखात्मक श्रीयन्त्र के निर्माण में इसे बहिर्दशार की सञ्ज्ञा दी जाती है, परन्तु वास्तु के रूप में इसे केवल दशार ही कहा जाना चाहिए। साधकों के लिए सभी प्रकार के अर्थों का साधक होने के कारण इसे सर्वार्थ साधक चक्र कहते हैं।

७. अन्तर्दशार (सर्व रक्षाकर चक्र)– बहिर्दशार के ऊपर २० हाथ ऊँचा तथा १६०० हाथ की परिधि में पुनः त्रिकोणात्मक दश भवन निर्मित किये जाते हैं। सर्व प्रकारेण रक्षा करने के कारण इसे सर्वरक्षाकर चक्र कहते हैं–

सर्वसिद्ध्याद्यन्तरस्योपरिष्टात्कुम्भसम्भव।

हस्तविंशतिरुन्नमम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।

सर्वज्ञाद्यन्तरं नाम्ना सर्वरक्षाकरं स्मृतम्।।[४६]

भूपृष्ठात्मक रेखाकृति श्रीयन्त्र बनाने में अन्तर्दशार का प्रयोग सार्थक प्रतीत होता है। किन्तु वास्तु में केवल दशार ही कहा जाना चाहिए। त्रिकोणात्मक दशभवनों में सर्वज्ञा, सर्वशक्ति, सर्वैश्वर्यप्रदायिनी, सर्वज्ञानमयी, सर्वव्याधिविनाशिनी, सर्वाधारस्वरूपा, सर्वपापहरी, सर्वानन्दमयी, सर्वरक्षा स्वरूपिणी तथा सर्वेप्सित प्रदा देवियों की स्थापना होनी चाहिए।[४७] इस दशार के भवन कृष्ण वर्ण के होने चाहिए।[४८] दश कर्णिकाएं बाहर से भी दृष्टिगत होनी चाहिए। देवियों (योगिनियों) की स्थापना पश्चिम से विलोम क्रम से करनी चाहिए।[४९]

८. अष्ट कोण (सर्व रोग हर चक्र)– अन्तर्दशार भवनों के ऊपर २० हाथ की ऊँचाई तथा १६०० हाथ की परिधि में अष्टकोण अथवा अष्टार भवनों की रचना करनी चाहिए। १६०० हाथ की परिधि

---

४४. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग, ३६/८७-८९

४५. श्रीचक्र रहस्य, पृ० १३

४६. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग, ३६/९१-९२

४७. सर्वज्ञा सर्वशक्तिश्च सर्वैश्वर्यप्रदायिनी। सर्वज्ञानमयी देवी सर्वव्याधिविनाशिनी।।
सर्वाधारस्वरूपा च सर्वपापहरी तथा। सर्वानन्दमयी देवी सर्वरक्षास्वरूपिणी।।
सर्वेप्सितप्रदा चैता निर्गर्वा योगिनीश्वराः।। (ब्रह्माण्डपुराण उत्तरभाग ३६/९३-९५)

४८. श्रीचक्र रहस्य, पृ० १२

४९. श्रीयन्त्र-साधना एवं सिद्धि, पृ० १३८

को आठ भागों में विभक्त करके त्रिकोणात्मक आठ भवन पूर्वादि दिशाओं में बनाये जाते थे। इन भवनों में भी पूर्ववत् सीढ़ियां बनानी चाहिए। इस चक्र (भवन) में स्थित देवियों का पूजन तथा ध्यान करने में व्यक्ति के सभी रोग नष्ट हो जाते हैं। अतः इसे सर्वरोगहर चक्र भी कहते हैं–

सर्वज्ञाद्यन्तरालस्योपरिष्टात्कलशोद्भव।

हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।

वशिन्याद्यन्तरं ज्ञेयं प्राग्वत्सोपानमन्दिरम्।

सर्वरोगहरं नाम्ना तच्चक्रमिति विश्रुतम्।।[५०]

इस भवन के दश त्रिकोणात्मक प्रकोष्ठों में पश्चिमादि विलोम क्रम से वशिनी, कौमारी, मोहिनी, विमला, अरुणा, जयिनी, सर्वेशी, तथा कौलिनी देवियों की प्रतिष्ठा की जाती है।[५१] **ब्रह्माण्ड महापुराण** में पूर्वादि क्रम से देवियों की प्रतिष्ठा का विधान है। यहां देवियों के नाम भी कुछ भिन्न प्राप्त होते हैं। यथा– वशिनीश्वरी, कामेश्वरी, मोदिनी (वागीशी) विमला (सरस्वती), वाक् प्रधारणा, जयिनी, सर्वैश्वर्यादि वाङ्मयी तथा कौलिनी।[५२] इस चक्र के मन्दिरों का रङ्ग हरा होना चाहिए।[५३]

६. अष्टार (अस्त चक्र) ब्रह्माण्ड महापुराण में इस अष्टार के बाद पुनः अष्टकोण वाले भवन के निर्माण की चर्चा की गयी है। परन्तु श्रीचक्र के तान्त्रिक स्वरूप में अष्टार के बाद त्रिकोण का स्थान बतलाया गया है। अष्टारद्वय की कल्पना **ब्रह्माण्ड महापुराण** की अपनी अलग विशेषता है। पूर्व अष्टार के ऊपर २० हाथ ऊँचाई में १६०० हाथ की परिधि परिमाण के अन्तर्गत आठ त्रिकोणात्मक भवन बनाने चाहिए।[५४] इसे अस्त्र चक्र कहते हैं क्योंकि इसमें आठ अस्त्रों की स्थापना की जाती है–

वज्रशक्तिः शतघ्नी च भुशुण्डी मुशलं तथा।

कृपाणः पट्टिशं चैव मुद्गरं भिन्दिपालकम्।।[५५]

वज्र शक्ति, शतघ्नी, भुशुण्डी, मुसल, कृपाण, पट्टिश, मुद्गर तथा भिन्दिपाल ये आठ अस्त्र उपर्युक्त भवनों में रखे जाते हैं। **'मन्त्र महोदधि'** में प्रथम अष्टकोण के अन्तर्गत ही अस्त्रों की पूजा का

---

५०. ब्रह्माण्ड महापुराण, उत्तर भाग ३७/१-२

५१. अकाराद्यष्टवर्गाद्या पश्चिमादिविलोमताः। पूजयेत्पूर्वसम्प्रोक्ता बीजाद्या अष्टदेवताः।
वशिनी चापि कौमारी मोदिनी विमलारुणा। जयिनी चापि सर्वेशी कौलिनीत्युदिताः पुरा।। (मन्त्र महोदधि १२/ ११६-१२०)

५२. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/४-६

५३. श्रीचक्र रहस्य, पृ० ११

५४. वशिन्याद्यन्तरालस्योपरिष्टाद्विन्ध्यमर्दन। हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।
अस्त्रं चक्रमिति ज्ञेयं तत्र वाणादिदेवताः।। (ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/१०-११)

५५. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग, पृ० ३७/१७

विधान है। इसके लिए पृथक् किसी चक्र की कल्पना नहीं की गयी है।[५६] इस चक्र के भवनों के लिए वर्ण विशेष का उल्लेख नहीं हुआ है। क्योंकि यह चक्र श्रीयन्त्र में सम्मिलित नहीं है। पश्चिमादि अनुलोम क्रम से अस्त्रों की स्थापना की जानी चाहिए।

१०. त्रिकोण (सर्वसिद्धिप्रदचक्र)– द्वितीय अष्टार भवनों के ऊपर २० हाथ ऊँचा तथा १६०० हाथ की परिधि में त्रिकोणात्मक तीन भवनों का निर्माण करना चाहिए।[५७] इसमें आग्नेयादि दिशाओं के क्रम से कामेश्वरी, वज्रेश्वरी तथा भगमालिनी (भगमाला) सञ्ज्ञक देवियों की स्थापना करनी चाहिए। कामेश्वरी को कामेशी तथा वज्रेश्वरी को वज्रेशी भी कहा जाता है।[५८] सभी प्रकार की सिद्धियों को देने के कारण यह सर्वसिद्धिप्रद चक्र कहलाता है। त्रिकोणात्मक तीनों भवनों के रङ्ग पीत होने चाहिए।[५९]

११. चतुष्कोण (नाथचक्र)– श्रीयन्त्र में त्रिकोण के पश्चात् नाथचक्र अथवा चतुष्कोण का स्थान नहीं है। परन्तु बिन्दु तथा त्रिकोण के मध्य में चतुष्कोण में नाथ गुरुओं के पूजन का विधान है। **मन्त्र महोदधि** में लिखा है कि बिन्दु तथा त्रिकोण के मध्य तीन पङ्क्तियों में दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा मानवौघ गुरुओं का पूजन करना चाहिए।[६०] प्रत्येक पङ्क्ति में क्रमशः ७ दिव्यौघ, ४ सिद्धौघ तथा ८ मानवौघ गुरुओं का स्थान है।[६१] इसी को आधार मानकर **ब्रह्माण्ड पुराण** में त्रिकोणात्मक भवनों के ऊपर २० हाथ ऊँचा तथा १६०० हाथ की परिधि में विस्तृत चतुष्कोणात्मक चार भवन बनाने चाहिए। इनमें मित्रीश, षष्ठीश, उड्डीश तथा चर्यानाथ गुरुओं की प्रतिष्ठा करनी चाहिए। ये भवन भी सोपान से युक्त होने चाहिए–

नाथान्तरमिति प्रोक्तं हस्तविंशतिरुन्नतम्।
चतुर्नल्वप्रविस्तारं प्राग्वत्सोपानमण्डितम्।।

x x x x

मित्री षष्ठ्युड्डीशश्चैव चर्याख्यः कुम्भसम्भव।[६२]

ये भवन श्रीयन्त्र के स्वरूप में उल्लिखित नहीं हैं। परन्तु वास्तु के रूप में श्रीयन्त्राकृति प्रासाद

---

५६. मन्त्रमहोदधि-द्वादश तरङ्ग, पृ० ३८५

५७. अथ शस्त्रान्तरालस्योपरि वातापितापन। हस्तविंशतिरुन्नभ्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।
धिष्ण्यं तु समयेशीनां स्थानं च तिसृणां मतम्।। (ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/१६)

५८. तिसृणां शृणु नामानि कामेशी प्रथमा मता। वज्रेशी भगमाला च ताः सेवन्ते सहस्त्रशः।। (ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/२१)

५९. श्रीचक्रहस्य, पृ० १०

६०. विन्दुत्रिकोणयोर्मध्ये यजेत्त्रिपुरसुन्दरीम्।
दिव्यौघाश्चापि सिद्धौघा मानवोघास्त्रिधा हिते।।
(मन्त्रमहोदधि १२/३४-३५)

६१. मन्त्रमहोदधि १२/३५-३८

६२. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/२६ तथा २६

के अन्तर्गत इस चतुष्कोणात्मक चार प्रकोष्ठों का भी स्थान है। इस भवन के रङ्ग का उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। ज्ञानार्णवतन्त्र में भी इस चतुरस्त्र मण्डल का उल्लेख श्रीयन्त्र की पूजा में प्राप्त होता है।[६३]

१२. पञ्चदशार (नित्या चक्र)– श्रीचक्र में इस चक्र को भी सम्मिलित नहीं किया जाता है। किन्तु **मन्त्र महोदधि** में लिखा है कि त्रिकोण तथा बिन्दु के मध्य त्रिकोण की प्रत्येक भुजा के समीप ५-५ के वामावर्त क्रम से १५ नित्याओं का पूजन करना चाहिए।[६४] इसीलिए **ब्रह्माण्ड पुराण** में नाथ भवन (चतुष्कोण) के ऊपर पञ्चदश त्रिकोणात्मक भवन बनाने का उल्लेख है। २० हाथ ऊँचे तथा १६०० हाथ विस्तृत परिधि के १५ भाग करके पन्द्रह त्रिकोणात्मक भवन बनाने चाहिए–

अथ नाथान्तरालस्योपरिष्टाद्धिष्ण्यमुत्तमम्।

हस्तविंशतिरुन्नम्रं चतुर्वल्वप्रविस्तरम्।।

नित्यान्तरमिति प्रोक्तं नित्याः पञ्चदशात्र वै।।[६५]

पन्द्रह नित्याओं के नाम इस प्रकार हैं– कामेश्वरी, भगमालिनी, नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा, वह्नि वासिनी, महाविद्येश्वरी, शिवदूती, त्वरिता, सुन्दरी (कुल सुन्दरी), नित्या, नील पताका, विजया, सर्वमङ्गला, ज्वालामालिनिका तथा चित्रा (विचित्रा)।[६६] इनके प्रासादों का वर्ण नहीं बतलाया गया है। श्रीयन्त्र के स्वरूप में पञ्चदशार का भी परिगणन नहीं किया जाता है।

१३. षट्कोण (अङ्गदेवी चक्र)– यह चक्र भी श्रीचक्र के स्वरूप से व्यतिरिक्त है। पञ्चदशार के ऊपर २० हाथ ऊंचा तथा १६०० हाथ की परिधि में त्रिकोणात्मक छः भवनों का निर्माण करके उसमें सीढ़ियां भी बनवानी चाहिए। इन भवनों में पश्चिमादि क्रम से हृद्देवी, शिरोदेवी, शिखा देवी, वर्मदेवी, दृष्टि देवी तथा शस्त्र देवी की स्थापना करनी चाहिए–

अथ नित्यान्तरालस्योपरिष्टात्कुम्भसम्भव।

अङ्गदेव्यन्तरं प्रोक्तं हस्तविंशतिरुन्नतम्।।

चतुर्नल्वप्रविस्तारं प्राग्वत्सोपानमन्दिरम्।

तस्मिन् हृदयदेव्याद्याः शक्तयः सन्ति वै मुने।।

हृद्देवी च शिरोदेवी शिखा देवी तथैव च।।

वर्मदेवी दृष्टिदेवी शस्त्रदेवी षडीरिताः।।[६७]

---

६३. मण्डलं चतुरस्त्रं तु तन्मध्ये विलिखेत्प्रिये।
त्रिकोणमध्ये व्योमाख्यं मण्डलं पूजयेत्ततः।। (ज्ञानार्णवतन्त्र १६/२१८-२१६)

६४. मन्त्र महोदधि, द्वादश तरङ्ग, पृ० ३७१

६५. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/३१-३२

६६. अथ कामेश्वरी नित्या नित्या च भगमालिनी। नित्यक्लिन्ना अपि तथा भेरुण्डा वह्निवासिनी।।
महावज्रेश्वरी दूती त्वरिता कुलसुन्दरी। नित्या नीलपताका च विजया सर्वमङ्गला।।
ज्वाला मालिनिका चित्रेत्येताः पञ्च दशोदिताः।। (ब्रह्माण्ड पुराण उत्तर भाग ३७-३३-३५)

६७. ब्रह्माण्डम हापुराण, उत्तर भाग ३७/४०-४२

श्रीयन्त्र की पूजा में पात्रासादन कर्म होता है जिसमें षट्कोण के निर्माण का उल्लेख प्राप्त होता है, अथवा यन्त्र पूजन में षडङ्ग पूजन का भी विधान है।[६८] इसी का आश्रय लेकर वास्तु निर्माण में त्रिकोणात्मक छः प्रासादों की रचना कही गयी है। अन्यथा षट्कोण श्रीयन्त्र का भाग नहीं है। इन भवनों के वर्णों का उल्लेख उपलब्ध नहीं होता है।

१४. बिन्दु (सर्वानन्दमय चक्र)– यह श्रीचक्र का ऊपरी भाग है। यह चिन्तामणि गृह का वह भाग (मन्दिर) है जिसमें भगवती त्रिपुरसुन्दरी स्वयं निवास करती हैं। कामेश्वर (शिव) से सम्पृक्त सुन्दरी का मन्दिर होने के कारण यही तान्त्रिक वाङ्मय का नाद बिन्दु है। शिव नाद रूप तथा सुन्दरी बिन्दु रूपा हैं।[६९] अतः **ब्रह्माण्ड महापुराण** में इस बिन्दु के वास्तु निर्माण पक्ष में कहा गया है कि अङ्गदेवियों के प्रासाद पर दश हाथ ऊँचा तथा ३२०० हाथ की परिधि में गोलाकार (वृत्ताकार) बिन्दु नाद महापीठ की स्थापना करनी चाहिए–

अथाङ्गदेव्यन्तरस्योपरिष्टान्मण्डलाकृति।
बिन्दुनादमहापीठं दशहस्तसमुन्नतम्।।
नल्वाष्टकप्रविस्तारमुद्यदादित्यसन्निभम्।
बिन्दुपीठमिति ज्ञेयं श्रीपीठमपि चेष्यते।।[७०]

यह मञ्चस्वरूप पीठ रत्नों से निर्मित होना चाहिए। पीठ पर मञ्च चार स्तम्भों पर बना होना चाहिए। स्तम्भ दश हाथ ऊंचे तथा तीन हाथ की चौड़ाई में होने चाहिए। ये स्तम्भ क्रमशः अग्निकोण, नैऋत्य, वायव्य, तथा ईशान में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा ईश्वर की मूर्ति स्वरूप होने चाहिए। यही मञ्च के चार पाद (पायें) हैं।[७१] इस मञ्च के ऊपर २४०० हाथ लम्बे तथा १६०० हाथ चौड़े आकार में सदाशिव की मूर्ति बनानी चाहिए।[७२] यही त्रिपुरसुन्दरी का शयनपट है। यही ब्रह्मा, विष्णु, महेश (रुद्र), ईश्वर तथा सदाशिव पञ्च प्रेत हैं जिन पर श्रीसुन्दरी आरुढ हैं। सौन्दर्य लहरी में भी ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र तथा ईश्वर को पाद (पाये) तथा सदाशिव को शयन प्रच्छदपट कहा गया है–

गतास्ते मञ्चत्वं द्रुहिणहरिरुद्रेश्वरभृतः।
शिवः स्वच्छच्छायाघटितकपटप्रच्छदपटः।।[७३]

अङ्गदेवियों के मन्दिर से लेकर ऊपर मञ्च पर्यन्त ३६ सीढ़ियां चारों तरफ निर्मित की जानी चाहिए।[७४] इस मञ्च तथा स्तम्भों का निर्माण स्फटिकमणि, रत्न तथा सङ्गमरमर आदि से होना

---

६८. मन्त्रमहोदधि तरङ्ग एकादश, पृ० ३३१-३३३, तथा ३४१
६९. कामकला विलास-प्रस्तावना, पृ० १४-१६
७०. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/४५-४६
७१. तत्रैव, उत्तर भाग ३७/४९-५३
७२. तेषामुपरि मञ्चस्य फलकस्तु सदाशिवः। विकासिदाडिमच्छायश्चतुर्नल्वप्रविस्तरः।।
नल्वषट्कायामवांश्च सदा भास्वरमूर्तिमान्।। (ब्रह्माण्डमहापुराण, उत्तर भाग– ३७/५४-५५)
७३. सौन्दर्य लहरी– ९२
७४. ब्रह्माण्ड पुराण, उत्तर भाग– ३७/५६-५७

चाहिए। सदाशिवरूप मञ्च फलक से एक हाथ ऊँचाई पर १६०० हाथ की परिधि में पादोपधान तथा मूर्धोपधान से सुशोभित हंस के समान सफेद शय्या पर पद्मराग मणि के समान कान्ति वाले कौसुम्भ वस्त्र के उत्तरीय से युक्त शृङ्गारवेष धारी, चतुर्भुज, त्रिनेत्रयुक्त, हारादिविभूषणों से अलङ्कृत सुन्दर शरीर वाले कामेश्वर शिव की मूर्ति का निर्माण कराना चाहिए। शय्या के चारों ओर६४ स्वर्णकलश स्थापित किये गये हों।[७५] ऐसे षोडशवर्षीय कामेश्वर (शिव) के अङ्क में षोडशी, अनन्यसुन्दरी, पद्मरागाभा, नवयौवनाङ्गी, नाना वस्त्रालङ्कारविभूषिता, चतुर्भुजी, अस्त्र शस्त्रालङ्कृता तथा शृङ्गारवेषधारिणी भगवती त्रिपुरसुन्दरी की दिव्य मूर्ति सुरचित हो।[७६] देवी की मूर्ति तल से ४० हाथ उच्च इन्द्रगोपवितान का निर्माण करके ध्वजादि से मन्दिर के ऊर्ध्व भाग को अलङ्कृत करना चाहिए। कलशी पर आभूषण इत्यादि लगे होने चाहिए।[७७] इस प्रकार श्रीयन्त्र पर आधृत प्रासाद (मन्दिर) का निर्माण बतलाया गया है।

वास्तु शास्त्र के ग्रन्थों में ऐसे यन्त्राकृति वास्तु अथवा प्रासाद का उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। **'शिल्प रत्नम्'** नामक ग्रन्थ में देवी के मन्दिर में यन्त्र पीठ की रचना का वर्णन है परन्तु वहाँ भी ऐसे श्रीचक्र पर आश्रित मन्दिर का उल्लेख नहीं है। इस प्रकार के मन्दिर प्रायः पर्वत काटकर बनाये जाते थे। अतः इनको शैलवास्तु के अन्तर्गत रख सकते हैं। पूर्व मध्यकाल में ऐसे मन्दिरों का प्रचलन था।[७८] **समराङ्गणसूत्रधार** में द्वादशभौमिक भवनों का विवरण प्राप्त होता है।[७९] परन्तु श्रीचक्र पर आश्रित मन्दिर षोडश (सोलह) भौमिक है–

दिव्यशिल्पिजनैः क्लृप्तं षोडशक्षेत्रवेशनम्।
अधिष्ठाय श्रीनगरं सदा रक्षति विष्टपम्।।[८०]

भूपुर (३), षोडशदल कमल (१), अष्टदश (१), चतुर्दशार (१), बहिर्दशार (१), अन्तर्दशार (१) अष्टकोण (१), अष्टार(१), त्रिकोण (१), चतुष्कोण (१), पञ्चदशार (१),षट्कोण (१) तथा बिन्दु (२) यही सोलह मञ्जिल श्रीयन्त्राकृति मन्दिर का स्वरूप है। श्रीत्रिपुर सुन्दरी का मन्त्र भी षोडश अक्षरों वाली है तथा इनका अपर नाम भी षोडशी है। अतएव इनका मन्दिर भी षोडश भौमिक बनाया जाता था। पल्लव शिल्पियों के द्वारा द्वितल, त्रितल तथा अनेक तलों वाले मन्दिर

---

७५. सोपानानि विभासन्ते षट्त्रिंशद्वै निवेशनैः। x x x ।।
अथ मञ्चस्योपरिष्टाद् हंसतूलिकतल्पकः। हस्तमात्रं समुन्नम्रं चतुर्नल्वप्रविस्तरम्।।
पादोपधानमूर्धोपधानद्वन्द्वविराजितम्। गड्डुकानां चतुःषष्टिशोभितं पाटलत्विषा।।
तस्योपरिष्टात्कौसुम्भवसनेनोत्तरच्छदः। - - - - - - - - भगवानादिदेवः कामेश्वरः शिवः।। (ब्रह्माण्ड पुराण, उत्तर भाग– ३७/५७, ६२-६७)

७६. तस्योत्सङ्गे समासीना तरुणादित्यपाटला। - - - - - - - भासते सा भगवती पापघ्नी ललिताम्बिका।। (ब्रह्माण्ड उत्तर भाग ३७/६८-८४)

७७. ब्रह्माण्ड महापुराण, ३७/६४-६५

७८. भारतीय वास्तु कला का इतिहास, पृ० १३८-१३९

७९. समराङ्गणसूत्रधार तृतीय भाग प्रासाद निवेश, पृ० १७६

८०. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/९८

बनाये जाते थे। मामल्लपुरम् का द्वितल मन्दिर उल्लेखनीय है जिसमें एक शिव तथा ऊपर विष्णु का भवन है।[८१] परन्तु अधिकतर मन्दिरों में देवी-देवताओं के स्थान भूमि तल पर ही गर्भगृह के रूप में बनाये जाते हैं। श्रीचक्राकृति मन्दिर में त्रिपुर सुन्दरी का स्थान सबसे उच्च स्थान पर बतलाया गया है। अतः ऐसे भी मन्दिर बनते रहे होंगे जिसमें प्रधान देवता का स्थान अन्तिम मञ्जिल पर होता था। इसके अतिरिक्त केवल मन्दिर की ऊपरी आकृति श्रीचक्रवत् रखी जा सकती है और त्रिकोणात्मक गर्भगृह में श्री सुन्दरी का स्थान रखा जा सकता है। ऐसे भवन परिश्रम साध्य तथा व्यय साध्य होते हैं अतः इनका निर्माण नहीं के बराबर है। **ब्रह्माण्ड महापुराण** में वर्णित श्रीचक्र प्रासाद की ऊँचाई ३.४० हाथ के लगभग है तथा १६०० हाथ, पुनः ३२०० हाथ, पुनश्च १६०० हाथ की परिधि में यन्त्र का निर्माण होता है। श्रीयन्त्राकृति मन्दिर के निर्माण से उत्तम फल की प्राप्ति होती है–

कृत्वा शिल्पिजनैः सर्वं श्रीदेव्यायतनं महत्।
सम्पादयन्ति ये भक्तास्ते यान्ति परमां गतिम्।।[८२]

षोडशदल कमल, अष्टदल कमल, चतुर्दशार तथा अष्टार आदि के निर्माण में जितने कोण अथवा दल होते हैं, उतने ही स्तम्भ लगाये जाते थे। **समराङ्गण सूत्रधार** में इस प्रकार के कतिपय मन्दिर बनाने का कथन किया गया है।[८३] परन्तु सम्पूर्ण श्रीयन्त्र पर मन्दिर या प्रासाद का निर्माण प्राप्त नहीं होता है। श्रीचक्र यद्यपि शाक्त तन्त्रों में विशिष्टतया उल्लिखित है और श्रीविद्या के उपासकों के लिए परम महत्त्वपूर्ण है, परन्तु अन्य शैव तथा वैष्णव सम्प्रदायों में भी इसका किसी न किसी तरह प्रयोग किया जाता है। तिरुपति के वेङ्कटेश्वर मन्दिर में श्रीचक्र की पीठ पर भगवान् वेङ्कटेश की मूर्ति स्थापित है ऐसा माना जाता है। सोमनाथ मन्दिर में भी श्रीयन्त्र उत्कीर्ण था।[८४] यदि श्रीँचक्र के वास्तु स्वरूप पर वास्तु वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट हो और वे इस प्रकार के मन्दिर, भवन तथा प्रासाद का निर्माण करायें तो अवश्य ही वास्तु शास्त्र के क्षेत्र में एक नयी प्रगति होगी। ऐसे भवन तथा मन्दिर कलात्मक दृष्टि से सुन्दर तथा समृद्धि वर्द्धक होंगे। श्रीचक्र के वास्तु स्वरूप से श्रीयन्त्र के निर्माण में भी एक नयी दिशा मिली है। श्रीयन्त्र में अभी तक अनुल्लिखित चतुष्कोण, पञ्चदशार अष्टार तथा षट्कोण वास्तविकरूपेण विद्यमान थे अथवा नहीं, इसका निर्णय एक गहन शोध का विषय है। परन्तु श्रीचक्र पर मन्दिर या प्रासाद निर्माण अवश्य होता था। यदि वास्तुशास्त्र इस शैली को अपनाये तो अवश्य ही वास्तु के क्षेत्र में एक नवीन उपलब्धि होगी।

८१. भारतीय वास्तु कला का इतिहास, पृ० १३६
८२. ब्रह्माण्ड महापुराण उत्तर भाग ३७/१०२
८३. समराङ्गणसूत्रधार (तृतीय भाग) प्रासाद निवेश, पृ० २१६-२२८
८४. यज्ञकुण्डमण्डपसिद्धि, पृ० १७१

अङ्गिरा ऋषि

डॉ0 वन्दना मालवीय
इलाहाबाद

अग्नि के अवतार के रूप में वैदिक वाङ्मय में तीन परिवार अथवा कुल प्रसिद्ध हैं। ये हैं अङ्गिरस्, अथर्वा एवं भृगु। वैदिक वंशानुक्रम में इन तीन परिवारों का विशेष योगदान रहा है। **ऋग्वेद** के वंशमण्डलों में तीन प्रमुख मण्डल अङ्गिरस् परिवार से सम्बन्धित हैं – गृत्समद-द्वितीय मण्डल, वामदेव- चतुर्थ मण्डल एवं भरद्वाज- षष्ठ मंडल। **ऋग्वेद** के प्रत्येक मंडल में अङ्गिरसों के महान् द्रष्टृत्व रूप की प्रशंसा की गई है। गृत्समद, विश्वामित्र, वामदेव, अत्रि, भरद्वाज एवं वसिष्ठ ने अपनी ऋचाओं में अङ्गिरसों की प्रशंसा की है।(ऋ. 7/42 /1, 6/11/3; 5/8/4; 4/2/15- 17 ; 3/31.19- 3/53/7; 2/17/1)। डॉ. शेंदे के अनुसार अंगिरस् ने स्वयं अग्नि की उपासना पद्धति का प्रारम्भ किया और उसी का अनुसरण करते हुये बाद के अनेक ऋषियों ने अंगिरस् को अपना पिता अथवा पूज्य माना "It may thus appear that Aṅgiras himself started the cult of the worship of fire and the succedding generations of the Vedic seers admitted his claim to be their revered father,"Aṅgiras in the Vedic Literature" ABORI, vol. XXXI.N.J.SHENDE)। कीथ के अनुसार यह सभी ऋषि अपनी कुल परम्परा से पुरोहित थे, जो अपने स्थान से भ्रष्ट वैदिक देवता थे और अपने स्थान से च्युत होने के बाद वे मानवों में सम्मिलित हो गये *(ए. बी. कीथ,)* **रिलिजन एण्ड फिलासफी ऑफ वेद एण्ड उपनिषद्स पृ.229)।**

हिलेब्राण्ट के अनुसार अङ्गिरस् वैदिक आर्य थे जो अपने समाज में उपेक्षित हो गये। जब वे कालान्तर में फिर से वैदिक परम्परा में प्रतिष्ठित हुये तो उन्होंने अपने पूर्वजों को अर्धदेवस्वरूप (semi-gods) प्रतिष्ठित किया। **(वैदिक माइथोलॉजी** 11.159 कीथ द्वारा अपने ग्रंथ में उद्धृत)। वेबर महोदय के अनुसार अङ्गिरस् इण्डो ईराःनियन पुरोहित थे (**इण्डिशे स्तूदियन** पृ. 229)।

अङ्गिरा का अग्नि से अत्यन्त घनिष्ठ संबंध है। अंगिरा शब्द कहीं कहीं अग्नि के लिये प्रयुक्त हुआ है, **"त्वमग्ने प्रथमो अंगिरा ऋषिः** (ऋ. 1/31/1)। अंगिरस् ने वृक्षों में छिपे हुये अग्नि को ढूँढ निकाला अर्थात् संभवतः अग्नि का प्रयोग सर्वप्रथम यज्ञों में अंगिरा ने ही किया होगा, इसलिये आविष्कर्ता के नाम के आधार पर आविष्कार का नामकरण हो गया होगा–

त्वामग्ने अङ्गिरसो गुहा हितमन्वविन्दञ्छिश्रियाणं वनेवने।

स जायसे मथ्यमानः सहो महत् त्वामाहुः सहसस्पुत्रमङ्गिरः (ऋ. 5/11/6)

अग्नि न केवल अङ्गिरस् हैं अपितु अंगिरसों में सर्वश्रेष्ठ हैं। **अथा ते अङ्गिरस्तमाग्ने वेधस्तम प्रियम्** (ऋ. 1/75/2) एवं **सो अङ्गिरोभिरङ्गिरस्तमो भूद् वृषा वृषभिः सखिभिः सखा सन्।** (ऋ. 1/100/4)

अंगिरसों ने पणियों द्वारा अपहृत इन्द्र की गायों को ढूंढ निकाला **त्वं गोत्रमङ्गिरोभ्योऽ वृणोः** (ऋ. 1/51/3)।

अंगिरस् द्वारा दृष्ट **ऋग्वेद** में कुछ ही ऋचायें मिलती हैं। कक्षीवान् जो आंगिरस हैं उसे **ऋग्वेद** (ऋ.1/120/5) में पज्रिय कहा गया है। जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वे पज्र कुल में उत्पन्न हुये थे। वे नानारूप गम्भीर कर्म करने वाले तथा अग्नि से उत्पन्न हैं। नवग्व और दशग्व उनमें श्रेष्ठतम हैं .... **नवग्वो नु दशग्वो अङ्गिरस्तमः** (ऋ.10/62/5-6) । वे अपने जन्म प्राप्त अधिकार के कारण इन्द्र के प्रथम स्तुति गायक हुये **'रेभदत्र जनुषा पूर्वो अङ्गिरा'** (ऋ. 10/92/15)। सायण ने सात ऋषियों के मध्य अङ्गिरा को वरिष्ठ कहा है 'सप्तानामङ्गिरसां मध्ये वरिष्ठोऽङ्गिरा ऋषिः (ऋ. 3/31/7)।

(1) अङ्गिरा पद की अनेक व्युत्पत्तियाँ अङ्गार जो अग्नि का ही रूप हैं, से की गई हैं। येऽङ्गारा आसन् तेऽङ्गिरसो ऽभवन् (**ऐ.ब्रा.** 3/34) एवं भृगित्येव भृगुः पूर्वमङ्गारेभ्योंऽङ्गिराभवत् (**महा.** 13/95) ।

(2) ऐतरेय ब्राह्मण (3/34) के अनुसार प्रजापति के वीर्य को जब अग्नि में फेंका गया तब उसके तीन भाग हो गये। उनसे आदित्य, भृगु और अङ्गिरा का जन्म हुआ ' प्रजापतेर्वीर्यस्य ये त्रयः भागा अभूवन् तेषु आदित्य भृग्वंगिरसामुत्पत्तिरभूत् (अपि च ऐ. ब्रा. 13.10) ।

(3) गोपथ ब्राह्मण (1/1/1-3) के अनुसार ब्रह्मा जब सृष्टि की उत्पत्ति के लिये तप कर रहे थे तब उनके शरीर से कुछ स्वेदकण पृथ्वी पर गिर पड़े। उन स्वेदकणों को देखने के कारण स्खलित हुंये उनके वीर्य का जो अंश क्षार, अपेय एवं अस्वादिष्ट था, उससे अंगिरा उत्पन्न हुये ....अति लवणा अपेया अस्वाद्यस्ता अशान्ता रेतः समुद्रं वृत्वऽऽतिष्ठन्......इति।

(4) गोपथ ब्राह्मण (1/1/7-8) में अंगरस से अंगिरा पद की व्युत्पत्ति की गई है। उसके अनुसार तप करते हुये वरुण के अंग से क्षरित 'अङ्गरस' से अङ्गिरा की उत्पत्ति हुई' तं वरुणं..... श्रान्तस्य तप्तस्य सन्तप्तस्य सर्वेऽभ्योंऽङ्गेभ्यो रसोऽक्षरत् । सोऽङ्गरसोऽभवत्तं वा एतमङ्गरसं सन्तमंगिरा इत्याचक्षते ' इति।

(5) निरुक्त (3/37) में अंगारों से अंगिरा पद की व्युत्पत्ति कही गई है' अंगारेष्वंगिराः। अंगाराः अंकनाः (अंचनाः)। इस पर दुर्गाचार्य की टीका है' व्यपगतेऽर्चिषि य अङ्गारेषु सम्बभूव स अङ्गिराः नाम अभवत्। ते हि यत्र निधीयते तदङ्कितं भवति इति। शत0 ब्राह्मण में भी अंगारों से अंगिरा की उत्पत्ति कही गई हैं (शत0 ब्राह्मण 4/5//1.8)।

(6) सायण **ऋग्वेद** 3/31/7 पर अङ्गिरा पद की व्युत्पत्ति इस प्रकार करते है '

सृ गतौ। अङ्गारशब्द उपपदे सर्तेर्धातोरसुन् प्रत्ययः। उपपदे गकारात् परस्याकारस्येत्वम्। अन्त्यलोपश्च धातोर्लोपश्च अङ्गिरा इति सूत्रेण निपात्यते। भूतकाले ऽङ्गारेभ्यः सृतः इति अङ्गिरा ऋषिः इति। अन्यत्र (1/100/4) उन्होंने 'अङ्ग' पद से अङ्गिरा की व्युत्पत्ति की है ' अङ्गन्ति गच्छन्ति इति अङ्गिरसः। अगि रगि लगि इत्यर्थे।

(7) तिलक के अनुसार 'अङ्गिरस्' शब्द ग्रीक aggilos एवं पर्शियन Angara से मिलकर बना है जिसमें aggilos का अर्थ सन्देश वाहक (a messenger एवं Angara का अर्थ घुड़सवार (a mounted courier) है।

(8) पुराणों तथा **रामायण, महाभारत** के अनुसार अंगिरा अग्नि के पुत्र हैं। (महा.अनु. 85/118-124)

(9) अवेस्ता में 'अंग्र' (angra) पद एक कुटिल व्यक्ति के अर्थ के रूप में प्रयुक्त हुआ है। **(यस्न** 44/12)। तारापोरवाला के अनुसार 'अंग्र' पद का अर्थ The follower of untruth' या असत्य का अनुयायी है। इस प्रकार अवेस्ता में अंगिरस् जो देवपूजक हैं' उनकी भर्त्सना की गई है।

अंगिरसों द्वारा एक सत्र के आयोजन का उल्लेख **तैत्तिरीय ब्राह्मण** (2/1/1) में प्राप्त होता है। उसके अनुसार अंगिरसों ने एक बार सत्र का आयोजन किया। उस स्थान के समीप ही एक गाय खड़ी थी। परन्तु उसके खाने के लिये घास नही थी। अंगिरसों ने वृष्टि की रचना की जिससे प्रचुर धान्य उत्पन्न हुआ परन्तु पितरों ने उस घास पर विष का लेप कर दिया जिसको खाकर वह गाय रुग्ण एवं जीर्ण हो गई । अंगिरसों ने तब पितरों से उनका प्रयोजन पूछा। पितरों ने अग्निहोत्र में अपना भाग माँगा। अंगिरसों ने उनका भाग दिया, जिससे संतुष्ट होकर पितरों ने विष का मार्जन कर दिया' अंगिरसो वै सत्रामासत।...... तेभ्य एतद्भागधेयं प्रायच्छन् यद्हुत्वा निर्मार्ष्टि ततो वै ह औषधीरस्वदयन्' इति।

ऋग्वेद में वर्णित एक कथा के अनुसार गाय दुहना न जानने के कारण अंगिरसों ने अर्यमण के साथ गाय को दुहा। सायण के अनुसार अर्यमा ने उनके लिये गाय को दुहा' अङ्गिरसो नाम महर्षयः पूर्वं यज्ञार्थं देवान् स्तुत्या प्रीणयित्वा गा अयाचन्त।

ते प्रीताः कामदुघां प्रादुः । लब्धां च तां धेनुं क्षीरं दोग्धुमशक्नुवाना अर्यमणं देवं प्रार्थयन्। स च प्रार्थितं अग्निहोत्राद्यर्थं क्षीरं दुदोहेति ' (**ऋ.** 1/139/7 सा.भा.)

अंगिरस् ने इन्द्र की स्तुति से संसार का अंधकार दूर किया 'गृणानो **अङ्गिरोभिर्दस्म वि वरुषसा सूर्येण गोभिरन्धः......** (**ऋ.** 1/62/5) ।

अङ्गिरस एवं आदित्यों में परस्पर स्पर्धा हुई कि कौन पहले स्वर्ग पहुंचता है। यह कथा अनेक वैदिक संहिताओं में प्राप्त होती है (**श.ब्रा.** 1/5/1/13 ; 12/2/2/9-11; तै. ब्रा. 2/2/3/5-7; **ऐ. ब्रा.** 6/14। **तैत्तिरीय संहिता** अङ्गिरसों को आदर्श रूप में प्रस्तुत करती है (तै.सं. 11/9/10)। यजमान कोई यज्ञ करते है क्योंकि अङ्गिरसों ने उसे पहले किया था। अंगिरसों ने दर्शपूर्णमास, सत्र अहीन और दशरात्र यज्ञ किये थे (**तै.सं.** 3/5/1-2, 7/14/1) । आदित्य एक बार अङ्गिरसों के लिये उपहार लाये किन्तु अङ्गिरसों ने उसे स्वीकार नही किया। अङ्गिरसों के वंशजों ने उस उपहार को स्वीकार कर लिया। (अथर्व0 20/135/7) । **ताण्ड्य ब्राह्मण** (2/2/3/5-7) के अनुसार आदित्यों ने अङ्गिरसों को स्वर्ग का मार्ग बताया एवं गायत्री एवं अन्य छन्दों में उन्हे आहुतियाँ समर्पित करने के लिये कहा क्योंकि इन शब्दों में वे छिपे रहते हैं। अतः अङ्गिरसकुल सर्वप्रथम गायत्री छन्द का उच्चारण कर उनमें छिपे आदित्यों को स्मरण करके आहुति प्रदान करता है। अङ्गिरसों ने एक गन्धर्व से साम प्राप्त किया, जिससे वे स्वर्ग गये (**ताण्ड्य म. ब्रा.** 12/11/10-11)। **गोपथ ब्राह्मण** (1/4/45) के अनुसार समस्त इक्कीस यज्ञों की छवि अन्ततः अङ्गिरसों को पहुँचती है।

अङ्गिरसों को एक बार दक्षिणारूप में पृथ्वी प्रदान की गई । लेकिन उर्वी के ज्वलनशीलरूप धर्म के कारण अंगिरसों ने उसे फेंक दिया, जिससे वह विषम हो गई (**ऐ.ब्रा.** 6/34-35)

उपनिषदों में अङ्गिरस् को दर्शन के आचार्य के रूप में आदरणीय स्थान प्राप्त है- **मुण्डकोपनिषद्** (1/12/3, 3/211) के अनुसार ब्रह्म विद्या का ज्ञान ब्रह्मा ने सर्वप्रथम अथर्वा, फिर अङ्गिरस् को इस क्रम से प्रदान की- ब्रह्मन्-अथर्वन्-अङ्गिरस-सत्यवह-भरद्वाज-आङ्गिरस- शौनक। घोर आङ्गिरस ने देवकी पुत्र कृष्ण को कहा कि अन्तिम समय में कृष्ण को इन तीन विचारों में शरण लेनी चाहिये कि वे अक्षत हैं, अच्युत हैं तथा जीवन का सार हैं- 'तद्धैतद् घोरआङ्गिरसः कृष्णाय देवकीपुत्रायोक्त्वोवाच। अपिपास इव स बभूव। सो ऽ न्तवेलायामेतत्त्रयं प्रतिपद्येताक्षितमस्यच्युतमसि प्राण-संशितमसि इति। अङ्गिरसवंशीय गौतम अग्निवेश्य, भरद्वाज एवं अयास्य मधुविद्या को कहने वाले उपदेशक थे (**भगवद्गीता** 2/6)। **ब्रह्मोपनिषद्** (1) में अङ्गिरस् शब्द पिप्पलाद के कुलनाम के रूप में मिलता है।

अङ्गिरा एवं भृगु परिवार का घनिष्ठ संबंध रहा है जिसका उल्लेख वैदिक संहिताओं में मिलता है जैसे कि भृगूणां त्वाऽङ्गिरसां व्रतपते व्रतेना ऽऽ दधामीति। भृग्वङ्गिरसामध्यात्' (**तै.ब्रा.** 1/1/4/8) आदि। अङ्गिरा, भृगु एवं अथर्वन् अग्नि से संबद्ध परिवार हैं इसलिये **अथर्ववेद** को **अथर्वाङ्गिरस**, भृग्वङ्गिरस तथा अथर्ववेद के नामों से जाना जाता है। यह तीनों ऋषि नाम प्रायः एक साथ ही प्रयुक्त हुये हैं। यह संबंध यजुर्वेद तथा ब्राह्मण ग्रंथों में इतना प्रगाढ़ है कि च्यवन को भार्गव तथ आङ्गिरस दोनों ही कहा गया है। यत्र वै भृगवो वाङ्गिरसो वा स्वर्गं लोकं समाप्नुवत तच्च्यवनो वा भार्गवश्च्यवनो वा ऽ ङ्गिगरसस्तदेव जीर्णिः कृत्यारूपो जहे इति (**श.ब्रा.** 4/1/5/1)। कीथ महोदय के अनुसार भृगु तथा अङ्गिरा परिवारों में अन्तर स्पष्ट है क्योंकि भृगु के पिता वरुण थे एवं अङ्गिरा अग्नि से संबद्ध हैं। भृगुओं ने अग्नि का आविष्कार किया एवं अंगिरसों ने गायों को ढूंढ़ निकाला। इन दो परिवारों का परस्पर संबंध इतना प्रगाढ़ है कि सायण ने सदा 'पूर्वे ऋषयः' की व्याख्या 'भृग्वंगिराप्रभृतयः' से ही की है (सा.भा.1/1/2)। ऐसा प्रतीत होता है कि यह परिवार पूर्व में एक ही कुल से रहे होगें, जिनका यज्ञ में अत्यधिक महत्त्व था। कालान्तर में भृगु तथा अङ्गिरा रूप दो शाखाओं में बॅट गये। इनमें भी अंगिरा ज्येष्ठ थे क्योंकि वे ही सभी यज्ञीय कार्यकलापों के प्रथम कर्ता हैं। भृगु उनसे कनिष्ठ थे, तथा उन्होने अंगिरसों से ही यह ज्ञान प्राप्त किया।

अङ्गिरा ब्रह्मा के मानसपुत्र हैं इसका विविध पुराणों में बहुशः उल्लेख प्राप्त होता है। **वायु पु.** 59/88, **मत्स्य'** 145/90,91, **भागवत पु.** 3/12/21-22' ततोऽन्यान्मानसान्पुत्रानात्मनः सदृशोऽसृजत (17) भृग्वंगिरामरीचींश्च पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् दशमत्रिं वसिष्ठं च निर्ममे मानसान्सुतान् (18) नव ब्रह्माण इत्येते पुराणे निश्चयं गताः (**ब्रह्माण्ड.** 2/9/17-19)

अंगिरा प्रजापति भी हैं-

भूर्लोकप्रथमा लोका महदन्ताश्च ये स्मृताः। तान्सर्वान्सप्त सूर्यास्ते अर्चिभिर्निदहन्ति वै (**वायु.**101/34)। मरीचिः कश्यपो दक्षस्तथा स्वायम्भुवोऽङ्गिराः.......... प्रजानां पतयः सर्वे वर्तन्ते तत्र तैः सह (36)। (अपि च **ब्रह्माण्ड.** 3/1/47-51 **मत्स्य.** 171/ 25-28, वा. रा. 14/8-9)।

अङ्गिरसों की सप्तर्षियों में भी गणना की गई है (**मनुस्मृति** 1/35,36 ः **भागवत** 4/13/5) **विष्णु स्मृति** (3/1/32-33)।

अङ्गिरस् की पत्नी का नाम स्मृति था (**ब्रह्माण्ड** 2/9/55), लेकिन **भागवत पुराण** में अङ्गिरस् की पत्नी श्रद्धा कही गई है (4/1/34/35)। **मत्स्य पुराण** (196 अ.) में यह नाम सुरूपा कहा गया है। अङ्गिरा वंशोत्पन्न ऋषियों की सूची **मत्स्य पुराण** (145/-101-105), **वायु पुराण** (59/98-102) एवं **ब्रह्माण्ड पुराण** (अनु. 32/107-111

में प्राप्त होती है। इन तीनों पुराणों में अङ्गिरा वंशीय तैंतीस मन्त्रकृत् ऋषि कहे गये हैं किन्तु उनमें किञ्चित् भेद दिखाई पड़ता है। अङ्गिरस् परिवार का महत्त्व अत्यधिक है। अङ्गिरसों के गुणों और प्रतिष्ठा की वास्तविक स्थिति उस मंत्र से प्रकट होती है जिसके अनुसार वे ऋृत बोलते हैं। ऋजु ध्यान करते हैं, वीर हैं और द्यौ लोक एवं असुर के पुत्र हैं। वे विप्र की पदवी धारण करते हैं। उन्होंने ही सबसे पहले यज्ञ के नियम और विधान निश्चित किये–

ऋृतं शंसन्त ऋृजुदीध्याना: दिवस्पुत्रासो असुरस्य वीराः।

विप्रं पदमङ्गिरसो दधाना यज्ञस्य धाम प्रथमं मनन्त (अथर्व. 20/91/2)

अङ्गिरस् परिवार **अथर्ववेद** में घोर कर्मों से सम्बन्धित भाग का स्रष्टा है। इनकी ही पारिवारिक परम्परा में मारण, उच्चाटन आदि आभिचारिक एवं यातुक्रियाओं का विकास हुआ था अतः **अथर्ववेद** के अङ्गिरस **ऋग्वेद** के आदरणीय, स्पृहणीय एवं पिता अङ्गिरस् से भिन्न रूप दिखाई देते हैं। इनका विशिष्ट कर्म अग्नि का प्राकट्य है जो वनों में छिपा था । इन्होंने पणियों के चंगुल से गायों को छुड़ाया तथा इनका मारण, उच्चाटन तथा समस्त यज्ञीय क्रियाओं में निपुण परिवार है। इनका ओजस्वी रूप हमें **महाभारत** तक में दिखता है, जहाँ तीन महारथी वीर योद्धा, कृप, द्रोण एवं अश्वत्थामा अङ्गिरा वंश से संबद्ध हैं। इस प्रकार अङ्गिरस् द्रष्टा हैं, पितृ हैं एवं देवस्वरूप हैं जो कि उनके अग्नि के आविष्कार एवं यज्ञ में प्रथमतः यज्ञीय प्रक्रियाओं के आविष्कार के कारण है। गौतम बुद्ध का एक नाम अङ्गिरस् भी था जो इनकी लोकप्रियता एवं महत्त्व को प्रकट करता है।

बौद्ध दर्शन में निर्वाण

डा. अरुणा त्रिपाठी
गोरखपुर

बौद्ध धर्म में निर्वाण का बहुत महत्त्व है। निर्वाण बौद्ध धर्म का अन्तिम लक्ष्य है। बौद्ध धर्म की चरम परिणति निर्वाण में ही होती है।[1]

भगवान बुद्ध की शिक्षा का एकमात्र रस निर्वाण है। सब बौद्ध दर्शनों का लक्ष्य निर्वाण है, किन्तु, निर्वाण के स्वरूप के सम्बन्ध में अवश्य मतभेद है। निर्वाण का स्वरूप चाहे जिस भांति वर्णित किया जाये, यह तो सभी को इष्ट है कि निर्वाण संसार दुःख का अत्यन्त निरोध है। संसार चक्र से निस्तरण है। अतएव ग्रहणीय है। निर्वाण प्राप्ति के लिये कुलपुत्र गृहत्याग कर प्रव्रजित होते हैं एवं इसी की प्राप्ति से सब कुछ प्राप्त कर लेते हैं।[2] व्यक्ति के ब्रह्मचर्यवास का सफल पर्यवसान तथा धर्मविनय का एक मात्र तत्त्व निर्वाण ही है।[3] जिस प्रकार विभिन्न दिशाओं में बहती हुई नदियों का प्रवाह सागरोन्मुख होता है उसी प्रकार तथागत की समस्त देशनायें निर्वाणोन्मुख ही हैं।[4]

"निर्वाण" निर् उपसर्गपूर्वक वन या वान शब्द से निष्पन्न हुआ है। बौद्ध धर्म में "वन" शब्द विशिष्ट महत्त्व रखता है। यहाँ वन का अर्थ प्रायः तृष्णा किया गया है और निर्वाण का अर्थ तृष्णा से निवृत्त होना अथवा तृष्णा का निरोध, क्षय, विराग ही निर्वाण है।

निर्वाण का एक अन्य अर्थ भी विद्वानों के द्वारा किया गया है। बुझना या शान्त हो जाना। जैसे दीपक स्नेह- तेल अथवा बत्ती के शेष न रहने पर शान्त हो जाता है वैसे ही इस सत्त्व के पंचस्कन्धों का निर्वाण प्राप्त होना, उपरम हो जाना और राग, द्वेष, एवं मोह से जो विमुक्त हो जाना है, वही निर्वाण है। इस प्रकार वह परम शान्ति को प्राप्त करता है।

निर्वाण की प्रथम व्युत्पत्ति स्थविरवाद, वैभाषिक और सौत्रान्तिक मत के अधिक समीप है और दूसरी कुछ आगे आगे विकसित होकर महायान दर्शन की एक झलक प्रस्तुत करती हैं जहाँ निर्वाण को शान्त और सुखरूप माना गया है, फिर भी दोनों.

---

1 निब्बान परमं वदन्ति बुद्धा, धम्मपद, बुद्ध-बग्गो, 6

2 मज्झिम निकाय, भाग-2 पृ0 402

3 द्रष्टव्य (50) चुल्लबग्ग, पृ0 357

4 द्र0 दीघनिकायः भाग- 2 पृ0 167

यानों में एक मात्र अन्तिम उद्देश्य निर्वाण या परिनिर्वाण लाभ ही रहा है, यद्यपि महायानी केवल व्यक्तिगत निर्वाण की इच्छा नहीं रखता। वह समस्त सत्त्वों के निर्वाण के लिये सतत प्रत्यनशील रहता है।

निर्वाण का आशय जीवन की समाप्ति नहीं अपितु जीवन की अनन्त शान्ति की अवस्था है। निर्वाण का आशय है मृत्यु के बाद सर्वथा अस्तित्व रहित हो जाना। निर्वाण से जो बुझने का अर्थ लिया जाता है, उसका आशय जीवन का अन्त न होकर लोभ, घृणा, हिंसा आदि प्रवृत्तियों के बुझ जाने से है। जब वासनायें बुझ जाती हैं तो भूत-जीवन, भावी-जीवन, वर्तमान-जीवन के जो द्वादश भवचक्र हैं उनकी आत्यान्तिक निवृत्ति हो जाती है। जीवन के इन आस्रवों का ठड़ा पड़ जाना ही जीवन का निर्वाण है। इसलिये निर्वाण को 'सितिभाव की अवस्था' कहा गया है।जीवन की वह पवित्रता, शान्ति, शिवत्व और प्रजा की अवस्था है।

निर्वाण वस्तुतः निःश्रेयस्, मुक्ति, अमृत, परमानन्द और परम शान्ति की अवस्था है। वह वर्णनातीत है, तर्क एवं प्रमाण से रहित अलौकिकावस्था है। उस अवस्था तक पहुँचने के लिये बौद्ध दर्शन में "अष्टांग मार्ग" का निर्देश है।

बौद्धों के प्रसिद्ध ग्रन्थ **"धम्मपद"** में कहा गया है कि स्वास्थ्य की प्राप्ति बड़ा लाभ है, सन्तोष ही सबसे बड़ा धन है, विश्वास ही सबसे बड़ा संबंधी और निर्वाण ही परम सुख है।

आरोग्या परमा लाभा संतुष्टि परमं धनम् ।

विस्साय परमा जाति निव्वाणं परम सुखम् ।।

बहुत से विद्वानों का विचार है कि आत्म-प्रतिषेध, ईश्वर-प्रतिषेध सहेतुक और अनित्य सत्ता के सिद्धान्तों के रहते हुए निर्वाण निरोध मात्र, अभाव मात्र ही हो सकता है। यही बात पालि निकायों के अध्ययन से भी पुष्ट होती है। निकायों में यह वर्णित है कि निर्वाण क्लेशाभाव रूप है। क्लेश के अभाव की दशा में ही निर्वाणावस्था का जन्म होता है **"मिलिन्दपञ्ह"** में निर्वाण की सूक्ष्म विवेचना करते हुए कहा गया है कि तृष्णा का निरोध हो जाना ही निर्वाण है। नागसेन का कथन है कि निर्वाण के बाद व्यक्तित्व का सर्वथा लोप हो जाता है। जिस प्रकार जलती हुई आग की लपट बुझते ही दिखाई नहीं देती कि किधर गयी, उसी प्रकार निर्वाण का लाभ प्राप्त कर लेने वाला व्यक्ति दिखलाया नहीं जा सकता[5] क्योंकि निर्वाणानन्तर उसके व्यक्तित्त्व का अत्यन्त लोप हो जाता है।

---

5 मिलिन्दपञ्ह, पृ0 92

ऐसी ही अवधारणा महाकवि अश्वघोष की भी है। उनका कहना है कि जिस प्रकार बुझा हुआ दीपक न तो पृथ्वी में जाता है, न अंतरिक्ष में, न किसी दिशा में, न किसी विदिशा में, प्रत्युत स्नेहक्षय होने पर केवल शान्ति को प्राप्त कर लेता है, उसी भाँति ज्ञानी पुरुष कहीं नहीं जाता है। न पृथ्वी पर, न अन्तरिक्ष में, न किसी विदिशा में। केवल क्लेश के क्षय हो जाने पर शान्ति का अधिगम कर लेता है।[6]

निर्वाणपरकत्व अथवा मोक्षपरकत्व भारतीय दर्शन का अवच्छेदक वैशिष्ट्य है। मान्यता प्राप्त दार्शनिक स्वयं इस लक्ष्य की प्राप्ति के अनन्तर ही मानवकल्याणार्थ अपने दर्शन को प्रस्तुत करते हैं। निर्वाण शब्द प्राचीन दार्शनिक साहित्य में अन्तिम लक्ष्य के अर्थ में समान रूप से पाया जाता है। **महाभारत** तथा **गीता** में ब्रह्मनिर्वाण अथवा निर्वाण परम शान्ति जैसे शब्दों का प्रयोग बारम्बार पाया जाता है। भारत तथा विदेशों में प्रचलित सभी बौद्ध सम्प्रदाय निर्वाण को ही लक्ष्य मानते हैं।

पाश्चात्य विद्वानों - वर्थेलेमी सेण्ट हिलेरी, चाइल्डर्स, रीज डेविड्स, और पिशल का कहना है कि बुद्ध तथा उनके अनुयायियों ने अपने सिद्धान्तों के इस अनिवार्य निष्कर्ष को विचार कोटि में लिया है, और वह निर्वाण का स्वरूप अभावमात्र ठहराते हैं, किन्तु रीज डेविडस साथ-साथ यह भी यह कहते हैं कि बुद्ध वचन के अनुसार निर्वाण 'श्रामण्य'' भी है।[7]

रीज डेविडस के मत को उचित नहीं माना जा सकता। जगत की दुःखता को देखने के अनन्तर सिद्धार्थ गौतम ने एक श्रमण के मुख मण्डल पर शांति की आभा देखी थी। निकायों में सर्वत्र निर्वाण की बात आती है तथा बुद्ध वचनों में भी निर्वाण ही लक्ष्य बताया गया है। "अत्थ" शब्द भी पुरुषार्थ को द्योतित करते हुए निर्वाण का ही आशय सूचित करता है। जैसे उपासकों के लिये नियमों में छूट देते हुए स्वर्ग का लक्ष्य भी रखा गया है। जो विशेष रूप से अशोक के शिलालेखों में द्रष्टव्य है। परन्तु स्वयं बुद्ध ने निर्वाण को लक्ष्य नहीं माना था इस कथन को कोई बौद्ध धर्मानुयायी किसी प्रकार स्वीकार नहीं कर सकता। निर्वाण के स्वरूप के संबंध में बौद्ध सम्प्रदायों में मतभेद अवश्य है। निर्वाण के अन्तिम लक्ष्य होने में कोई सन्देह नहीं।

निर्वाण शब्द का अर्थ बौद्ध निकायों में अनेकधा सूचित किया गया है। निर्वाण में आत्यन्तिक शान्ति तथा तृष्णा का आत्यन्तिक उपशम हो जाता है, यह बात समान रूप से मानी गयी है। बौद्ध धर्म पूर्णरूपेण योग परम्परा को स्वीकृत करता है, उसको अधिकाधिक जनाभिमुख करने का उसका प्रयास है। आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग इसी प्रयास

---

6 सौन्दरनन्द - 16.28-29

7 व्हाट वाज़ द ओरिजिनल गॉस्पल ऑफ बुद्धा- पृ0 77-85

का फल है। इसी के द्वारा दुःख का जो आत्यन्तिक तथा ऐकान्तिक निरोध होता है उसी को निर्वाण नाम से अभिहित किया गया है। माध्यमिक भले ही इस निर्वाण को शून्य कहते हुए निर्वाण तथा संसार का एकत्व प्रतिपादन करें किन्तु उनका लक्ष्य संसार नहीं हो सकता, निर्वाण ही होता है।

क्षणिकत्व की कल्पना को बौद्ध सम्प्रदायों में मानने तथा अनात्मवाद का आग्रहपूर्ण प्रतिपादन करने के कारण निर्वाण की दार्शनिक उपपत्ति में कुछ कठिनता आ जाती है। यदि सब क्षणिक ही है तो निर्वाण अमृत, शाश्वत तथा अविनाशी कैसे है? यदि शाश्वत आत्मा का अस्तित्व ही नहीं है निर्वाण किसका और कहां हो जाता है? ये प्रश्न बुद्ध से बारम्बार पूछे गये हैं किन्तु उनका उत्तर मौन ही रहा है। इसके द्वारा वे इस अवस्था की अनिर्वचनीयता को ही सूचित करना चाहते हैं यह मानना पड़ेगा। इस अनिर्वचनीयत्व में निर्वाण भावात्मक है या अभावात्मक है, इस विवाद को भी समाप्त करना होगा।

बौद्ध दर्शन में सन्तान रूप में पुनर्जन्म को माना जाता है। यह जन्म-मरण परम्परा निर्वाण में ही समाप्त हो जाती है। पूर्णरूपेण उपाधि अथवा पाप कर्म समाप्त होने पर ही निर्वाण की प्राप्ति होती है। निर्वाणाधिगम से जन्म-मरण परम्परा अवच्छिन्न हो जाती है।

चूँकि निर्वाण का अनुभव इसी जीवन में करना है और तदनन्तर पुनर्जन्म नहीं होना है- अतः इसी बात को लेकर निकायों में निर्वाण के दो भेद किये गये हैं, जहाँ पञ्चस्कन्धात्मक शरीर अवशिष्ट रहता है, उस अवस्था को सोपाधिशेष निर्वाण कहा जाता हैं। पञ्चस्कन्धों का विलय होने पर जो अवस्था है उसको अनुपाधिशेष निर्वाण माना गया है। **इतिवुत्तक**[8] आदि ग्रन्थों में निर्वाण के भेद स्पष्ट रूप से देखे जा सकते है। यहाँ उपाधि से उपादान अथवा शरीर के उपादान पञ्चस्कन्ध अर्थ गृहीत है। इन दोनों अवस्थाओं को मृत्युत्तर अवस्थायें ही माना गया है। सोपाधि वह है जिसका अल्पांश पाप अवशिष्ट है अर्थात् उसको निर्वाण नहीं मिला, निर्वाण प्राप्ति के लिये उसको पुनः जन्म लेना होगा।[9] अनुपाधिशेष निरुपाधिशेष अवस्था में ही पूर्णरूपेण पाप

---

8 इतिवुत्तक, दुकनिपातों, दुतियोवग्गो, पृ0 20-21 सम्पादक एन0 के0 भागवत, बम्बई विश्वविद्यालय संस्करण 1962 मिलिन्दपञ्हो, निर्वाण के गुणों के संदर्भ में सोपाधिशेष निर्वाण का वर्णन पृ0 311-16, अनुपाधिशेष निर्वाण का वर्णन, पृ0 34, 76, 100 सम्पादक आर0 डी0 वाडेकर, बम्बई विश्वविद्यालय संस्करण, 1940

9 यो हि कोचि भिंक्खवे, इमे चत्तारो सतिपठ्टाने एवं भावेम्य सत्तवस्स्तानि तस्य द्विन्नं फलाणं अञ्जतरं फलं पटिकङ्ख दिठ्टेव धम्मे, सतिवा उपादिसेसे अनागामिता। -मज्झिमनिकाय सातिपट्ठानसुत्त पृ0 88 नालन्दा संस्करण।

क्षय होने से निर्वाण की प्राप्ति होती है। जैसे भी हो निर्वाण का लक्ष्य इसी जीवन में प्राप्त करना है यह सभी बौद्ध सम्प्रदाय समान रूप से मानते हैं।

यद्यपि बौद्ध सम्प्रदायों में निर्वाण को लेकर काफी मतभेद है, फिर भी ऐसा कोई सम्प्रदाय नहीं है जिसने निर्वाण के सिद्धान्त की चर्चा न की हो।

स्थविरवाद में निर्वाण - यह बौद्ध धर्म का प्राचीन सम्प्रदाय है। कालान्तर में यह सम्प्रदाय दो प्रधान उपसम्प्रदायों में विभाजित हो गया। विभाषाशास्त्र को मानने वाले वैभाषिक और सूत्रों को प्रमुखता देने वाले सौत्रान्तिक कहलाये। ये दोनों सर्वास्तिवाद की शाखायें है। वैभाषिक जिन्हें सर्वास्तिवादी भी कहा जाता है, स्थविरवाद के अधिक निकट ज्ञात होते हैं। सौत्रान्तिकों का भी अपना विशिष्ट महत्त्व है। इस निकाय से ही विज्ञानवादी निकाय का प्रादुर्भाव हुआ। वास्तव में माध्यमिक और योगाचार या विज्ञानवादी निकायों का उद्भव सौत्रान्तिक और वैभाषिकों के मतवादों एवं विचार मन्थन से हुआ है।

स्थविरवादी निर्वाण का लक्षण दुःख का नाश, विराग और रागक्षय इत्यादि बतलाते हैं। निर्वाण तृतीय आर्य सत्य कहा गया है। निर्वाण दुःख का निरोध अर्थात् तृष्णा का क्षय, तृष्णा का विराग, और तृष्णा से विमुक्ति है। तृष्णा के निरोध से भव, भव से जाति, जरा-मरण शोकादि का निरोध हो जाता है और इस तरह से समस्त दुःख का निरोध होने से भिक्षु जन्ममरण के चक्र से मुक्त हो जाता है। वह कृतकरणीय अर्हत् हो जाता है।

अभिधर्मकोश भाष्य[10] में निर्वाण को तृष्णा का सर्वथा प्रहाण, व्यन्ती भाव, क्षय, निरोध, व्युपशम इत्यादि बतलाया गया है। **संयुक्त निकाय** में इसे तृष्णा क्षय कहा गया है।[11] **धम्मपद** में निर्वाण को "अमृतपद" कहा गया है। **मज्झिम निकाय** में इसे ही अनुत्तर योग व खेम बतलाया गया है।[12] **उदान** में इसे असंस्कृत[13] एवं **इतिवुत्तक** में अनुत्पन्न और अकृत बतलाया गया है।[14]

---

10 अभिधर्मकोश भाष्य, पृ0 284

11 संयुक्त निकाय, 13/51

12 म0 नि0 1/167

13 उदान, 8/31

14 इतिव0, 431

अंगुत्तर निकाय[15] और **संयुक्त निकाय**[16] में कहा गया है कि सब संस्कृत, असंस्कृत वस्तुओं में वर्त्मच्छेद-तृष्णाक्षय, विराग, निर्वाण अग्र है। आर्य निर्वाण का समाधि में साक्षात्कार करते हैं। इससे यह अनिर्वचनीय है। बुद्ध ने इसे निरोध अव्याकृत किया है।

स्थविरवाद में निर्वाण 'दृष्टधर्म' निर्वाण है। योगी समापत्ति में समावेश कर जिस समय प्रज्ञा का लाभ करता है उसी समय उसे निर्वाण का साक्षात्कार होता है। निर्वाण में दुःख लेशमात्र भी शेष नहीं रहता। निर्वाण सुख ही सुख है। निर्वाण महासमुद्र की तरह अनन्त सुख का भण्डार है क्लेशों से अलिप्त है, शान्ति है, न पैदा होना, न पुराना होना, न मरना और न आवागमन को ही प्राप्त करना है। निर्वाण दुर्विज्ञेय है। अच्छी राह पर चलकर संसार के सभी संस्कारों को अनित्य दुःख तथा अनात्म रूप देखकर सत्त्व प्रज्ञा लाभ से निर्वाण का साक्षात्कार और शान्ति लाभ कर सकता है।

निर्वाण-वैभाषिक मत एवं सौत्रान्तिक मत - इन दोनों मतों में निर्वाण के संबंध में बहुत पहले से वाद-विवाद होता था। वैभाषिक निर्वाण को वस्तु मानते थे, किन्तु सौत्रान्तिकों का कहना था कि निर्वाण अभाव मात्र है। जहाँ वैभाषिकों का साहित्य उपलब्ध है और इसलिये हम वस्तु के पक्ष में उनकी युक्तियां जानते हैं, वहाँ सौत्रान्तिकों के आचार्य कुमारलाभ, श्रीलाभ, महाभदन्त, वसुमित्र आदि के ग्रन्थ अप्राप्य हैं।

जब वैभाषिक कहते हैं कि निर्वाण वस्तु- सत् है, तब उनका यह अर्थ कदापि नहीं है कि निर्वाण एक प्रकार का स्वर्ग है अपितु यह अचैतन्य की सदवस्था है। सौत्रान्तिक वस्तु सत् का विरोध करते हैं। वे महायानवादियों की तरह बुद्ध का धर्मकाय मानते हैं।

वैभाषिक तथा पूर्वनिकाय संसार और निर्वाण दोनों को वस्तु सत् मानते हैं। माध्यमिकों के अनुसार संसार और निर्वाण पृथक्-पृथक् अवस्तु है। सौत्रान्तिकों के अनुसार संसार वस्तु सत् और निर्वाण एक पृथक् धर्म नहीं है। योगाचार या विज्ञानवाद के अनुसार संसार अवस्तु है और निर्वाण वस्तु सत् है।

वैभाषिक मत- वैभाषिक निर्वाण को द्रव्यसत् मानते हैं। इनका कहना है निर्वाण में जो हेतु फल परम्परा का उच्छेद है, वह उच्छेद नहीं बल्कि इस उच्छेद का हेतु निर्वाण का प्रतिलाभ है। वैभाषिक अभिधार्मिकों के अनुसार निर्वाण में अशेषतः क्लेश क्षय हो जाता है। यही आत्यन्तिक निर्वाण है। जब सर्वक्लेश का क्षय और पुनर्भाव की अनुत्पत्ति होती है तब वह सोपाधिशेष निर्वाण कहलाता है। निर्वाण प्राप्ति के ज्ञान का

---

15 अंगुत्तर निकाय, 2/341

16 सं0 नि0 31/12

लाभ ध्यान में होता है जिसे संज्ञावेदित निरोध कहते है। चरम चित्त में प्रवेश ही निरुपाधिशेष निर्वाण है।

वैभाषिक दो प्रकार के धर्म मानते हैं- संस्कृत और असंस्कृत। रूप मन और संस्कार संस्कृत है। आकाश और निर्वाण असंस्कृत है।

चन्द्रकीर्ति वैभाषिक मत के संबंध में कहते हैं कि यदि निर्वाण भाव है तो यह निरोधमात्र नहीं हो सकता। वस्तुतः यह कहा गया है कि निर्वाण में चेतस् का विमोक्ष है। यथा ईन्धन के न होने पर अग्नि का निर्वापन होता है किन्तु हमारे मत में चित्त विमोक्ष या निरोधभावं नहीं है। वैभाषिक उत्तर देते हैं– निर्वाण के क्लेश, जन्म का निरोध, निवृत्ति न समझना चाहिए, किन्तु यों कहना चाहिए कि निर्वाण नाम का धर्म एक वस्तु है, जिसमें क्लेश जन्म का निरोध होता है। अग्नि का निरोध दृष्टान्तमात्र है और व्याख्या यह होनी चाहिए कि यह उस अचेतन वस्तु को निर्दिष्ट करता है, जो अवशिष्ट रह जाता है, जब कि चित्त का विक्षोभ होता है।

इस तरह वैभाषिक निर्वाण को सत् मानते हुए भी अभावात्मक ही मानते हैं, अर्थात् उनके मत में निर्वाण क्लेशाभाव रूप है।

सौत्रान्तिक मत- सौत्रान्तिक निर्वाण को अभाव मानते हैं। इनका मत है कि निर्वाण हेतु फल परम्परा का उच्छेद है। सौत्रान्तिक अतीत और अनागत को भाव नहीं मानते। वे दो प्रकार के धर्म नहीं मानते। वे केवल धर्म लक्षण मानते है। निर्वाण क्लेश जन्म का क्षय है। कोई अचेतन धर्म अवशिष्ट नहीं होता। सौत्रान्तिक आलय विज्ञान के सिद्धान्त को नहीं मानते और न शून्यवाद मानते हैं। सौत्रान्तिक बाह्य जगत् को मायावत् नहीं मानते। वे बुद्ध का धर्मकाय मानते हैं। और यह नहीं मानते कि भगवान के निरनिर्वाण का अर्थ अचेतन निर्वाण में सर्वथा निरोध है। सौत्रान्तिक आकाश के तुल्य निर्वाण का प्रतिवाद करते हैं। वे कहते है कि यह अभावमात्र है क्यों कि जो कुछ है वह हेतु प्रत्ययजनित है, अर्थात् वह संस्कृत प्रतीत्य समुत्पल हेतु प्रभाव है। संस्कृत संस्कार भी है। यह अन्य संस्कृतों का उत्पाद करता है। हेतु फल परम्परा से बाह्य कुछ भी नहीं है। यह परम्परा प्रवृत्ति संसार है। निर्वाण केवल क्लेश का अभाव हैं निर्वाण अभाव मात्र है, अप्रवृत्ति मात्र है। सूत्र भी है- सर्वथा प्रहाण, वैराग्य क्षय, निरोध, दुःख का अत्यन्त अत्यय, अनुत्पाद और अप्रादुर्भाव। यह शान्त प्रणीत है, तृष्णा क्षय निरोध निर्वाण है।

सौत्रान्तिक मानते हैं कि जैसे अग्नि का निर्वाण है वैसे ही चित्त की विमुक्ति है। अग्नि का निर्वाण अग्नि का अत्यय मात्र है। यह द्रव्य नहीं है। यद्यपि संघभद्र आचार्य जो वैभाषिक माने जाते हैं, यहाँ कहते हैं कि अग्नि की इस तरह उपमा देकर यह नहीं कहा जा सकता कि निर्वाण अभाव हैं। यह तो निर्वाण का एक उदाहरण है जो

निरुपाधिशेष निर्वाण की अवस्था द्योतित करता है। राग और चित्त का निरोध होने पर ही निर्वाण में प्रवेश किया जा सकता है।

योगाचार मत - मैत्रेय, आर्यासंग और दिङ्नाग इस वाद के आचार्य हैं। ये महायानवादी हैं और बुद्ध के धर्मकाय में विश्वास रखते हैं। ये चित्त विज्ञान के अतिरिक्त एक आलय विज्ञान मानते हैं, और बाह्य जगत् को आभास मात्र मानते हैं, उसे वस्तु सत् नहीं मानते। हीनयान के विविध धर्मो के स्थान में यह विज्ञानमात्र मानते हैं। अश्वघोष एक आलय विज्ञान मानते हैं। योगाचार के दो निकाय हैं- 1. आर्यासंग का 2. दिङ्नाग का। आलय विज्ञान बीजों का संग्रह करता है। यह ज्ञेय का आश्रय है। शुभ और अशुभ कर्मों का विपाक फल जो संसार का क्षेप करता है, आलय विज्ञान से संगृहीत होता है। आलय विज्ञान को मूल विज्ञान, भवांग विज्ञान भी कहते हैं। आलय विज्ञान सूक्ष्म स्वभाव वाला है और अपने परिणाम से जाना जाता है, क्योंकि आलय विज्ञान सब धर्मो का आश्रय है। यह अनादिकालिक है। इस विज्ञान के होने पर गतियों का और निर्वाण का अधिगम होता है।

विज्ञानवाद जो बौद्ध चिन्तन का चरमोत्कर्ष है, निर्वाण की अपनी विशिष्ट व्याख्या प्रतिपादित करता है। इसमें यह बतलाया गया है कि आलय विज्ञान के होने से संसार की गति होती है एवं निर्वाण की प्राप्ति होती है।[17] विज्ञप्तिमात्रता सिद्धि में कहा गया है कि आलय विज्ञान का जन्मन्तरीय शरीर में प्रतिसंधान तथा उसकी निवृत्ति निर्वाण है।[18] अतएव यह सुनिश्चित है कि संसार तथा निर्वाण दोनों ही आलयविज्ञानाश्रित हैं। आलय विज्ञान की निवृत्ति, ही निर्वाण के रूप में कथित है।[19] निवृत्ति से तात्पर्य नाश से नहीं है।[20] इसका एक विशिष्ट अर्थ है। निवृत्ति व्यावृत्ति एवं परावृत्ति ये तीनों शब्द यहाँ एक ही अर्थ में प्रयुक्त किये जाते हैं। आलय विज्ञान की निवृत्ति एवं परावृत्ति से तात्पर्य यह है कि वह जिस रूप में था अर्थात् अपने प्रभास्वर रूप में पुनः प्रतिष्ठित हो जाये।[21]

आलय विज्ञान के प्रभास्वर होने पर निर्वाण की प्राप्ति हो जाती है। निर्वाण की अवस्था में समस्त क्लेशों की हानि हो जाती है जिससे उसका पुनः उद्भव संभव नहीं हो

---

17 महायानसूत्रालंकार (म0 सू0) पृ0 66

18 विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि - पृ0 84

19 म0 सू0 - पृ0 66

20 आश्रयपरावृत्ति महामते, न नाशः। लंकावतार सूत्र - 2. 32

21 म0 सू0 पृ0 66

सकता। विकल्प मनोविज्ञान की व्यावृत्ति को निर्वाण कहा जाता है।[22] जिस भांति सुवर्ण मल के नष्ट हो जाने पर शुद्ध रूप से चमकने लगता है, उसी भांति चित्त सभी क्लेशों के नष्ट हो जाने पर परम विशुद्ध प्रभास्वर के रूप में स्थित हो जाता है। इसी परम परिशुद्ध चित्त की अवस्था की प्राप्ति ही निर्वाण है।[23]

पालिनिकायों में भी आलय के उन्मूलन से निर्वाण की बात प्रतिपादित की गयी है।[24] सामान्यतः निर्वाण दो प्रकार का बताया गया है – 1. सोपाधिशेष निर्वाण तथा 2. निरुपाधिशेष निर्वाण है।

महायान में निर्वाण की एक अन्य अवस्था अप्रतिष्ठित निर्वाण की मान्य है।[25] यह अर्हत् से उत्कृष्ट अवस्था है। इस दशा में बुद्ध संसार एवं निर्वाण दोनों कल्पनाओं से अत्यन्त ऊपर अवस्थित होता है।

इस प्रकार निर्वाण संसारगत समस्त विषय वासनाओं, क्लेशों आदि के प्रहाण से प्राप्त होता है। इस समय व्यक्ति दोषमुक्त होकर विशुद्ध, निर्मल, एवं प्रज्ञाचित्त हो जाता है। सभी प्रपञ्चों का नाश हो जाने पर शान्ति को प्राप्त करता है। इसलिए निर्वाण को भी शान्ति कहा गया है।[26]

सांख्य की प्रक्रिया में प्रधान और उसके परिणाम वस्तु सत् हैं। योगाचार दोनों को अवस्तु मानता हैं। अपने पूर्ववर्ती माध्यमिकों से उन्होंने सर्वधर्मशून्यता निःस्वभावता ली। क्लेशावरण एवं ज्ञेयावरण के क्षीण होने से सर्वज्ञता की प्राप्ति होती है।[27]

---

22 लं0 सू0, 126 विकल्पस्य मनोविज्ञानस्य व्यावृत्तिर्निर्वाणमुच्यते।

23 विकल्पस्य प्रवृत्तिरनुत्पादो निर्वाणमिति वदामि, लं0 सू0 200

24 अंगुत्तरनिकाय भाग-2, पृ0 31 भाग- 3 पृ0 35

25 प्रतिष्ठायाः परावृत्तौ विभुत्त्वं लभ्यते परम्।
अप्रतिष्ठितनिर्वाणं बुद्धानां चले पदे।। म0 सू0 पृ0 44

26 आविष्टानां कृपया न तिष्ठति मनः शमे कृपालूनां
कुत एव लौकसख्ये स्वजीविते वा भवेत्स्नेहः।।
सर्वस्य हि लोकस्य लौकिके सौख्ये स्वजीविते च स्नेहः। तत्रापि च निःस्नेहानां श्रावक प्रत्येकबुद्धानां सर्वदुःखोपशमे निर्वाणे प्रतिष्ठितं मनः। बोधिसत्त्वानां तु करुणाविष्टत्वान्निर्वाणे अपि मनो न प्रतिष्ठितः। म0 सू0 पृ0 133

27 तदुद्घातात् सर्वज्ञतावाप्तिर्भवतीति। वि0 भा0 सि0 101

इसे ही तथागत का धर्मकाय कहा जाता है। सभी क्लेशों एवं दोषों का क्षय हो जाने से सर्वज्ञता की प्राप्ति होती है। यही बुद्ध का धर्मकाय है। वह सर्वमल रहित, परिशुद्ध सभी धर्मो के व्याप्य, सर्वाकारज्ञता, विशिष्ट विमल विज्ञान है। यह अम्बर की भांति सदागत एवं सर्वगत होता है। इसी को बुद्धत्व कहते हैं।

इस प्रकार योगाचार विज्ञानवाद के अनुवार निर्वाण का स्वरूप है - "आलय विज्ञान" का अपने विमल विज्ञान में रूपान्तरण। अर्थात् एक क्लिष्ट व्यष्टिगत, विज्ञान क्लेश विनिर्मुक्त होकर सर्वमल रहित एवं परम परिशुद्ध विज्ञान में परिवर्तन ही विज्ञानवाद की विमुक्ति है।[28] इस स्थिति में वह आकाश की भाँति स्वच्छ, निर्मल सर्वव्यापी एवं सर्वगत हो जाता है[29] तथा सर्वज्ञ एवं महाकरुणा से सम्पन्न होकर सत्त्वों का कल्याण प्रतिपादित करता है।[30]

माध्यमिक मत - माध्यमिक दर्शन में निर्वाण को परम तत्त्व माना गया है। नागार्जुन के निर्वाण की कल्पना यह है कि निर्वाण न तो प्राप्त किया जा सकता है, नहीं छोड़ा जा सकता है। यह न तो उच्छिन्न होता है और न शाश्वत ही रहता है। न तो विरुद्ध होता है, न उत्पन्न होता है।[31] इस प्रकार निर्वाण परम तत्त्व है एवं इसका कथन विशिष्ट तर्क पर आधृत होकर अभिव्यक्त होता है इसे सर्वप्रपञ्चोपशमं शिवम् के रूप में वर्णित करते हुए अनिवर्चनीय स्वभाव का बताया गया है।[32]

माध्यमिव मत में वस्तु सत् की भिन्न रूप में कल्पना की गयी है। जो अकृत्क है, परत्र निरपेक्ष है जिसका अपना स्वभाव है वह वस्तु सत् है।

हीनयान में संस्कृत धर्म वस्तु सत है। महायान में धर्म संस्कृत होने के कारण परापेक्ष होने के कारण, शून्य स्वभाव शून्य है। हीनयान में राशि, अवयवी, प्रज्ञप्ति सत् है और केवल धर्म वस्तु है। महायान में धर्मशून्य है और केवल धर्मता वस्तु सत् है। वह धर्मता राशियों का सर्व है। महायान में धर्मो का नैरात्म्य है, धर्मकाय है महायान अद्वयवाद है। माध्यमिक मत में प्रतीत्यसमुत्पाद का एक नया अर्थ है। जो निरपेक्ष है,

---

28 द्र0 स्टडीज इन ओरिजिन्स ऑव बुद्धिज्म, पृ0 494, बौद्धधर्मदर्शन आचार्य नरेन्द्रदेव, पृ0 280-300, सम आसपेक्टस ऑव हीनयान इन रिलेशन टू महायान बुद्धिज्म भाग-1, पृ0. 119-204 तुलनीय दीघनिकाय, भाग-1 पृ0 190 मझिम निकाय, भाग-1, पृ0 403

29 म0 सू0 8.15

30 वही पृ0 123, 178-80, बोधिसत्त्वभूमि- पृ0 1, 62-63, 281

31 माध्यमिक कारिका- 25.3

32 मध्यमकवृत्ति (प्रसन्नपदा)

वही वस्तु है, जो परापेक्ष है वह वस्तु नहीं है माध्यमिक का मुख्य विचार धर्मों की शून्यता है। शून्यता का अर्थ स्वभाव शून्य है। एक धर्म का दूसरे धर्म से सम्बन्ध बताये जाने की स्थिति में वह जाना जाता है, अन्यथा वह निरर्थक हो जाता है इसलिये. शून्यता प्रतीत्यसमुत्पाद का समानार्थवाची है।

शून्यता अभावमात्र नहीं है। माध्यमिक प्रतीत्यसमुत्पाद है। नास्तिक नहीं है। जो प्रत्यय के अधीन है शून्य कहलाता है। " अशून्य" अप्रतीत्व समुत्पन्न है। निरवशेष प्रपञ्च के उपक्रम के लिये "शून्यता का उपदेश है।

नागार्जुन हीनयान के परिनिवृत्त तथागत का प्रतिषेध करते हैं, जो नित्य अचेतन वस्तु है। स्वभावतः तथागत नहीं है। तथागत अपने या स्कन्धों के अस्तित्व को प्रज्ञप्त नहीं करते। किन्तु इस प्रतिषेध का यह अर्थ नहीं है कि मोक्ष की कोई आशा नहीं है क्यों कि निष्प्रपंच तथागत का प्रतिषेध नहीं है। बुद्ध के लिये कोई आरोपित व्यवहार नहीं है। शून्य भी व्यवहार के लिये कहते हैं। बुद्ध का साक्षात्कार योगी को प्रातिभ ज्ञान द्वारा होता है। बुद्ध को धर्मतः देखना चाहिए। धर्मता उनका काय है। धर्मता का स्वभाव अवाच्य है। धर्मता के व्यतिरिक्त संसार नहीं है। सब धर्म प्रज्ञापारमिता से परिशुद्ध हो प्रभास्वर होते हैं। बुद्धकाय भूतकोटि में आविर्भूत होता है।

महायान का आदर्श व्यक्तिगत निर्वाण न होकर समस्त संसार को मुक्त कराने का है। वह बोधिसत्त्वयान द्वारा महाकरुणा प्रधान है। बोधिसत्त्व का लक्ष्य केवल अपना लक्ष्य बुद्धत्व प्राप्त करना नहीं किन्तु सहस्रों प्राणियों को बुद्धत्व का लाभ कराना है। इसलिये महायान में असंख्य बुद्धों और बोधिसत्त्वों की कल्पना की गयी है और बोधिचित्त की प्राप्ति के लिये मार्ग बताया गया है। दस भूमियाँ, मुदिता, विमला, प्रभाकारी इत्यादि महायान की विशेष देन है।

महायान में सम्यक् सम्बोधि ही चरम लक्ष्य माना गया है। महायान आत्मार्थ को छोड़कर परार्थ की प्राप्ति के लिये प्रेरित करता है। महायान में बुद्ध ज्ञान सर्वज्ञता, अनुत्तर ज्ञान या "सम्बोधि" जिसे तथता भी कहा गया है, उनके लिये सत्त्व प्रयत्नशील होता है। हीनयान का परमार्थ महायान के लिये संवृत्ति सत्य है। महायान का परमार्थ सत्य वा परिनिष्पन्न सत्य तो केवल धर्म शून्यता है।

इस प्रकार माध्यमिक मत के अनुसार " जो अज्ञात है, जिसकी प्राप्ति नई नहीं है, जो निरुद्ध नहीं है, जो उत्पन्न नहीं है, जिसका विनाश नहीं, जो नित्य भी नहीं है, उसका नाम "निर्वाण" है।[33]

---

33 माध्यमिक कारिका- अध्याय 25, कारिका-2

चाहे हम वैभाषिक मत से जिसके अनुसार (निर्वाण- धर्म में सदा के लिये विज्ञान का निरोध होता है) अथवा सौत्रान्तिक मत से जिसके अनुसार निर्वाण क्लेशाजन्म का अभावमात्र है) दोनों अवस्थाओं में यह कल्पना है कि निर्वाण के पूर्व कोई वस्तु सत् विद्यमान है, जो पश्चात् निरुद्ध होता है। इससे निर्वाण केवल शून्य नहीं है, किन्तु संस्कृत है। माध्यमिकों के अनुसार निर्वाण और संसार में सूक्ष्ममात्र अन्तर नहीं है। हेतु प्रत्यय सामग्री का आश्रय लेकर जो जन्म-मरण प्रबन्ध व्यवस्थापित होता है, वही जब हेतु प्रत्यय की उपेक्षा होती है, निर्वाण व्यवस्थापित होता है।

निर्वाण बौद्ध धर्म का लक्ष्य है। भगवान् ने कहा है जिस प्रकार समुद्र का रस एकमात्र लवण रस है उसी प्रकार मेरी शिक्षा का एकमात्र रस निर्वाण है। भगवान की समस्त शिक्षा निर्वाण प्रापक है।

••

पद्मानन्द महाकाव्य : एक जैन संस्कृत महाकाव्य

श्रीमती शारदा मिश्र
सहरसा (बिहार)

कवि परिचय- **पद्मानन्द** महाकाव्य अमरचन्द्र सूरि की कृति है। ये वायट गच्छ में उत्पन्न योगिप्रवर आचार्य जिनदत्त सूरि के शिष्य थे। राजशेखर सूरि द्वारा निबद्ध **प्रबन्धकोष** नामक ग्रन्थ के चौदहवें प्रबन्ध में इनकी जीवनी का विवरण उपलब्ध होता है। इसके अनुसार इन्होंने अपने गुरु के भक्त कविराज अरिसिंह से सिद्ध सारस्वत मन्त्र प्राप्त किया था। उक्त मन्त्र के जप के प्रभाव से एक रात्रि की नीरव वेला में इन्होंने देखा कि चन्द्रमण्डल से वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती इनके समक्ष अवतीर्ण हुई और उन्होंने अपने कमण्डलु का जल पिलाकर सिद्ध कवि होने तथा राजाओं से सम्मानित होने का वरदान इन्हें प्रदान किया। वरप्राप्ति की महिमा से इन्हें अनल्प कल्पना से समृद्ध कवित्व शक्ति प्राप्त हुई जिसके फलस्वरूप ये "कविसार्वभौम" के रूप में विख्यात हुए।

नयचन्द्र सूरि प्रणीत **हम्मीर चरित** के साक्ष्य से ज्ञात होता है कि अमरचन्द्र सूरि द्वारा रचित **बालभारत** नामक एक दूसरे महाकाव्य में निबद्ध एक श्लोक के भाव सौन्दर्य से मुग्ध होकर समसामयिक कविमण्डली ने इन्हें 'वेणी-कृपाण' का विरुद प्रदान कर सम्मानित किया था। श्लोक इस प्रकार है-

दधिमथन-विलोलल्लोलदृग्वेणिदम्भा-
दयमदयमनङ्गो विश्वविश्वैकजेता।
भवपरिभवकोपत्यक्तबाणः कृपाण-
श्रममिव दिवसादौ व्यक्तशक्तिर्व्यनक्ति।।

प्रस्तुत श्लोक उक्त काव्य में प्रभात वर्णन के प्रसङ्ग में उपलब्ध होता है। प्रातः काल दही मथने में व्यस्त तरुणी के पृष्ठदेश पर शोभायमान कम्पन विलोल वेणी का वर्णन यहाँ काम-कृपाण के रूप में किया गया है जो निःसन्देह कवि की मनोहर कल्पना शक्ति का परिचायक है।

अमरचन्द्र सूरि के स्थितिकाल में गुजरात पर महराज बीसलदेव का आधिपत्य था। इनके कवित्व की ख्याति सुनकर उन्होंने इन्हें बुलवाया और काव्य मर्मज्ञ सभ्यों से अलंकृत राजसभा में आदरपूर्वक आसन प्रदान कर सम्मानित किया। उस अवसर पर महाराज की प्रशस्ति में इन्होंने यह श्लोक पढ़ा-

वीक्ष्यैतद्भुजविक्रमक्रमचमत्कारं निकारं मयि

प्रेम्णो नूनमियं करिष्यति गुणग्रामैकगृह्याशया।
श्रीमद्वीसलदेव! देवरमणीवृन्दे त्वदायोधन-
प्रेक्षाप्रक्षुभिते विमुञ्चति पद्मीरम्भान्न रम्भां हरिः।

'युद्ध भूमि में महाराज बीसलदेव की भुजाओं के पराक्रम का चमत्कार देखकर जब समस्त देवाङ्गनाओं के चित्त उसकी ओर चलायमान हो उठे तो वैसी दशा में अप्सरा रम्भा कहीं मेरी तुलना में रण दर्प से दीप्त व्यक्तित्व वाले इस महाराज वीसलदेव की ओर आकृष्ट होकर मेरे प्यार को ठुकरा न दे, इसी आशङ्का से देवराज इन्द्र अपने आलिङ्गन-पाश से रम्भा को मुक्त नहीं कर पाता है।'

कमनीय उत्प्रेक्षा से अलङ्कृत इस प्रशस्ति को सुनकर सारे विदग्ध सभासद प्रसन्न हो उठे। तत्पश्चात् उस सभा में उपस्थित सोमेश्वर, सोमादित्य, कमलादित्य प्रभृति लब्धप्रतिष्ठ कवियों द्वारा इस नव आगन्तुक कवि को शताधिक समस्याएं दी गईं जिनकी पूर्त्ति इन्होंने अपनी अप्रतिहत प्रतिभा के बल पर शीघ्र ही कर डाली। वहाँ दी गई समस्याओं में एक समस्या इस प्रकार थी- 'गीतं न गायतितरां युवतिर्निशासु।' इस समस्या की पूर्त्ति में इन्होंने निम्नांकित श्लोक की रचना तत्काल की–

श्रुत्वा ध्वनेर्मधुरतां सहसावतीर्णे
भूमौ मृगे विगतलाञ्छन एष चन्द्रः।
मागान्मदीयवदनस्य तुलामितीव
गीतं न गायतितरां युवतिर्निशासु।।

इसका आशय है कि गीत की ध्वनि-माधुरी से आकृष्ट होकर चन्द्रमण्डल में अवस्थित हरिण के सहसा पृथ्वी पर उतर आने पर कलङ्कविहीन चन्द्रबिम्ब कहीं मेरे मुख की समता न प्राप्त कर ले अतएव युवती स्त्रियाँ रात्रियों में गीत नहीं गाया करती हैं।

इस प्रकार नव आगन्तुक कवि अमरचन्द्र सूरि की काव्य प्रतिभा से प्रसन्न होकर महाराज ने इन्हें 'कविं सार्वभौम' की सम्मानोपाधि से पुरस्कृत किया। राजसभा में रहते हुए इन्होंने राज्य के कोष्ठागारिक मन्त्री पद्म के अनुरोध पर **पद्मानन्द** महाकाव्य की रचना की। इस महाकाव्य के प्रत्येक सर्ग की समाप्ति पर इन्होंने उक्त मन्त्री की प्रशस्ति के श्लोक गुम्फित किए हैं।

आबू पर्वत पर अङ्कित एक शिलालेख के आधार पर इनके आश्रयदाता महाराज बीसलदेव का स्थितिकाल तेरहवीं शताब्दी प्रमाणित होता है। अतएव इनकी काव्यकृतियों का समय ख्रीष्टाब्द की तेरहवीं शताब्दी स्थित होता है। इन्होंने **पद्मानन्द**

महाकाव्य के अतिरिक्त **बालभारत, चतुर्विंशति जिनेन्द्र चरित्र, काव्यकल्पलता, काव्यकल्पलतावृत्ति** प्रभृति अनेक ग्रन्थों की रचना की जो विद्वन्मण्डली में सुप्रसिद्ध हैं।

काव्य परिचय- **पद्मानन्द** महाकाव्य में उन्नीस सर्ग हैं। अन्तिम सर्ग प्रशस्ति सर्ग है जिसमें कवि ने अपनी गुरुपरम्परा के वर्णन के अनन्तर अपना परिचय निबद्ध किया है। इस महाकाव्य का प्रारम्भ चौबीस जिनेन्द्रों तथा पुण्डरीक प्रभृति गणधरों के नमस्कार से होता है। इसकी कथावस्तु कलिकाल सर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्र द्वारा प्रणीत **त्रिषष्टि-शलाकापुरुष** नामक ग्रन्थ से ली गई है। इसके नायक आद्य जिनेन्द्र भगवान श्री ऋषभनाथ स्वामी हैं जिनकी प्राच्यभव परम्पराओं के साथ समग्र जीवनी प्रस्तुत महाकाव्य में निबद्ध की गई है।

मानव जीवन के चतुर्विध पुरुषार्थों में सर्वोत्कृष्ट पुरुषार्थ की उपादेयता का प्रतिपादन इस महाकाव्य का मुख्य लक्ष्य है। अतएव इस महाकाव्य में पार्थिव सुखों की क्षणभङ्गुरता तथा जैनमत से अनुमोदित विविध व्रतों की आचरणीयता का वर्णन अत्यन्त ही प्रसन्नमधुर शैली में प्रस्तुत किया गया है जो श्रद्धाशील पाठक के अन्तरङ्ग को परिस्पन्दित किए बिना नहीं रहता है।

जीवन को उदात्त भूमि पर प्रतिष्ठित करने के लिए इस महाकाव्य में धार्मिक विषयों से सम्बद्ध वर्णनों के प्रसङ्ग में धर्म की महिमा (2. 171-174), दान, शील, तप एव भाव के भेद से धर्म का चातुर्विध्य (2. 176), जीवहिंसा का वर्जन, सूनृत वचन, अचौर्य, ब्रह्मानुषङ्ग एवं अपरिग्रह के भेद से पाँच प्रकार के अणुव्रत, दिग्विरति, भोगोपभोगविरति तथा अनर्थ दण्डविरति के भेद से तीन प्रकार के गुणव्रत एवं सामयिक, देशावकाशिक, **पौषध** तथा अतिथि संविभाग के भेद से चार शिक्षाव्रतों को मिलाकर श्रद्धाशीलों के बारह व्रतों के सविस्तार स्वरूप (14. 313), जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध एवं मोक्ष के भेद से नौ प्रकार के तत्त्व (2. 183), दान, शील, तप एवं सद्भाव के आचरण से संसृति के सतत आवर्त्तमान चक्र से त्राण का उपाय (2. 177), साधु साध्वी, श्रावक, श्राविक, ज्ञान, प्रतिमा तथा चैत्य के भेद से सात प्रकार के क्षेत्र (2. 109), कामिनी साहचर्य की निन्दा (3. 113), मोह की क्लेश प्रदता (3. 40-41), जीवन एवं यौवन की अस्थिरता (3. 229), शङ्का, अभिकाङ्क्षा, विचिकित्सा, मिथ्यादृष्टि प्रशंसा तथा मिथ्यादर्शियों की सङ्गति के भेद से सम्यक्त्व के पाँच दूषण, स्थैर्य, प्रभावना, भक्ति, जिनशासन-कौशल तथा तीर्थसेवा के भेद से उसके पाँच भूषण, एवं शम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा तथा आस्तिक्य के भेद से उसके पाँच लिङ्ग (6. 239), जैनदर्शन के दृष्टिकोण से चार्वाक मत, बौद्धमत एवं मायावाद का प्रतिपादनपूर्वक निराकरण (3. 118-175), अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अकिञ्चनत्व के भेद से पाँच प्रकार के महाव्रत (17. 566), अङ्गारक

जीविका, वनजीविका, शकटजीविका, स्फोटक जीविका, भाटकजीविका एवं लाक्षा, रस केश, दन्त तथा विष का वाणिज्य एवं निर्लाञ्छनवृत्ति, यन्त्रनिष्पीडन वृत्ति तथा असती पोषण प्रभृति पन्द्रह खरकर्मों की वर्जनीयता (2. 254-269), क्षमा, मृदुता, सरलता, शुचिता, सत्य, तपश्चर्या, त्याग, अकिञ्चनता एवं ब्रह्मचर्य के भेद से दस प्रकार के साधुधर्म (8. 87), काम, क्रोध, मान, माया तथा मत्सर के भेद से अन्तस के छः वैरी (11.2), क्रोध, मान, माया एवं लोभ के भेद से चार प्रकार के कषाय (12. 40), भगवान जिन की धर्मदेशना (6. 168-173), तथा देवताओं के द्वारा की गई जिनपति की स्तुति. (14. 66-74) प्रभृति विषय यथास्थान वर्णित हुए हैं।

जीवन के लौकिक पक्ष से सम्बद्ध वर्णनों के प्रसङ्ग में स्वयम्प्रभा का सौन्दर्य (4. 42-61), उसे देखकर ललिताङ्ग की कामविह्वलता (4. 63-70), स्वयंप्रभा के निधन पर ललिताङ्ग का विलाप (4. 75-92), सागर का प्रियदर्शन के साथ विवाह (7. 92-100), प्रियदर्शन के साथ अशोकदत्त की कुटिलता (7. 100-109), प्रियदर्शन के द्वारा उसकी भर्त्सना (6. 110-113), कुटिल अशोक दत्त द्वारा ललिताङ्ग के समक्ष स्वयम्प्रभा के चरित्र के सम्बन्ध में मिथ्या कलङ्क वार्त्ता का कथन (7. 116-132), जितेन्द्र ऋषभदेव की बाललीला तथा शारीरिक रूपसम्पदा (8. 74-136), सुनन्दा की रूपमाधुरी (8. 150-170), जिनेन्द्र के विवाह मण्डप का सज्जावैभव (9. 10. 25), उनकी होने वाली सुनन्दा एवं सुमङ्गला नामक वधुओं की प्रसाधन विधि (9. 26-65), वर के रूप में भगवान का आगमन (9. 66-77), विवाह विधि एवं उससे सम्बद्ध मांगलिक आचार (9. 78-107), प्रभु के राज्य में प्रजाजनों की सुखपूर्ण स्थिति (10. 95-120), स्त्रीरत्न की गुणसम्पदा (16. 58-73), तथा राजा भरत के दर्शन से गङ्गा के चित्त में रागावेश का उदय (16. 87-96), अपने पौत्र भरत के गृहत्यागी होने पर मरुदेवी का विलाप (14.116-135) प्रभृति वर्णन उल्लेखनीय हैं।

अलङ्कार शास्त्र कें मानक ग्रन्थों में महाकाव्य के लिए निर्दिष्ट आनुषङ्गिक वर्णनों में से प्रायः सभी वर्णन इस महाकाव्य में उपलब्ध होते हैं। उदाहरणस्वरूप इसके दूसरे, पाँचवें, तेरहवें तथा सत्रहवें सर्गों में विभिन्न नगरों के वर्णन निबद्ध किए गए हैं। पन्द्रहवें सर्ग में गङ्गा एवं समुद्र के अलङ्कृत वर्णन उपलब्ध होते हैं। अट्ठारहवें सर्ग में पर्वत की शोभा का वर्णन किया गया है। सातवें, दूसरे तथा ग्यारहवें सर्गों में वसन्त, वर्षा, ग्रीष्म, शरद, हेमन्त तथा शिशिर के मनोहर वर्णन निबद्ध किए गए हैं। दूसरे, तीसरे तथा नवें सर्गों में सूर्योदय, उपवन विहार, जलक्रीड़ा एवं विवाह के मञ्जुल चित्रण उपलब्ध होते हैं। तीसरे, सत्रहवें तथा दूसरे सर्गों में मन्त्रणा, दूतवार्त्ता, सैन्य प्रस्थान एवं युद्ध के ओजस्वी वर्णनों का समावेश किया गया है।

शान्त रस इस महाकाव्य का अङ्गी रस है। अङ्गभूत रसों के रूप में शृङ्गार, करुण, भयानक, वीभत्स एवं वीर प्रभृति रसों की भी यथा स्थान व्यञ्जना हुई है। अलंकारों में अनुप्रास, अर्थान्तरन्यास, उत्प्रेक्षा, दीपक, दृष्टान्त, रूपक एवं मालोपमा प्रभृति की योजना की गई है जो प्रतिपाद्य विषयवस्तु को कमनीयता प्रदान करने के साथ ही सहज संवेद्यता भी प्रदान करती है। सम्पूर्ण महाकाव्य में प्रयुक्त छन्दों में उपजाति की प्रधानता है। अन्यान्य छन्दों में अनुष्टुप् , आर्या, गीति, द्रुतविलम्बित, पृथ्वी, मन्दाक्रान्ता, शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी प्रभृति छन्द उल्लेखनीय हैं।

इस महाकाव्य में प्रसाद एवं माधुर्य का पर्याप्त परिपाक हुआ है। पद रचना में सरलता एवं मनोहरता का मञ्जुल सामञ्जस्य उपलब्ध होता है। कविधर्म के पालन के लिए आनुषङ्गिक विषयों के वर्णन में स्थान-स्थान पर संलग्न होने पर भी कवि अपने लक्ष्य के प्रति सतत जागरूक हैं। समग्र महाकाव्य में भगवान जिनेन्द्र के प्रति कवि की अविचल श्रद्धा के स्फीत प्रवाह का साक्षात्कार होता है। इस महाकाव्य की शैली से परिचित होने के लिए निम्नोद्धृत कतिपय उदाहरण पठनीय हैं-

जिनेन्द्र की स्तुति-

श्रेयोवल्लिवनाङ्कुराः कुजननश्रेणीपिधानेऽर्गला
मोहद्रोहणमुद्गराः शिवसुखारोहे महारज्जवः।
अंहः संहति जैत्रधर्मविजयस्तम्भाः शुभं भाविनां
पुष्यासुर्वृषभप्रभोः पदनखप्राप्तोदया रश्मयः।।

प्रस्तुत श्लोक प्रथम सर्ग की पुष्पिका के अन्त में रचित श्लोकों में प्रथम है। इसमें कवि आद्य जिनेन्द्र श्री वृषभदेव की स्तुति करता है कि उनके चरणों की नखपंक्ति से विच्छुरित होने वाली किरणें निःश्रेयस् रूपी लता समूहों के अङ्कुर हैं, सांसारिकता में आबद्ध जन्म-जन्मान्तर की परम्पराओं को अवरुद्ध करने में साक्षात् अर्गला स्वरूप हैं, मोह के मर्दन में मुद्गर हैं, स्वार्थमय प्रपञ्चों से परिपूर्ण इस संसार के वातावरण से दूर अति उच्च स्थान पर अवस्थित एकान्त-कल्याणमय सुख तक पहुंच पाने के लिए महान् रज्जुरूप अवलम्ब हैं तथा पापपुञ्जों के अप्रतिभट विजेता धर्म के विजयस्तम्भ हैं। उनके पदयुगल के नखसमूहों से फैलने वाली वे किरणें भक्तों के कल्याण की अभिवृद्धि करें।

धर्म की उपादेयता-

विद्युद्विलासस्थिति जीवितव्यं सन्ध्येव लक्ष्मीः क्षणदृष्टनष्टा।
तरङ्गभङ्गप्रतिमं प्रभुत्वं धर्मस्ततः शाश्वत एव सेव्यः।। (2.174)

मानव का जीवन विद्युच्छटा की भांति अस्थिर है, पार्थिव समृद्धि सान्ध्य राग की भांति क्षणिक है तथा प्रभुता तरङ्गों के समान चञ्चल है। अतएव मानव को चाहिए कि वह एकमात्र शाश्वत धर्म का सेवन करे। इस श्लोक में जीवन, धन एवं प्रभुता के लिये

विद्युत्द्विलास, सन्ध्या तथा तरङ्गभङ्ग जैसे क्रमशः प्रयुक्त उपमान उनकी अस्थिरता को अत्यन्त हृदयङ्गम रूप में उपस्थित करते हैं।

मोह की क्लेशप्रदता -

कैवर्त्तको मांसकणैर्झषानिव, व्याधः सुगीताधिगमैर्मृगानिव।
सूनाधिपो घासलवैरवीनिव, क्रूरो मृदूक्तिप्रकरैर्नरानिव।।
मूर्खः कुपथ्यैरिव रोगयोगिनो, मूढः कुबोधैरिव मुग्धधीयुतान् ।
आपातरम्यैः परिणामदारुणैः, क्लिश्नाति मोहो विषयैः शरीरिणः।। (3.40-41)

इस संसार में क्लेश का कारण है मोह। यह मोह नाना प्रकार के मनुष्यों को क्लेश दिया करता है। मोह की इसी क्लेशप्रदता का वर्णन, नितान्त सरल शैली में इस श्लोकयुग्म में किया गया है। कवि कहता है कि जिस प्रकार मछुआ मांस के टुकड़ों का लोभ देकर मछलियों को फंसा लेता है, व्याध मधुर गीतध्वनि से हरिणों को मोह लेता है, वध्यशाला का स्वामी मुट्ठी भर घास देकर भेड़ों को आकृष्ट कर लेता है, क्रूर हृदय व्यक्ति मुँह पर मीठी बातें कहकर साधारण मनुष्यों को फाँस लेता है, वैद्यक से अनभिज्ञ व्यक्ति कुपथ्यों के द्वारा रोगग्रस्त जनों के रोग को और बढ़ा ही डालता है तथा तत्त्वज्ञान से शून्य व्यक्ति सांसारिकता के उपदेशों के द्वारा मन्दबुद्धि जनों को मायाजाल में उलझा देता है उसी प्रकार मोह, प्रारम्भ में सुखद किन्तु परिणाम में अत्यन्त ही कष्टप्रद विषयसुखों के द्वारा मानवों को प्रलोभित कर भाँति- भाँति के क्लेशों में उन्हें डाल देता है।

कामिनी की निन्दा -

मीनध्वजव्याधविभोर्भवाटवी-
जीवान् किरातीव वधार्थमर्पयेत् ।
मुग्धत्वभाजो भुजकर्णकुन्तल-
प्रोल्लासिपाशैः परिबध्य कामिनी।। (3.113)

नील कमल के समान मोहक नयनों वाली कामिनी ही सांसारिक सुखोपभोग की अधिष्ठात्री देवी है। अतः उसमें जो निविड भाव से आसक्त रहेगा उसके मन में विषय-सुखों से कभी भी विराग उत्पन्न नहीं हो सकेगा। कामिनी कितनी भी सुन्दर क्यों न हो उसकी दुर्निवार मोहिनी में आबद्ध मनुष्य का कभी भी कल्याण सम्भावित नहीं है। वह तो कामदेव रूपी व्याधराज की हिंसारसिक वधू है जो इस दुस्तर संसारकान्तार में विचरण करने वाले भोले-भाले जीवों को अपनी कमनीय भुजाओं एवं विकीर्ण कुन्तलों के अमोघ पाश में बाँध कर अपने पति के पास वध के हेतु समर्पित कर देती है। कामिनी का व्यक्तित्व शबरसुन्दरी के व्यक्तित्व से सर्वथा भिन्न है। अतएव कल्याण के. अभिलाषी को चाहिए कि वह कामिनी का दूर से ही परित्याग करे।

राज्यसुख की हेयता –

श्रीचुम्बिनश्चामरचालिनीनां करक्वणत्कङ्कणझङ्कृतोघैः।
कर्णान्तरे पूर्णतरे क्व मान्तु सूक्तानि सद्बोधविजृम्भितानि। (6.32)

मोक्षमार्ग पर अग्रसर होने वालों के लिए लक्ष्मी सबसे प्रबल अन्तराय है। इसका स्वभाव स्वैरिणी पण्याङ्गना की भाँति है जो लोकोत्तर गुणों से भूषित अपने स्वामी के प्रति भी सतत वैरभाव ही रखती है। ऐसी लक्ष्मी से आश्लिष्ट राजाओं की मति भी. बहुधा भ्रष्ट हो जाती है जिससे प्रबल वात्या के आघात से दीपशिखा की भाँति उनका विवेक लुप्त हो जाता है और वे सदुपदेश से विमुख हो कुमार्गगामी हो जाते हैं। इसे ध्यान में रखकर कवि का कथन है कि राजलक्ष्मी से चुम्बित राजाओं के कर्णकुहर तो चँवर डुलाने वाली युवतियों के मोहक कङ्कणझङ्कार से ही सतत परिपूर्ण रहा करते हैं। फिर, उनमें सम्यक् ज्ञान रूपी अमृत से निषिक्त सूक्तियों के श्रवण के लिए अवकाश ही नहीं रह पाता है। अतएव निःश्रेयस् के एकान्त अभिलाषी के लिए लक्ष्मी का परित्याग ही श्रेयस्कर है।

सत्पुरुष का निकष –

ये यौवने सच्चरिता नितान्तं तेषामहो सत्पुरुषेषु रेखा।
ते तारकाः स्युः प्रसरन्ति पूरे तरङ्गिणीणां तरणक्षमा ये।। (6.62)
स्वयं विकारेषु गतेष्वभावं को वार्धके धर्मरतिं न कुर्यात् ?
ग्रीष्मे विशुष्यत्सलिलां स्रवन्तीं बालोऽपि नो लङ्घयितुं क्षमः किम् ? (6. 63)

इस संसार में सत्पुरुष के रूप में उन्हीं की प्रतिष्ठा हो पाती है जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, मात्सर्य प्रभृति दुर्गुणों के एकमात्र आगार-स्वरूप यौवन वयस् में अपने कायिक, वाचिक एवं मानसिक पवित्रता का पालन करते हुए अपने चरित्र को समुज्ज्वल रखते हैं। वृद्ध-वयस् में रस-रक्तादि धातुओं के शुष्कप्राय हो जाने पर चित्त सहज ही विकारहीन हो जाता है। अतः ऐसी अशक्त अवस्था में किसी भी व्यक्ति का धर्मानुरागी हो जाना आश्चर्यप्रद नहीं कहा जा सकता। इसी विषय को दृष्टान्त के द्वारा हृदयङ्गम रूप से उपस्थित करते हुए कवि ने कहा है कि वर्षा ऋतु के जलाप्लावन से दुस्तर नदियों को तैर कर पार कर जाने वाले व्यक्ति ही तो सच्चे अर्थ में सन्तरण-कुशल कहे जा सकते हैं। ग्रीष्म ऋतु में नदी का प्रवाह स्वतः क्षीण हो जाता है। अतएव सन्तरणकला में सर्वथा अप्रवीण भी उसे अनायास ही पार कर लेता है। कवि की दृष्टि में यौवन वयस् में ही चित्त का शोधन श्रेयस्कर है।

सम्यक् ज्ञान की महिमा –

मोहग्रन्थितमीं विभिद्य भविनां सद्दर्शनोष्णद्युति-
र्यातो यद्युदयं प्रभूतदुरितध्वान्तोपहन्ता ततः।

सन्मार्गाः प्रकटीभवन्ति भुवने भावा यथावस्थितं
भाव्यन्ते शुभवैभवो दिनसमारम्भः समुज्जृम्भते।। (14.210)

संसारी मानव के मन में मोह की अत्यन्त ही दृढ़ ग्रन्थि पड़ी हुई है। इस मोह-ग्रन्थि रूपी कालरात्रि के दुर्भेद्य अन्धकार से उसका जीवन युग-युग से आच्छन्न रहता आया है। सौभाग्यवश उसके जीवन में ऐसा क्षण यदि आता है जब उसे गुरु की देशमा सुलभ हो पाती है तब उसके माहात्म्य से उनकी अन्तरात्मा सम्यक् दर्शन रूपी सूर्य के आलोक से उद्भासित हो उठती है, उसके अशेष कलुषराशि ध्वस्त हो जाते हैं, मोह-ग्रन्थि छिन्न-भिन्न हो जाती है, सन्मार्ग स्वतः आलोकित हो उठते हैं, संसार के सारे पदार्थ अपने यथार्थरूप में दृष्टिगोचर होने लगते हैं, और उसी क्षण से उसके जीवन का मङ्गलमय सुप्रभात उदित होता है।

●●

विशाखदत्त का राजनीतिक चिन्तन

डॉ0 दयाशंकर तिवारी
इलाहाबाद

उन्नीसवीं सदी के अन्त तक विद्वानों का यह मत था कि प्राचीन भारत में राजनीतिक विचारों की केवल एक परम्परा थी, जो धर्म शास्त्रों पर आधारित थी। 1905 ई0 में शाम-शास्त्री द्वारा कौटिल्य निर्मित अर्थशास्त्र की खोज के उपरान्त 20 वीं सदी में विद्वानों ने प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचारों की दो परम्पराओं को माना है जिन्हें क्रमशः धर्मशास्त्र परम्परा और अर्थशास्त्र परम्परा का नाम दिया गया है।[1]

धर्मशास्त्र परम्परा- वेद, ब्राह्मण, उपनिषद् तथा धर्मसूत्रों के विचारों पर आधारित थी। इसमें धर्म को सर्वोपरि स्थान प्राप्त था। धर्मशास्त्र के अन्तर्गत साधारणतया निम्नलिखित बातों पर बल दिया गया था– वर्ण एवं आश्रम व्यवस्था, दो शक्तियाँ (ब्रह्म एवं क्षत्र) प्रजा के कल्याण हेतु राजा द्वारा किये जाने वाले धार्मिक यज्ञ तथा बलि का विधान, पुरोहित का महत्त्व, राजा का रक्षा सम्बन्धी कार्य, कल्याणकारी विधियाँ, कर्म के सिद्धान्त पर आधारित नैतिक और आध्यात्मिक नियम।[2]

अर्थशास्त्र परम्परा- के अन्तर्गत मुख्यतः राज्य और शासन की समस्याओं पर स्वतंत्र रूप से विचार किया गया जिसका सम्बन्ध व्यावहारिक राजनीतिक जीवन से था। डॉ0 वी0 पी0 वर्मा के अनुसार अर्थशास्त्र मौर्य काल की संस्थाओं का वर्णन मात्र नहीं है वरन् यह एक सैद्धान्तिक ग्रन्थ है जिसमें राजतंत्र प्रशासन तथा युद्ध के नियमों का उल्लेख किया गया है।[3] यद्यपि कुछ विचारकों ने यह स्वीकार नहीं किया है कि अर्थशास्त्र परम्परा धर्मशास्त्र परम्परा से स्वतंत्र रूप से विकसित हुई है। जॉली का मत है कि **अर्थशास्त्र** के विचार धर्मशास्त्र के एक भाग के रूप में विकसित हुए और बाद में

---

1 Dr. M. Winternitz-Dharnashastra and Arthashastra, *Sir Ashutosh Memorial Vol.*-pp 25-48, U.N. Ghosal *History of Indian Poltical Ideas*, Prof. A.D. Pant a Critical Study of Arthshastra Tradition.

2 Dr. M. Winternitz-Dharmashastra and Arthashastra in Ashutosha Memorial Vol. pp. 25-48.

3 Dr. V.P. Verma pp. 582-83, Dr. Veni Prasad (Theory of Govt. in Ancient India) pp. 155.

अध्ययन के एक स्वतंत्र विषय बन गये।[4] कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** से ही ज्ञात है कि उनके पूर्व अर्थशास्त्र के कई विद्वान् हो चुके थे। दुर्भाग्य से उनकी रचनायें उपलब्ध नहीं हैं। कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** में कई स्थानों पर अर्थशास्त्र के विद्वानों के मतों का उल्लेख किया गया है जिसमें उशनस्, बृहस्पति तथा मनु के नाम उल्लेखनीय हैं।[5] कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** से यह ज्ञात होता है कि बृहस्पति तथा उशनस् के अनुयायी वेदों को विद्या के रूप में स्वीकार नहीं करते थे[6] जबकि मनु के अनुयायी ने त्रयी को विद्या माना था "त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्चेति मानवाः"।[7] इससे यह स्पष्ट होता है कि अर्थशास्त्र के विचारक जो त्रयी को विद्या के रूप में नहीं मानते थे उनके विचार वेदों पर आधारित धर्मशास्त्रों के विचारों से बिलकुल स्वतंत्र थे। अर्थशास्त्र के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों का उल्लेख विद्वानों ने किया है- चार विद्यायें, दण्डनीति के सिद्धान्त, सप्तांग, राजकुमार की शिक्षा, समय सारिणी, प्रजा की व्यक्तिगत सुरक्षा, अन्तर्राज्यीय सम्बन्ध, विजित राज्यों के प्रति नीति।[8]

कहा जा सकता है कि प्रारम्भ में धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र के विचार एक दूसरे से पृथक् थे, विकास के साथ-साथ ये दोनों विचार एक दूसरे से प्रभावित हुए। कौटिल्य के समय से ये दोनों विचारधारायें एक दूसरे के निकट आने लगीं, जिसके परिणामस्वरूप एक मिली जुली परम्परा का उदय हुआ। यू0 एन0 घोषाल ने स्मृति अर्थशास्त्र परम्परा का नाम दिया है।[9] यही मिली जुली परम्परा **रामायण, महाभारत, मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति**, कालिदास एवं विशाखदत्त की रचनाओं में दृष्टिगोचर होती है।

सप्तांग राज्य की स्थापना का महत्त्व- राज्य का अपना हित राजनीति अब केवल वर्ण धर्म नहीं था इसका स्वतंत्र क्षेत्र राजा के लिए राज्य का हित सर्वोपरि था। बाद के सभी विचारकों ने इसे माना तथा राजनीतिक विचारों को सप्तांग राज्य पर आधारित किया। अतः राजनीतिक विचारों को समझने के लिए सप्तांग राज्य की प्रकृति को समझना आवश्यक है। वेदों या धर्मसूत्रों में सप्तांग राज्य का उल्लेख नहीं किया गया

---

4 Jolly J. *Introduction to the Arthashastra*, Punjab Sanskrit Series Vol. 1 pp. 20, P.V. *Kane History of Dharmashastra* Vol. p. 8.

5 R.P. Kangle *The Kautiliya Arthshastra*, path.3, p.6.

6 कौ0 1:2

7 कौ0 1:2

8 M. Winternitz pp. 25-48

9 Dr. U.K. Tiwari *Political Institutions and Ideas in the Mahabharat*, Introduction p. 25., *History of Indian Political Ideas* p. 158.

था। सप्तांग राज्य का विचार अर्थशास्त्र की देन है। कौटिल्य ने पूर्ववर्ती अर्थशास्त्र के विचारकों का अनुकरण करते हुए राज्य की सात प्रकृतियों का वर्णन किया है- स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दण्ड एवं मित्र।[10] विशाखदत्त ने भी **मुद्राराक्षस** नामक ग्रन्थ में राज्य की सात प्रकृतियों का उल्लेख किया है- क्रूरग्रहः स केतुश्चन्द्रमसम्पूर्ण-मण्डलमिदानीम्।[11]

राजा- राज्य के इन सात अंगों में महत्त्व की दृष्टि से राजा का स्थान सर्वोपरि होता है। विशाखदत्त ने राज्य की प्रकृतियों में राजा को सर्वश्रेष्ठ माना है- स्वामिविरहात् सुशिथिलीकृतप्रयत्नेषु युष्मद्वलेषु। प्राचीन भारतीय ग्रन्थों में राज्य पद की उत्पत्ति के तीन सिद्धान्तों का उल्लेख किया गया था- दैवीय, शक्ति और समझौते का सिद्धान्त। पाश्चात्य विचारकों ने भी राज्य की उत्पत्ति के सम्बन्ध में उक्त सिद्धान्तों का उल्लेख किया है। विशाखदत्त ने राजा को देवपद से अलंकृत करते हुए मत व्यक्त किया है कि देवताओं के समान राजाओं का दर्शन दुर्लभ होता है।[12] उसने इस मत का समर्थन किया है कि राज पद के विकास में सत्य का अंश होता है। **मुद्राराक्षस** में शक्ति द्वारा राज्य की प्राप्ति का वर्णन करते हुए कहा गया है कि "राजा उन सिहों के समान हैं जो सदैव बड़े-बड़े हाथियों पर विजय प्राप्त करते हैं।[13] पाश्चात्य विचारकों ब्लन्शली, डेविड ह्यूम तथा जर्मन इतिहासकार ट्राइट्सके के अनुसार राज्य की उत्पत्ति का कारण शक्ति है। **मुद्राराक्षस** में प्रजा के समक्ष राजा के राज्याभिषेक का अभिलेख किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि विशाखदत्त राजा की नियुक्ति में प्रजा की सहमति का समर्थन करता है। पाश्चात्य सामाजिक समझौते के सिद्धान्त के समर्थकों ने राज्य का आधार व्यक्तियों की सहमति माना है। विशाखदत्त ने राज पद को आनुवांशिक तथा राजा के ज्येष्ठ पुत्र को उसका वैध उत्तराधिकारी माना है।[14]

शिक्षा- धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र दोनों विचारों के अन्तर्गत राजा की शिक्षा का उल्लेख किया गया था। **गौतमधर्मसूत्र** में राजा की शिक्षा के सम्बन्ध में त्रयी एवं

---

10 कौ0 6:1, बेनी प्रसाद पृ. 147

11 मुद्रा0 1:6

12 मुद्रा0 4:4, 2:5

13 मुद्रा0 3:2 2

14 मुद्रा0 2:5

आन्वीक्षिकी को महत्त्वपूर्ण माना गया था।[15] इसी प्रकार कौटिल्य ने **अर्थशास्त्र** में ज्ञान की चार शाखाओं का उल्लेख किया- आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता तथा दण्डनीति।[16] प्राचीन विचार का अनुकरण करते हुए विशाखदत्त ने राजा की शिक्षा के सम्बन्ध में आन्वीक्षिकी दण्डनीति एवं परातिसन्धान आदि विद्याओं का उल्लेख किया है।[17] **मुद्राराक्षस** में अश्व, गज एवं रथ की सवारी करने वाले राजाओं का वर्णन मिलता है। कौटिल्य के समान विशाखदत्त भी विद्याओं के अभ्यास की आवश्यकता को स्वीकार करते हैं।[18]

व्यसन- कौटिल्य के **अर्थशास्त्र** में सर्वप्रथम राजा के व्यसनों का क्रमबद्ध एवं विशद उल्लेख किया गया था। विशाखदत्त ने राजा के व्यसनों का उल्लेख किया है। **मुद्राराक्षस** में काम भावना से ग्रसित राजा पर्वतेश्वर का उल्लेख मिलता है जो विषकन्या के द्वारा मारा जाता है।[19]

समय सारिणी- राजा के निश्चित कार्यक्रम का उल्लेख सर्वप्रथम **अर्थशास्त्र** में किया गया था। कौटिल्य ने राजा के दिन और रात्रि के कार्यों को आठ भागों में विभक्त किया था। विशाखदत्त ने मुद्राराक्षस में-अर्द्धरात्रसमये, मध्याह्नात्, जैसे शब्दों का प्रयोग किया है जिससे प्रतीत होता है कि राजा अपने दिन और रात के कार्यों को विभक्त करते हुए निश्चित कार्यक्रम के अनुसार कार्य करता है।[20]

राजा के कार्य- राजा के कार्यों का उल्लेख धर्मग्रन्थों एवं **अर्थशास्त्र** दोनों में किया गया था। कौटिल्य ने राजा को ही राज्य कहा था।[21] विशाखदत्त ने शत्रुओं से प्रजा की रक्षा करना राजा का सर्वप्रथम कर्तव्य माना है।[22] उसके अनुसार वर्ण एवं आश्रम की रक्षा करना राजा का कर्तव्य है। **मुद्राराक्षस** में यह स्वीकार किया गया है कि समाज

---

15 गौतम 11:3

16 कौ0 1:2

17 मुद्रा0 अंक 1, पृ. 86

18 मुद्रा0 4:7, 6:9

19 मुद्रा0 अंक 2, पृ. 180

20 मुद्राराक्षस अंक 2, पृ.179

21 कौ. 8.2

22 मुद्राराक्षस 4.6

द्वारा स्वीकृत परम्पराओं का निर्वाह करना महापुरुषों का कुल धर्म है।[23] विशाखदत्त ने ऐसे न्यायपरायण राजा का उल्लेख किया है जो न्याय और अन्याय के मध्य अन्तर करते हुए (लोकस्य परीक्षकाः) निर्णय देता है। उसने दण्ड के क्षेत्र में मध्यम मार्ग को उचित माना है। **मुद्राराक्षस** में उल्लेख मिलता है कि राजलक्ष्मी उग्र स्वभाव वाले राजाओं से उद्विग्न हो जाती है तथा मृदु स्वभाव वालों के पास अपमानित होने के भय से नहीं जाती है- तीक्ष्णादुद्विजते मृदौ परिभवत्रासान्न।[24] विशाखदत्त ने राजा के कल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया है। **मुद्राराक्षस** में राजमार्ग तथा राजकीय उद्यानों का उल्लेख मिलता है जिनका निर्माण राजा प्रजा के हित को दृष्टि में रखते हुए करता है। राजा नन्द दुःखी स्त्रियों के कष्टों का निवारण करता है तथा शरण में आये हुए अनाथ लोगों की सहायता करता है।[25] विशाखदत्त ने अपने विचारों में जिस राजतंत्रात्मक व्यवस्था का उल्लेख किया है उसमें लोक कल्याणकारी राज्य के तत्त्व दिखायी पड़ते हैं।

मंत्री- राज्य के सात अंगों में मंत्री का स्थान दूसरा है। **अर्थशास्त्र** में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि राजा अकेले राज्य का संचालन नहीं कर सकता-सहायसाध्यं राजत्वं चक्रमेकं न वर्तते।[26] विशाखदत्त ने शासन कार्य के संचालन में मंत्रियों के योगदान का उल्लेख किया है। **मुद्राराक्षस** में इसका वर्णन मिलता है कि विषम परिस्थितियों में दृढ़ रहने वाला राजा अपने विश्वासपात्र मंत्रियों की सहायता से कठिन राज्य भार को धारण करता है।[27] **मुद्राराक्षस** में एक से अधिक मंत्रियों का उल्लेख मिलता है (मन्त्रिणः)[28]। इससे यह संकेत मिलता है कि शासन कार्य के संचालन के लिए एक मन्त्रि-परिषद् थी जिसके सदस्यों की संख्या आवश्यकता के अनुरूप होती थी। विशाखदत्त ने मंत्रियों के विभिन्न गुणों का उल्लेख किया है- विवेकशीलता, राजा के प्रति दृढ़ भक्ति, निःस्वार्थता, पराक्रम एवं राजनीति का ज्ञान।[29]

---

23 मुद्राराक्षस 2.18
24 मुद्राराक्षस 3.5
25 मुद्राराक्षस 3.10, 6.9, 6.18
26 कौ. 17
27 मुद्राराक्षस 3.3
28 मुद्राराक्षस 3.12, 4.8
29 मुद्राराक्षस 1.14, मुद्रा अंक पृ.-93, मुद्रा 1.23

उपधा- धर्म, अर्थ एवं काम तथा भय की विभिन्न दशाओं में मंत्रियों की परीक्षा लेने का विचार अर्थशास्त्र के विद्वानों ने व्यक्त किया था। **मुद्राराक्षस** में अमात्य राक्षस की विविध प्रकार की परीक्षा लिये जाने का उल्लेख मिलता है। जहाँ तक मंत्री के धर्म का प्रश्न है, मंत्री का धर्म राजा के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने कर्तव्य का पालन करना माना गया है। इस दृष्टि से अमात्य राक्षस अन्त तक नन्दवंश के प्रति निष्ठावान् बना रहता है- पृथिव्यां स्वामिभक्तानां प्रमाणे परमे स्थितः।[30]

अर्थशास्त्र परम्परा के अन्तर्गत मंत्रणा की गोपनीयता पर बल दिया गया था।[31] विशाखदत्त ने कौटिल्य के समान इस मत का उल्लेख किया है कि राजा की सेवा वही व्यक्ति कर सकता है जो स्वराष्ट्र चिन्तन के उपायों को जानता है, जो राज्यमण्डल के मर्म को समझता है एवं मंत्रणा को गुप्त रख सकता है।[32] **मुद्राराक्षस** में उल्लेख मिलता है कि मंत्रिमण्डल द्वारा जो निर्णय लिया जाता है वह राजा की स्वीकृति के लिए भेजा जाता है- "आपकी सिद्धि सचिवायत है अतः फल का पता लगाने से आपका क्या प्रयोजन है।[33]

सप्तांग के अन्तर्गत कौटिल्य ने **अर्थशास्त्र** में राज्य को पुर और जनपद में इन दो प्रमुख क्षेत्रों में विभक्त किया था तथा इन दोनों क्षेत्रों में पृथक्-पृथक् शासन व्यवस्था की योजना प्रस्तुत की थी। राज्य के प्रमुख अंग के रूप में कौटिल्य ने कोष के महत्त्व को प्रतिपादित किया था। राज्य के सम्पूर्ण व्यापार कोष पर निर्भर होते हैं अतः राजा को सर्वप्रथम कोष पर ध्यान देना चाहिए-"अर्थ एव प्रधानः इति कौटिल्यः"। सप्तांग परम्परा में कोष और मित्र को राज्य के अन्य अंगों के रूप में उल्लेख किया गया था। विशाखदत्त के विचारों में राज्य के सप्तांग के रूप में पुर, जनपद, कोष, बल और मित्र का विशद रूप से उल्लेख किया है। **मुद्राराक्षस** में अश्व बल, गज बल, रथ बल तथा पैदल सेना का अनेक स्थानों पर उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार पुर और जनपद के निर्माण एवं जनपद के प्रशासन एवं निर्माण के सम्बन्ध में **मुद्राराक्षस** में विचार व्यक्त किया गया है। उसने राज्य की समृद्धि, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था की दृष्टि से कोष को आवश्यक माना है। राजा नन्द के विशाल कोष का उल्लेख **मुद्राराक्षस** में मिलता है।

---

30 मुद्राराक्षस 2, 22

31 कौ. 1, 15

32 मुद्राराक्षस 2, 1

33 मुद्राराक्षस अंक 3, पृ. 267

विशााखदत्त का यह विचार है कि कोष का दुरुपयोग करने पर राज्य का विनाश हो जाता है।

अन्तर्राज्यीय सम्बन्ध- अर्थशास्त्र परम्परा में अन्तर्राज्यीय सम्बन्धों को अत्यन्त महत्त्व दिया गया था। डॉ0 सुरेन्द्र नाथ मित्तल ने लिखा है कि कौटिल्य **अर्थशास्त्र** का चौथाई भाग- **मनुस्मृति** में न्याय व्यवस्था को छोड़कर शेष राज्य व्यवस्था का चौथाई भाग, **शुक्रनीति** का बीसवाँ भाग तथा **अग्नि पुराण** का पाँचवाँ भाग अन्तर्राज्यीय सम्बन्धों से जुड़ा हुआ है।[34] अर्थशास्त्र के विचारकों ने अन्तर्राज्यीय सम्बन्धों में चक्रवर्ती राजा के आदर्श स्वरूप का उल्लेख किया था। इसकी प्राप्ति के दो प्रमुख साधन माने थे।

(1) मण्डल (2) षड्गुण्यनीति तथा चार उपाय

मण्डल के अन्तर्गत मूल रूप से चार राजाओं का उल्लेख किया गया था- विजिगीषु, शत्रु, मध्यम एवं उदासीन।[35] **मुद्राराक्षस** में विजिगीषु राजा का आदर्श प्रस्तुत किया गया है। इसमें गंगा के जल से शीतल होने वाली हिमालय की चोटियां तथा अनेक रंगों वाले रत्नों से शोभायमान समुद्र तक चन्द्रगुप्त के राज्य की सीमाओं के विस्तार की कामना की गई है।[36] विशाखदत्त ने इस बात पर बल दिया है कि साधारण व्यक्तियों के समान राजाओं को शत्रु या मित्र नहीं बनाना चाहिए क्यों नीतिशास्त्र के नियमानुसार प्रयोजनवश मित्र शत्रु बन जाते हैं तथा शत्रु मित्र बन जाते हैं।[37]

षड्गुण्यनीति- अर्थशास्त्र के विचारकों ने विजय की कामना करने वाले राजा के लिए अपनी शक्तियों के विस्तार के साथ षड्गुण्यनीति के प्रयोग पर बल दिया था इसके अन्तर्गत-सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय एवं द्वैधीभाव का उल्लेख किया था।[38] **मुद्राराक्षस** में यह उल्लेख मिलता है षड्गुणों के संयोग से सुदृढ़, चारों उपायों से संगठित नीति कभी असफल नहीं होती है।[39]

---

34 मित्तल पृ. 353
35 मनु 7.155, 156, कामन्दक 8.20
36 मुद्राराक्षस 3.19
37 मुद्राराक्षस 5.8
38 कौ. 7.1, मनु 7.160
39 मुद्राराक्षस 6.4

उपाय- अन्तर्राज्यीय सम्बन्धों के संचालन में साम, दान, दण्ड एवं भेद इन उपायों का महत्त्व **अर्थशास्त्र** में प्रतिपादित किया गया था।[40] विशाखदत्त ने भी इन उपायों का उल्लेख किया है।[41] **मुद्राराक्षस** में वर्णन मिलता है कि दाननीति द्वारा मित्रों के मण्डल का विस्तार किया जा सकता है। अमात्य राक्षस धन देकर ऐसे लोगों की नियुक्ति करता है जो अवसर पाकर शत्रु राजा की हत्या एवं उसके राज्य में अशान्ति पैदा करने का प्रयत्न करते हैं।[42] विशाखदत्त ने विविध रूपों में प्रयुक्त होने वाली दण्डनीति का उल्लेख किया है- मेरे साथ पढ़ने वाला इन्दू शर्मा नामक ब्राह्मण है जो शुक्राचार्य की बनाई गई दण्डनीति में पारंगत है।[43] **मुद्राराक्षस** में भेदनीति में कुशल शत्रुओं का उल्लेख मिलता है।[44]

गुप्तचर व्यवस्था- अर्थशास्त्र के विचारकों ने आन्तरिक शान्ति एवं सुरक्षा तथा अन्तर्राज्यीय सम्बन्धों के संचालन की दृष्टि से गुप्तचरों के महत्त्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया था।[45] विशाखदत्त ने भागुरायण, जीवसिद्धि, छपणक, जैसे गुप्तचरों का उल्लेख किया है जो विभिन्न प्रकार का वेश धारण कर राज्य में विचरण करते हैं।[46] शत्रु को दुर्बल बनाने एवं उसकी नीतियों का ज्ञान प्राप्त करने तथा शत्रु राज्य में असन्तोष उत्पन्न करने का कार्य गुप्तचर करते हैं। समकालीन राजनीतिक चिन्तन के अन्तर्गत भी पाश्चात्य विचारकों ने गुप्तचरों के उक्त प्रकार के कार्यों का उल्लेख किया है। अनेक देशों में गठित गुप्तचर संस्थायें अपने राज्य के हितों को प्राप्त करने के लिए उपरोक्त प्रकार के कार्यों को करती हैं।

कूटनीति- अन्तर्राज्यीय सम्बन्धों के संचालन में कूटनीतिक साधनों के महत्त्व का विचार अर्थशास्त्र की देन है। कौटिल्य ने कूटनीतिक साधनों के अन्तर्गत-माया, उपेक्षा एवं इन्द्रजाल का उल्लेख किया था। विशाखदत्त ने अर्थशास्त्र के विचारकों के समान कूट युद्ध पर बल दिया है। जीर्णविष नामक गुप्तचर कहता है "बड़े आश्चर्य की बात है,

---

40 कौ. 1.14, मनु 7.109, याज्ञ 1.346

41 मुद्राराक्षस 6.4

42 मुद्राराक्षस अंक 3, पृ. 199

43 मुद्राराक्षस अंक 1, पृ. 86

44 मुद्राराक्षस अंक 2, पृ. 224

45 कौ. 1.11

46 मुद्राराक्षस अंक 1, पृ. 86

एक ओर चाणक्य की कूटनीति का अनुकरण करते हुए चन्द्रगुप्त को देखता हूँ तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानों अमात्य राक्षस के प्रयत्न असफल हो रहे हैं।[47] कूटनीतिक उपायों का उल्लेख धर्मशास्त्रों में नहीं किया गया था, विशाखदत्त के ये विचार अर्थशास्त्र से प्रभावित थे।

निष्कर्ष- विशाखदत्त के राजनीतिक विचारों का अध्ययन करने से यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने धर्मशास्त्र की सामाजिक व्यवस्था तथा अर्थशास्त्र के राजनीतिक विचारों के बीच सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयत्न किया है। कौटिल्य के पश्चात् जिस मिश्रित परम्परा की स्थापना हुई विशाखदत्त में उसकी प्रतिच्छाया दिखाई पड़ती है। किन्तु उसके राजनीतिक विचार धर्मशास्त्र परम्परा की अपेक्षा अर्थशास्त्र परम्परा की ओर अधिक झुके हुए प्रतीत होते हैं। विशाखदत्त ने राज व्यवस्था के संचालन की दृष्टि से गुप्तचर व्यवस्था एवं कूटनीतिक साधनों के प्रयोग पर अधिक बल दिया है।

●●

---

47 मुद्राराक्षस अंक 2, पृ. 148

प्रातिशाख्य तथा शिक्षा ग्रन्थों में स्वरभक्ति-विवेचन

डॉ० मानसिंह

कुरुक्षेत्र

'स्वरभक्ति' शब्द की व्याख्या तीन प्रकार से की गई है :

(१) स्वर-वर्ण के द्वारा भक्ति अर्थात् विभाग या विभक्त करना- "स्वरेण स्वरवर्णेन भक्तिर्विभाग:" (भक्ति: = भज विश्राणने)।[१] प्राय: रेफ अथवा लकार के पश्चात् व्यंजन आने पर रेफ अथवा लकार के उच्चारण में असुविधा होती है, जिसे दूर करने के लिए कुछ विशेष परिस्थितियों में एक अतिह्रस्व स्वर-वर्ण का आगम कर संयुक्त व्यंजन को दो भागों में विभक्त कर लिया जाता है, जिससे उनका उच्चारण सुकर हो जाता है। यही 'स्वरभक्ति' है। यथा- बर्हि: (वा० सं० २१.४८) = बर् (ऋ) हि:, उर्प बल्हाम् (वा० सं० २३.५१) = उर्प बल् (ऌ) हाम्।

(२) स्वर-वर्ण का भाग अथवा अंश - "स्वरस्य स्वरवर्णस्य भक्तिर्भागोऽवयव एकदेशो वा स्वरभक्ति:" (भक्ति: = भजि भाषार्थ:)।[२] एकमात्राकालयुक्त ह्रस्व स्वर-वर्ण का स्वरभक्ति वाला अतिह्रस्व स्वर-वर्ण कुछ भाग अथवा अंश (अर्द्ध चतुर्थ अथवा अष्टम मात्रा) होने से उसे 'स्वरभक्ति' संज्ञा से अभिहित किया जाता है। सोमयार्य ऐसा ही मानते हैं।[३]

(३) स्वर-वर्ण के समान भक्ति अर्थात् धर्म वाली - "स्वरस्यैव भक्तिर्धर्मो यस्या: सा स्वरभक्ति:" (भक्ति: = भज सेवायाम् ; भज्यत इति)। संयुक्त व्यंजन के मध्य में उच्चरित यह अतिह्रस्व स्वर स्वर-वर्ण के समान धर्म वाला होने से स्वरभक्तिसंज्ञक होता है। गार्ग्य गोपालयज्वा ने ऐसा ही स्वीकार किया है।[५]

---

१. माधवीया धातुवृत्ति, चुरादिगण, १७६ (भाजयति)।

२. सैव, चुरादिगण, १९५ (भनक्ति)।

३. 'तैत्तिरीय-प्रातिशाख्य, २१.१५ पर 'त्रिभाष्यरत्न': स्वरस्य भक्ति: स्वरभक्ति:। योऽस्य रेफस्य समानकरण: स्वर: तद्भक्ति: स्यात्। ऋकारश्चास्य जिह्वाग्रकरणत्वेन रश्रुत्या चसमानधर्म:। भक्ति: अवयव: एकदेश इति यावत्।

४. माधवीया धातुवृत्ति, भ्वादिगण, ७.२० (भजति)।

५. 'तैत्तिरीय-प्रातिशाख्य', २१.१५ पर' वैदिकाभरणं: भज्यत इति भक्ति: धर्म:। स्वरस्येव भक्तिर्यस्य स तथोक्त: स्वरधर्मो भवतीति यावत्।

स्वरभक्ति के स्थल -

स्वरभक्ति कहाँ-कहाँ होती है, इस विषय में पर्याप्त मतभेद है:

(१) 'याज्ञवल्क्यशिक्षा' के अनुसार रेफ तथा लकार के बाद में यदि ऐसे ऊष्म (श, ष, स तथा ह) हों जिनके कि परे स्वर-वर्ण हों तो (रेफ तथा ऊष्म के मध्य) स्वरभक्ति होती है।[६] स्वरभक्ति के परिणामस्वरूप रेफ तथा लकार का उच्चारण एकारसहित ('रे' तथा 'ले' के रूप में) होता है।[७] यथा - 'दर्शतम् '(वा० सं० ३८.१७) = 'दरेशतम् '; शतवल्शः '(वा० सं० ५.४३) = 'शतवलेशः'। रेफ तथा लकार से सम्बद्ध स्वरभक्ति और रेफ एवं लकार के एकारसहित उच्चारण का विधान 'केशवी-शिक्षा,[८]' 'लघुमाध्यन्दिनीया-शिक्षा',[९] 'स्वरभक्तिलक्षणशिक्षा'[१०] तथा 'वर्णरत्नप्रदीपिका-शिक्षा'[११] में भी किया गया है।

'वाजसनेयि-प्रातिशाख्य' में 'स्वरभक्ति' शब्द के प्रयोग के बिना ही तद्विषयक नियम का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि बाद में स्वरपरक ऊष्म-वर्ण होने पर रेफ तथा लकार सर्वत्र (क्रमशः) ऋ-वर्ण तथा ऌ-वर्ण (के सदृश) ध्वनियों से व्यवहित हो जाते हैं।[१२]

आचार्य शौनक के अनुसार स्वरपूर्व तथा व्यंजनपरक रेफ के बाद में ऋ- वर्णात्मक स्वरभक्ति उत्पन्न होती है।[१३] यथा- 'यदुद्य कर्हि कर्हि चित् (ऋ० ८.७३.५) में प्रयुक्त 'कर्हि पद का उच्चारण होगा - 'कर् (ऋ) हिं; अर्चन्त्यर्कमर्किणः (ऋ.१.१०.१) का उच्चारण होगा-

---

६. याज्ञवल्क्यशिक्षा (सं० अमरनाथ शास्त्री, काशी, वैक्रमाब्द २०१९), वर्णप्रकरण, १७ कः
रलाभ्यां पर ऊष्माणो यत्र स्युः स्वरितोदयाः (स्वरोदयाः?)।
स्वरभक्तिरसौ ज्ञेया पूर्वमाक्रम्य पठ्यते॥

७. सैव, वर्णप्रकरण, १९; लघुमाध्यन्दिनीया-शिक्षा, १०; २८: ऋकारः खलु सर्वत्र ह्येकारसदृशो भवेत्।

८. पद्य ४ (शिक्षासङ्ग्रहः, सं० रामप्रसादत्रिपाठी, सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालय, वाराणसी, १९८९)।

९. पद्य १०, ११, २८ (शिक्षासङ्ग्रहः , पृ० ९३-९४, ९५)।

१०. पद्य १८ (शिक्षासङ्ग्रहः, पृ० १४४)

११. पद्य ५२-५५ (शिक्षासङ्ग्रहः, पृ.१००)

१२. ४.१७: रलावृलृवर्णाभ्यामूष्मणि स्वरोदये सर्वत्र।

१३. ऋक्प्रातिशाख्य, ६.४६ : रेफात्स्वरोपहिताद्व्यञ्जनोदयादृकारवर्णा स्वरभक्तिरुत्तरा।

अर् चन्त्यर (ऋ) (ऋ) कमुर् (ऋ) किर्णः। यद्यपि आचार्य शौनक ने रेफ के बाद में ही स्वरभक्ति का विधान किया है, यह विधान नहीं किया कि लकार के बाद में भी स्वरभक्ति का आगम होता है तथापि भाष्यकार उवट ने ऋक्प्रातिशाख्य ६.५२ के अपने भाष्य में 'जल्हवः' पद को स्वरभक्ति के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है और १.३.२ के भाष्य में स्पष्टतः यह कहा है कि स्वरभक्ति रेफ अथवा लकार से सम्बद्ध होती है, रेफ के बाद वाली स्वरभक्ति रेफसदृश होती है तथा लकार के बाद वाली लकारसदृश ।[१४] इस प्रकार शतवल्शः (ऋ ३.८.११) तथा जल्हवः (ऋ ८.६१.११) के उच्चारण में स्वरभक्ति लकार के सदृश अर्थात् ऌवर्णरूपा होगी। भाष्यकार उवट का लकार के बाद में स्वरभक्ति की सत्ता मानना सर्वथा संगत प्रतीत होता है, क्योकि रेफ तथा लकार का घनिष्ठ सम्बन्ध है, अतः एक के विषय में विहित नियम दूसरे पर भी लागू होता है।[१५]

